आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या 12:19 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 54, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार





वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना 15

मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान 16


## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 48.5 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत 6.3 प्रतिशत की कटौती के बाद मंगलवार को इस साल के निचले स्तर पर आ गई। वहीं, तेल कंपनियों ने होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलोग्राम) की कीमत में 48.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। 48.5 रुपये बढ़ने के बाद 1,740 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर हो गई है।

### आरती सरीन बनीं सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की डीजी

**नई दिल्ली।** शल्य चिकित्सक वाइस एडमिरल आरती सरीन ने मंगलवार को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) का महानिदेशक पद संभाल लिया। वह यह पदभार संभालने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। महानिदेशक सशस्त्र बलों से संबंधित समग्र चिकित्सा नीति मामलों के लिए सीधे रक्षा मंत्रालय के प्रति उत्तरदाई हैं। वह एएफएमसी पुणे की पूर्व छात्रा हैं और उन्होंने दिसंबर 1985 में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में कार्यभार संभाला था।

### बंगाल में जूनियर डॉक्टर फिर हड़ताल पर गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों ने सभी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से मंगलवार को फिर से अनिश्चितकाल के लिए काम पूरी तरह बंद कर दिया। उनका कहना है कि हम पर हमले हो रहे हैं।

# नशा और स्मार्ट फोन छोड़ बहाएं पसीना तो नौकरियों की होगी बारिश

## पेरिस ओलंपिक-पैरालंपिक के पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री ने दिए 22.70 करोड़ के पुरस्कार

- कहा, सम्मानित करने के साथ पदक विजेताओं को सरकार बनाएगी राजपत्रित अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को 22.70 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देते हुए नवोदित खिलाड़ियों को सचेत भी किया। कहा कि नशा और स्मार्ट फोन से दूर रहकर बड़ा खिलाड़ी बनने को जितना पसीना बहाएंगे, उतना ही नौकरियों के साथ धन की बारिश भी होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि युवा पीढ़ी के लिए स्मार्ट फोन आज सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने को सचेत किया। कहा कि नशा नाश का कारण है। जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। योगी ने कहा कि युवा खुद को तैयार करें। उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सरकार प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक खेल की सुविधाएं विकसित कर रही है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतीक चेक सौंपते मुख्यमंत्री योगी।

### राजपत्रित अधिकारी बनेंगे पदक विजेता खिलाड़ी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान समारोह में आए खिलाड़ियों की प्रेरक कहानी भी साझा की। कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को धनराशि आवंटन में पीछे नहीं है। सरकार ने खेलों में देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने बनाने का निर्णय लिया है। 2 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 2 नायब तहसीलदार, 1 माल कर अधिकारी और 2 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण अधिकारी बनेंगे।

### सरकार ने खिलाड़ियों को बनाया करोड़पति

पेरिस पैरालंपिक-2024 में गौतमबुद्ध नगर के प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, उन्हें 6 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई। कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में शामिल वाराणसी के ललित उपाध्याय और गाजीपुर के राजकुमार पाल को एक-एक करोड़ रुपये दिए। पैरालंपिक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई और इटावा के अजीत सिंह को 4-4 करोड़ की धनराशि दी गई। 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल को 4 करोड़ और 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली गाजियाबाद की सिमरन को 2 करोड़ रुपये दिए गए। इसके अलावा पारुल चौधरी, अनु रानी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी, साक्षी कसाना, दीपेश कुमार व यश कुमार को प्रतियोगिता में भाग लेने पर 10-10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। पदक विजेताओं के प्रशिक्षक भी सम्मानित हुए।

### एसआईटी ने रोकी लड्डू प्रसाद मामले की जांच

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के डीजीपी द्वारका तिरुमाला राव ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तिरुपति के लड्डू में पशु वसा के कथित मिलावट मामले की जांच अस्थायी रूप से रोक दी है, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राव ने कहा कि पिछले दो दिनों में एसआईटी ने खरीद और नमूनाकरण प्रक्रियाओं की जांच की है तथा यह समझने की कोशिश की है कि लड्डुओं में मिलावट कैसे संभव है। डीजीपी ने कहा कि सबसे पहले उन्हें (एसआईटी को) प्रक्रिया को समझना होगा, उसका अध्ययन करना होगा।

### भारत में नजर नहीं आएगा सूर्यग्रहण

**नैनीताल।** बुधवार को लगने जा रहा साल का दूसरा सूर्यग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण रात 9.13 बजे शुरू और सुबह 3.17 बजे समाप्त हो जाएगा। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि ग्रहण की तीव्रता पर सूर्य का लगभग 93 प्रतिशत बीच का हिस्सा ढक जाएगा। दक्षिण अमेरिका के चिली और अर्जेंटीना में ग्रहण दिखेगा। आंशिक सूर्य ग्रहण अंटार्कटिका, उत्तरी अमेरिका, अटलांटिक और प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा।

# जल निगम के पांच रिटायर अफसरों के ठिकानों पर छापा

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस ने की कार्रवाई
- मकान, कृषि भूमि, फ्लैट, गाड़ियों के पेपर और जेवर बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) लखनऊ की टीम ने मंगलवार दोपहर जल निगम की इकाई कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) के सेवानिवृत्त पांच अभियंताओं के घरों पर छापा मारा। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। इन सेवानिवृत्त अभियंताओं में से तीन अपनी तैनाती के समय परियोजना प्रबंधक भी थे। पूर्व में इनके खिलाफ शासन के आदेश पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज हुआ था। एफआईआर के बाद विजिलेंस ने इनसे कई दस्तावेज मांगे थे लेकिन ढुलमुल रवैया देख अदालत से सर्च वारंट लेकर यह कार्रवाई की।

जल निगम के अफसरों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के लगभग 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। मंगलवार को विजिलेंस टीम ने इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में छापेमारी की। लगभग आठ घंटे तक चले छापे में मकान, खेती की ज़मीन, फ्लैट, गाड़ियों के कागजात, करोड़ों की अघोषित संपत्ति में निवेश, म्यूचुअल फण्ड, बीमा पॉलिसी, पोस्ट ऑफिस निवेश के कागजात और लैपटाप, जेवरात बरामद हुए हैं। विभिन्न बैंक के खाते एवं बैंक लॉकर के प्रपत्र भी हासिल हुए हैं। दरअसल, साल 2020 में सीएंडडीएस के इन अभियंताओं के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें शासन को मिली थी। इन्हें गंभीरता से लेते हुए शासन ने 12 जून 2020 को जांच के आदेश दिए थे। जांच में इन पर लगे आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद ही विजिलेंस ने इनके खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी।

### इनके ठिकानों पर पड़े छापे

विजिलेंस एसपी डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, एएसपी बबिता सिंह के निर्देश पर पांच टीमों ने दोपहर में छापा मारा। यह छापा सीएंडडीएस के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर व सहायक अभियंता इंदिरानगर सेक्टर-19 निवासी राघवेन्द्र कुमार गुप्ता, इंदिरानगर सेक्टर सी निवासी अधीक्षण अभियंता सत्यवीर सिंह चौहान, निगम के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ में तैनात रहे गोमती नगर विशेष खंड निवासी अधीक्षण अभियंता रहे अजय रस्तोगी, एल्डिको ग्रीन निवासी सहायक अभियंता कमल कुमार खरबंदा और विकासनगर सेक्टर दो निवासी सहायक अभियंता कृष्ण कुमार पटेल के घरों पर मारा गया। अजय मूल रूप से बरेली के हाफिजगंज, कमल कुमार मध्य प्रदेश के रामपुर और कृष्ण कुमार प्रयागराज के मऊआइमा के रहने वाले हैं।

## विधानसभा चुनाव

### जम्मू-कश्मीर : तीसरे चरण में 65 प्रतिशत हुआ मतदान

**जम्मू/श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के तहत मंगलवार को 65.65 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इस चरण में जम्मू-कश्मीर के सात जिलों में 40 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू होने के साथ मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें दिखीं। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। केंद्र शासित प्रदेश के 39.18 लाख से अधिक मतदाताओं ने 415 उम्मीदवारों के लिए मतदान में हिस्सेदारी की। इन उम्मीदवारों में दो पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद और मुजफ्फर बेग भी शामिल हैं।

सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91 प्रतिशत वोटिंग हुई जबकि सबसे कम बारामूला में 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले गए। तीसरे चरण में वोटिंग परसेंटेज पहले और दूसरे चरण से ज्यादा रही। पहले चरण में 61.38 प्रतिशत और दूसरे चरण में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। तीसरे चरण की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी चरण में 415 उम्मीदवारों में 387 पुरुष और 28 महिला हैं।

# अभिनेता गोविंदा के पैर में लगी गोली, खतरे से बाहर

मुंबई, एजेंसी

- रिवाल्वर आलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दबने से चली गोली
- पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर को जांच के लिए किया जब्त



अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वह हवाई अड्डा जाने के लिए मुंबई स्थित अपने घर से निकलने वाले थे। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोविंदा (60) की हालत खतरे से बाहर है। गोविंदा ने एक बयान जारी करते हुए प्रशंसकों को सूचित किया कि अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं।

पुलिस ने अभिनेता के जुहू स्थित आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। अभिनेता के प्रबंधक शशि सिन्हा ने बताया कि गोविंदा को कोलकाता में एक कार्यक्रम के लिए सुबह छह बजे उड़ान भरनी थी और वह 4:45 बजे अपने घर से निकलने वाले थे तभी लाइसेंसी रिवॉल्वर को अलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दुर्घटनावश दब गया जिससे गोली चल गई। पुलिस ने बताया कि गोली उनके पैर में लगी। गोविंदा के भाई कीर्ति कुमार ने कहा कि यह एक अजीब घटना थी। वह भाग्यशाली थे कि बच गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि गोविंदा को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। इससे पूर्व अभिनेता को उपचार के लिए उनके आवास के समीप क्रिटिकेअर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी गई है। लाइसेंसी रिवॉल्वर को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

### दोषी होना संपत्ति ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता : सुप्रीम कोर्ट

- निर्णय होने तक बुलडोजर एक्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संपत्तियों को ध्वस्त किए जाने के मुद्दे पर सभी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश जारी करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियां ध्वस्त की जा रही हैं। न्यायालय ने कहा कि उसके दिशा निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का महज आरोपी या दोषी होना संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए इसे जारी कर रहे हैं न कि किसी खास समुदाय के लिए। पीठ ने कहा कि किसी खास धर्म के लिए अलग कानून नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा कि वह सार्वजनिक सड़कों, सरकारी जमीनों या जंगलों में किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट के 17 सितंबर के आदेश का उल्लेख किया जिसमें एक अक्टूबर तक संपत्तियों को नहीं गिराने का निर्देश था। इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले में निर्णय लेने तक यह आदेश बना रहेगा।

# कांग्रेस की नसों में भ्रष्टाचार : मोदी

## हरियाणा की चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री-यह दलालों-दामादों की पार्टी

पलवल (हरियाणा), एजेंसी

- कहा-बापू-बेटे की राजनीति का मोहरा नहीं बनेंगे यहां के दलित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस की हरियाणा इकाई में कलह होने का दावा करते हुए कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी से सबसे अधिक नाराजगी राज्य के दलित, पिछड़े और वंचित समाज की है और वे बापू-बेटे (हुड्डा परिवार) की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है और यह दलालों व दामादों की पार्टी बन गई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा स्पष्ट तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर था। कांग्रेस से दलितों की नाराजगी का उनका इशारा विपक्षी पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा से था। मोदी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने झूठ का प्रयोग किया था और अब हरियाणा में वह उसी का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लगता है कि उसका अपना वोटबैंक तो पक्का है। साथ ही वो सोचती है कि लड़ेंगे और बंटेंगे वो लोग जो भारत से प्रेम करते हैं। हमें कांग्रेस की इस सोच और साजिश को कभी भी सफल नहीं होने देना है।

### खर्ची-पर्ची की व्यवस्था को फिर लाना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने करीब 1.5 लाख सरकारी नौकरियां दीं और वो भी बिना 'खर्ची-पर्ची' के, साथ ही हजारों कर्मचारियों को पक्का किया। उन्होंने कहा कि लेकिन अब कांग्रेस वाले फिर वही 'खर्ची-पर्ची' व्यवस्था हरियाणा में वापस लाना चाहते हैं और आप पर थोपना चाहते हैं। कहा कि उनकी सरकार बनने के दूर-दूर तक आसार नजर नहीं आ रहे हैं। लेकिन लूट-खसोट का बंटवारा अभी से हो गया है। ये है कांग्रेस की सच्चाई।

# व्यवसाय के लिए 5 लाख बिना ब्याज देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## मंत्रिमंडल के फैसले

- एक लाख युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से मिलेगा लाभ
- युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में मंगलवार को हुई बैठक में 25 प्रस्तावों में से 24 पर मुहर लगाई गई। इस कड़ी में एक अहम प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को जमीन पर उतारने का रास्ता साफ कर दिया गया। इसके तहत 1 लाख युवाओं को हर साल बिना ब्याज के 5 लाख रुपये का लोन माइक्रो यूनिट स्थापित करने के लिए दिया जाएगा। इसके जरिए बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। जिसमें सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 12.5 प्रतिशत, अनसूचित जाति जनजाति के लिए 10 प्रतिशत मार्जिन मनी देनी होगी। 8वीं से 12वीं पास बेरोजगार इसके लिए पात्र होंगे।

मंत्रिमंडल ने राज्य के युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस नीति के जरिए विदेशी उच्च शैक्षिक संस्थानों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 50 करोड़ तक के निवेश पर भूमि लागत से 50 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी छूट, 150 करोड़ तक के निवेश पर 30 प्रतिशत और 150 करोड़ से अधिक के निवेश पर 20 प्रतिशत की स्टाम्प ड्यूटी की छूट का प्रस्ताव दिया गया है। पहली 5 विदेशी संस्थाओं को निवेश करने पर विशेष प्रोत्साहन किया जाएगा।

### मक्का, बाजरा और ज्वार की एमएसपी तय

राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। इसी दर पर सरकार मोटे अनाज खरीदेगी। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रुपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रुपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में खरीद की जाएगी तो बाजरा की खरीद 32 जिलों में होगी। वहीं, ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।




## सार-संक्षेप




स्वच्छता का संदेश देते आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के छात्र।

### छात्रों व शिक्षकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार** : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत मंगलवार को सफाई अभियान चलाया गया। इसमें समस्त महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं गोद लिए गांवों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने साफ-सफाई की। कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में गोकुला, डोभियारा, बवां, अकमा, बरई पारा, शिवनाथपुर, पिठला, जोरियम, हलियापुर आदि गांवों में घर-घर जाकर छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया। मंदाकिनी, राप्ती, गोमती एवं निरंजना महिला छात्रावासों में सफाई अभियान छात्रावास अधीक्षक डॉ. साधना सिंह व डॉ. विभा परिहार के नेतृत्व में हुआ।

### पैक्सफेड के अध्यक्ष ने निर्माणाधीन आवास का किया निरीक्षण



अवध विवि में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते पैक्सफेड के अध्यक्ष प्रेम सिंह शाक्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ पैक्सफेड के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री प्रेम सिंह शाक्य मंगलवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति व रजिस्ट्रार आवास के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। दोनों पर विभागीय कार्यवाही के लिए एमडी को निर्देशित किया। अध्यक्ष मिल्कीपुर के खिहारन में भाजपा नेता अजीत मौर्य के यहां उनके भाई के निधन पर शांति भोज में सम्मिलित होने आये थे। उन्होंने मंगलवार सुबह रामलला और हनुमान गढ़ी का दर्शन पूजन किया। इसके बाद डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 6.7 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे कुलपति एवं रजिस्ट्रार आवास की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। उन्होंने निर्माण सामग्री का भी गहन निरीक्षण किया। आवास के निर्माण में लग रही सरिया का ट्रेडमार्क देखा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार चौरसिया, सहायक अभियंता संजय सिंह अनुपस्थित थे। अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और एमडी को फोन कर दोनों अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के समय जेई संजय सिंह व हरगोविंद वर्मा मौजूद रहे।

### जिले की 18 ग्राम पंचायतें घोषित होंगी टीबी मुक्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : जिले की 18 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित कर दी गई हैं। अब इन गांवों में एक भी टीबी का मरीज नहीं है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ग्राम प्रधानों को गांधी जी की कांस्य की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र देकर टीबी मुक्त गांव होने की विधिवत घोषणा करेंगे। जिले में वर्ष 2023 में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अन्तर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गया था, जिसके तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का चयन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि पंचायतों की टीबी मुक्ति की घोषणा में पहले कई मानकों की जांच की गई। वहीं, ब्लाक पूरा बाजार में ग्राम पंचायत राम पुर अटवारा, मिल्की पुर में ग्राम पंचायत गोयड़ी, टिकरा व उपाध्यायपुर, मया बाजार में ग्राम पंचायत ईशापुर, बीकापुर में रतनपुर तेंदुआ, अमानीगंज में कुंदुर्खाकला, हैरिंग्टनगंज में रानापुर, तारुन में बारा, बलरामपुर, वेदापुर, मैहरपुर कबीरपुर, मिझउली किसुनदासपुर, संवरधीर, शशीपुर, ककरही, रामपुर अहिरौली व पुरुषोत्तमपुर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित हुए हैं।

# 1587 लोगों को मिली सुविधा और सहायता

## अशोक सिंघल की जयंती पर कारसेवकपुरम में आयोजित हुआ पांच दिवसीय शिविर

अयोध्या कार्यालय



दिव्यांगों को सम्मानित करते मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार।

**अमृत विचार:** विहिप नेता रहे अशोक सिंघल की जयंती पर आयोजित पांच दिवसीय शिविर में 1587 लोगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण और सहायता उपकरण उपलब्ध कराए गए। आयोजन 27 सितबंर से एक अक्टूबर तक किया गया।

शिविर अशोक सिंघल फाउंडेशन एवं विश्व हिन्दू परिषद् और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर प्रबंधक मनोज तिवारी और शिखर अग्रवाल ने बताया की पांच दिन के शिविर में जयपुर फुट (भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति) के माध्यम से कृत्रिम अंग 125, कैलिपर 50, ट्राईसाइकिल 50, व्हीलचेयर 35 सहित अन्य कुल 410 लोगों को सहायता प्रदान की गई। अशोक सिंघल नेत्र चिकित्सा संस्थान से 400 लोगों का नेत्र परीक्षण व 280 लोगों को मुफ्त नया चश्मा उपलब्ध कराया। 45 लोगों के रक्त की जांच व 80 लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराई गई। बाइक लैब के माध्यम से 311 बीएमआई टेस्ट व 61 ब्लड टेस्ट किए गए। कुल 1587 लोगों की निशुल्क सहायता की गई। बताया कि शिविर में दिव्यांग बंधुओं को सहायता प्रदान की गई। स्त्री, पुरुष और 18 वर्ष से कम आयु के 15 बच्चों को पैर अथवा हाथ लगाए गए। दिव्यांगजन प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखीमपुर, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, श्रावस्ती, गोरखपुर, अम्बेडकर नगर और अयोध्या से पहुंचे थे। समापन कार्यक्रम में मंगलवार को महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, अयोध्या विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने अंतिम दिन में दिव्यांगों को उपकरण वितरित कर प्रोत्साहित किया। राम जन्म भूमि न्यास के महासचिव चंपत राय ने अपने संबोधन में अशोक सिंघल फाउंडेशन सहित अन्य सभी को अपनी शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व कार्यक्रम में अनेक संत महात्माओं पहुंचे। महंत कमल नयन दास ने आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित अन्य लोग भी पहुंचे थे।

### आज सुबह 8 बजे फहराया जाएगा राष्ट्रीय ध्वज

**अयोध्या कार्यालय।** 2 अक्टूबर को 155 वें गांधी जयन्ती समारोह का आयोजन होगा। इसको लेकर जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मंगलवार को निर्देश जारी कर दिया है। सुबह आठ बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। जिले में प्रस्तावित कार्यक्रमों में सुबह छह से सात बजे तक सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय परिसर की साफ सफाई/श्रमदान करेंगे। सुबह सात से साढ़े सात बजे तक नगर/विभिन्न कार्यालय परिसर में स्थापित महापुरूषों व देश के स्वतंत्रता के लिए शहीदों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कराया जाएगा। सात से नौ बजे तक डाभासेमर में रेस/दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सुबह आठ बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इसके बाद 8:30 बजे तक सभी कार्यालयों/विद्यालयों/संस्थाओं से सम्बंधित कार्यालयाध्यक्ष/ संस्थाध्यक्ष महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण और माल्यार्पण करेंगे। सुबह नौ बजे से 11:30 बजे तक अनुसूचित जाति की सभी मलिन बस्तियों एवं कुष्ठ आश्रम अयोध्या में सफाई कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके अलावा सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक गांधी पार्क (पुराने एसएसपी ऑफिस के सामने) विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसका संयोजन मुख्य विकास अधिकारी करेंगे। शाम 5:30 बजे जिला कारागार में बंदियों को मिष्ठान वितरण और जनपद के प्रत्येक गांव में सफाई अभियान चलाया जायेगा।

### एनसीसी बटालियन ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार** : अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर में गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर 10/65 बीएन एनसीसी बटालियन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैप्टन प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया। अनुशासन और स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने युवाओं को अहिंसक साधन अपनाने की सलाह दी। सरदार पटेल सेंटर के सहायक आचार्य डॉ. शैलेन वर्मा सहित एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।







अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र वीर कश्यप (VEER KASHYAP) के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम (JEETENDRA KUMAR) है जो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) के स्थान पर (JEETENDRA KUMAR) अंकित किया जाये। **जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम अवतार, निवासी- ई-4/33, सेक्टर-डी, बसन्तकुंज, हरदोई रोड योजना, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं, **मुन्नू लाल एवं मुन्नी देवी पता- म. नं. 4/107 विकास नगर, लखनऊ** ने अपने पुत्र संजीव कुमार व पुत्रवधू नीतिका के गलत आचरण के कारण इन्हें अपनी चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रंजीत कुमार पुत्र श्री राम दुलारे, निवासी- ग्राम व पो0- रमिया बेहड लखीमपुर खीरी, उ0प्र0** मेरे इण्टरमीडियट जिसका रोल नं0 -0900753 वर्ष -2016 तथा प्रमाण पत्र 31000695 और हाईस्कूल अंक पत्र जिसका रोल नं0-2522424 वर्ष- 2024 प्रमाण पत्र- 6624451 की मूल प्रति वास्तव में खो गई है।

**सूचना**

मैने अपना नाम परवेज खान से बदलकर मोहम्मद परवेज खान (MOHD PARVEZ KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद परवेज खान के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद परवेज खान पुत्र श्री इकबाल खान निवासी सीमान्त नगर, गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

मेरे पुत्र मो. सफीक का चाल चलन सही नहीं है, नशा करके मेरे साथ मेरे परिवार के सदस्यों को मारपीट कर प्रताड़ित कर रहा है। जिससे तंग आकर मै अपने पुत्र मो. सफीक को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज से वह अपने द्वारा किये गये कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. शरीफ पुत्र छंगा ग्राम गौरवा खुर्द ककरहा वि. खं. हलधरमऊ थाना को. करनैलगंज जिला गोंडा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री, माता एंव पिता का नाम त्रुटिवश सिर्फ गार्गी, माता का नाम नीतू एवं पिता का नाम विजयंत विक्रम सिंह अंकित है। जबकि सही नाम गार्गी सिंह (GARGI SINGH), माता का नीतू सिंह (NEETU SINGH) एवं पिता का नाम कुंवर विजयंत विक्रम सिंह (KUNWAR VIJAYANT VIKRAM SINGH) है। कृपया विद्यालय अभिलेखों में नामो में सुधार कर अब इसे उक्त नाम से लिखा, पढ़ा व दर्ज किया जाए। **कुंवर विजयंत विक्रम सिंह, निवासी- के. एन.आई कस्बा, जिला सुल्तानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **संगीता पत्नी नन्हें लाल, निवासी- छिपिया पो0 लक्ष्मीगंज इटौरा-बुजुर्ग जिला रायबरेली** मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 218457530 में मेरा नाम संगीता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाता आदि में सुनीता देवी दर्ज है। उक्त दोनों नाम एक ही महिला के है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **ऋचा पाण्डेय पुत्री अंजू पाण्डेय पत्नी सुनील शुक्ला, निवासिनी- म0नं0-647/21, के0एल0 सिटी नियर एम0डी0एम0 स्कूल, सेक्टर-एच, जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226021** की हूँ। यह कि मेरा सही व दस्तावेजी नाम ऋचा पाण्डेय है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश ऋचा शुक्ला दर्ज हो गया है जो कि गलत है। आज के बाद मुझे ऋचा पाण्डेय के नाम से जाना जाये तथा पासपोर्ट में मेरा नाम ऋचा पाण्डेय दर्ज किया जाय।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर**

नोटिस

**श्री अभिषेक कुमार, आशीष कुमार व मुन्नालाल**
**सुतगण श्री प्रसाद प्रजापति**
**निवासी म0नं0 2219/1 खैराबाद, सुलतानपुर।**

श्री राहुल कुमार सोनी सुत स्व0 राजेश कुमार सोनी, निवासी- मकान नं0 2219/1बी मल्होत्रा गली घोसियाना खैराबाद सुलतानपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिनांक 09.01.2024 को इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि मकान सं0 2219/1 मोहल्ला खैराबाद मौके पर कोई मकान नहीं हैं और कहा गया है कि मुन्ना लाल द्वारा मेरे मकान सं0 2219/18 पर कब्जा कर लेना चाहते है। अतः उपरोक्त मकान असिसमेन्ट से खारिज किया जाए।

इस सम्बन्ध में आप लोगो को कार्यालय द्वारा एक नोटिस दिनांक 14.06.2024 इस आशय से निर्गत किया गया कि अपना पक्ष / साक्ष्य अभिलेख और कथन नोटिस प्राप्ति के 07 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें साक्ष्य प्राप्त न होने की दशा में अग्रेतर कार्यवाही कर दी जाएगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा। कार्यालय कर्मचारी द्वारा अपनी आख्या दिनांक 22.06.2024 को प्रस्तुत की गई जिसमें कहा गया कि यह लोग यहाँ नही रहते है कहीं बाहर रहतें है।

अतः आपको जरिए समाचार पत्र नोटिस जारी की जाती है कि प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर आपको जो भी साक्ष्य / आदि अभिकथन कहना हो लिखित रूप में कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय रूप से अग्रेतर कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर

# एसआई समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

▸▸ **नो एंट्री के बावजूद नगर में घुसे ट्रक की टक्कर से हुई थी किशोरी की मौत**

**अमृत विचार :** नो एंट्री के बावजूद सोमवार की रात जुलूस वाले मार्ग से गुजर रहे एक ट्रक की टक्कर से किशोरी की मौत हो गयी थी। घटना से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर थाने का घेराव किया था। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को शांत कराया था। हादसे का जिम्मेदार मानते हुए मंगलवार को एसपी ने एसआई के अलावा तीन अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है।

जनपद सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा ग्राम नटनीय निवासी मोहम्मद इश्तियाक करीब 3 माह से कस्बा रामनगर निवासी रहीम ठेकेदार के घर में परिवार सहित किराये पर रहता है। सोमवार की रात बारह रबी उल अव्वल के चलते झंडा जुलूस निकाला गया था। बदोसरांय की ओर से व रामनगर तिराहा से नगर के अंदर आने वाले वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी बीच, इश्तियाक की पुत्री शमा झंडा जुलूस देखकर अपने घर जा रही थी। उपाध्याय मोड़ के पास बदोसरांय की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रक कब्जे में ले लिया। वहीं पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही। उधर घटना की जानकारी होते ही रात में धीरे-धीरे काफी संख्या में कोतवाली के सामने लोग पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, सीओ फतेहपुर जगतराम कनौजिया, एसडीएम पवन कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेजा। उधर, मंगलवार को इस लापरवाही सामने आने पर सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह राठौर, सिपाही जयचंद, ओमप्रकाश व दिनेश पाल को निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को होने वाला मुशायरा टाल दिया गया है।

**रामलीला : नगर के कुछ सनातनियों ने शुरू किया था आयोजन**

# युवाओं ने संभाल रखी है 135 साल पुरानी धरोहर

भेलसर, रुदौली (अयोध्या)





दशकों पहले होने वाली रामलीला में ऐसे होता था मंचन ( फाइल फोटो)

2001 से शुरू हुआ रामलीला का इस तरह से मंचन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 3 अक्टूबर से शुरू होकर 14 अक्टूबर को प्रभु राम के राज्याभिषेक से समाप्त होने वाली श्री रामलीला समिति रुदौली की रामलीला मंचन का इतिहास काफी पुराना है। आधुनिकता के इस युग में भी 135 वर्ष पुरानी रामलीला की परंपरा आज भी बरकरार है।

यहां नगर के सनातनियों द्वारा रामलीला मंचन की शुरुआत की गई थी। पुरखों द्वारा शुरू की गई इस विरासत को अब नगर के युवा संभाले हुए हैं। श्री रामलीला समिति में वर्तमान में 100 से अधिक की संख्या में कलाकार हैं। जो रामायण से जुड़े सभी किरदारों का अभिनय कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। वर्तमान में रामलीला मंचन की जिममेदारी मृदुल अग्रवाल ने संभाल रखी हैं। उन्होंने बताया कि यहां की रामलीला में विशेष प्रभावों का उपयोग किया जाता है। यहां आने वाली भीड़ में 80 प्रतिशत युवा होते हैं। हम विशेष प्रभाव, संगीत और ध्वनि प्रणाली के साथ त्रेता युग के दृश्य बनाते हैं। जब लड़ाई के दृश्यों का अभिनय किया जाता है, तो हमारे विशेष प्रभाव सुर्खियों में आ जाते हैं। खासकर जब हमें किसी को आकाश में उड़ते हुए और दुश्मनों को मारते हुए दिखाना होता है। बताया भगवान राम को लंका जाते हुए दिखाते हुए समुद्र में लहरें पैदा करने का भी प्रबंधन करते हैं। यह रामलीला कमलेश मिश्रा के निर्देशन एवं लक्ष्मी पति अग्रवाल की अध्यक्षता में होती है।

### कभी लालटेन और पेट्रोमैक्स के सहारे होता था मंचन

रामलीला में लगभग चार दशक से अभिनय करने वाले पंडित जुगल किशोर शर्मा (75) ने बताया कि करीब सात दशक पहले रामलीला का मंचन रात को मशाल, लालटेन, पैट्रोमैक्स की रोशनी में किया जाता था। जनता भी काफी उत्सुकता और धार्मिक भावना से रामलीला का लुत्फ उठाती थी। 80 के दशक में हनुमान जी का अभिनय करने वाले प्रहलाद अग्रसेनी ने बताया कि पहले कररीब 10 हजार लोग रामलीला देखने आते थे। अब हर गांव में दुर्गा पूजा होने के कारण यह भीड़ चार हजार तक सिमट कर रह गई है।

### बाबा व पिता बनते थे राम अब पौत्र निभाता किरदार

रामलीला मंचन में 2007 से लक्ष्मण और 2016 से प्रभु श्रीराम का अभिनय निभाने वाले अभिषेक मिश्रा बताते हैं कि इस रामलीला में उनके पिताजी ने एवं उनके बाबा भी राम और लक्ष्मण का अभिनय करते थे। रावण का अभिनय करने वाले अनुराग अग्रवाल ने बताया कि पूर्वजों के समय से चली आ रही रामलीला के मंचन को अब नगर के युवाओं द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। 80 के दशक में रावण एवं दशरथ का अभिनय करने वाले राम प्रकाश गर्ग (82) ने बताया कि रामलीला कोई पेशेवर अभिनय नहीं है। सब अपनी मेहनत, अभ्यास व पूर्व कलाकारों से प्राप्त प्रशिक्षण से ही अभिनय करते है। सुधीर अग्रवाल (70) जो 80 के दशक मे कई महत्वपूर्ण पात्रों का अभिनय कर चुके है। हमारी रामलीला का मंचन राधे श्याम द्वारा रचित रामायण आधार पर होती है।



## आज का मौसम

24 घंटे में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है।

33.5° अधिकतम तापमान | 24.5° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- गांधी जयंती पर पैदल चाल प्रतियोगिता डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सुबह 06:00 बजे से।
- गांधी जयंती पर परिषदीय विद्यालयों में जयंती और सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से
- अंजुमन मासूमिया की ओर से विभिन्न गतिविधियों को इमामबाड़ा जवाहर अली खां में बैठक 02:00 बजे से।
- जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय में शिक्षकों का प्रशिक्षण दोपहर 03:00 बजे से।

# विश्व वृद्ध दिवस : इमरजेंसी के सामने जमीन पर छटपटाता रहा बुजुर्ग मरीज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला अस्पताल में इमरजेंसी ओपीडी के ठीक सामने धूप में एक बुजुर्ग मरीज जमीन पर लेटा छटपटा रहा था। हाथ में वीगो और पेशाब नली लगी हुई थी। पैर की चोट पर पट्टी बंधी हुई थी। उसका हलक सूखा हुआ था। वो बार-बार यही कह रहा था कि कोई मुझे उठाकर किनारे कर दो। सामने ही चिकित्सक, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वॉय व सिक्योरिटी गार्डों का जमावड़ा लगा हुआ था, लेकिन किसी ने भी उसे उठाने की जहमत नहीं उठाई। शोर-शराबे में मशगूल लोगों के बीच में उस बुजुर्ग की आवाज दब जा रही थी। आसपास खड़े लोग भी यह नजारा देखकर यही कह रहे थे कि वृद्ध जन दिवस पर इस बुजुर्ग को जिला अस्पताल अच्छा सम्मान दे रहा है।

यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अस्पताल में कई बार मरीजों के जमीन पर गिरकर छटपटाने का मामला सामने आ चुका है। वीडियो वायरल हो चुके हैं। अस्पताल के हेल्प डेस्क मैनेजर राजेंद्र तिवारी का कहना है कि बुजुर्ग भर्ती मरीज लावारिस आया था। ईएनटी वार्ड में भर्ती था। ये नहीं पता कि वह बाहर कैसे आ गया? वार्ड के स्टाफ की जिम्मेदारी बनती है कि वह हर मरीजों की देखभाल करें। मुझे जैसे ही सीसीटीवी में दिखा तत्काल गार्डों को भेजकर उठाने को कहा। मुझे उसका नाम पता नहीं मालूम।

**कोई मुझे उठाकर किनारे कर दो बस...**

- पैर में बंधी थी पट्टी, हाथ में वीगो और लगी थी पेशाब नली



जिला अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी के बाहर पड़े मरीज को उठाते सुरक्षाकर्मी।

### कक्ष से व्हीलचेयर गायब, किसी तरह कराया भर्ती

जमीन पर पड़े बुजुर्ग की फोटो खींचते ही मौके पर दो गार्ड पहुंच गए। तस्वीर में पीछे टिनशेड के नीचे व्हील चेयर कक्ष बनाया गया है। वहां व्हील चेयर भी नहीं थी। बुजुर्ग को किसी तरह से उठाकर इमरजेंसी ओपीडी में जाने वाले स्लोप पर बैठाया गया। इसके बाद उसे ले जाकर ईएनटी वार्ड में भर्ती किया गया।

> बुजुर्ग मरीज लावारिस में भर्ती हुआ है। वार्ड में मैंने पता किया तो जाना कि वह हैदरगंज का है। उठता है और चल लेता है। वार्ड की इंचार्ज बृंदा सिस्टर को चेतावनी दी गई है। -डॉ. विपिन वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल।

> मुझे ऐसे मामले की जानकारी नहीं है। मरीज बाहर कैसे पहुंच गया। मेंटली भी हो सकता है। अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्ट्रेचर व व्हील चेयर की भी व्यवस्था करा दी है। ऐसा नहीं होना चाहिए। -डॉ. सुशील प्रकाश, एडी हेल्थ



वृद्धाश्रम में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का इलाज करते दिखे डॉक्टर

अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर अयोध्या धाम के मणि पर्वत के नजदीक के वृद्ध आश्रम में एनसीडी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन के निर्देशन में आयोजित शिविर में करीब 108 लोगों की जांच हुई। इस दौरान फिजिशियन, आई सर्जन, डेंटल सर्जन व आर्थो के चिकित्सकों ने बुजुर्गों का इलाज कर अपना कर्तव्य निभाया। नोडल अफसर डॉ.दीपक पांडेय के नेतृत्व में लगे शिविर में जांच व परामर्श के बाद विभागीय औषधियां भी उपलब्ध कराई गईं। जिला अस्पताल से डेंटल सर्जन डॉ. विनोद शुक्ला व आई सर्जन डॉ.विजय हरि आर्या की ड्यूटी लगी थी। एनसीडी व मानसिक रोग स्वास्थ्य टीम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुविधा शुरू : अब क्विक पास से भी होंगे रामलला के दर्शन

## बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट कार्यालय से रोज जारी होंगे 300 पास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंगलवार से क्विक पास की व्यवस्था शुरू कर दी है। इस व्यवस्था के तहत दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु तीर्थ यात्री सेवा केंद्र से क्विक पास लेकर कम समय में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए हर दो घंटे में 50 पास और प्रतिदिन लगभग 300 पास जारी होंगे। दर्शनार्थी वीआईपी मार्ग से पहुंचकर दर्शन कर सकेंगे।

- हर दो घंटे में 50 पास दिए जाने की अभी है सुविधा
- बुजुर्गों के लिए आरक्षित होगा स्लॉट

राममंदिर ट्रस्ट के पूजन व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि बाहर से आने वाले किसी श्रद्धालु को यदि सुगम दर्शन पास की जानकारी नहीं है और उसके पास अधिक समय भी नहीं है तो ऐसा भक्त तीर्थ क्षेत्र सेवा कार्यालय से अपना आधार कार्ड दिखा कर यह पास ले सकता है। हर स्लॉट में 50 पास दिये जाएंगे। जल्द ही इसकी संख्या 100 की जाएगी और इसमें से 50 पास वृद्धजनों के लिए आरक्षित किये जाएंगे।



सुग्रीव किला के पास बने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के यात्री सेवा केंद्र से पास प्राप्त किया जा सकेगा।

### रोज चार हजार भक्तों को मिलती सुगम पास की सुविधा

राममंदिर ट्रस्ट के पूजन व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने बताया कि राम मंदिर में रोज 50 हजार से लेकर एक लाख तक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। जिसमें चार हजार भक्तों को सुगम पास के द्वारा दर्शन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया की रामलला के दर्शन करने के लिए सुगम दर्शन पास की सुविधा हर दिन सुबह 7 से 9, सुबह 9 से पूर्वाह्न 11, दोपहर 1 से 3, दोपहर 3 से शाम 5, 5 से 7 बजे और 7 से रात 9 बजे तक के लिए लागू है। इस बीच श्रद्धालु ऑनलाइन 150 और कार्यालय से लगभग 400 पास दो घंटे के एक स्लाट में दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुगम दर्शन पास को बनवाने के लिए पहले से ही स्लॉट बुक किया जा सकता है। कोई भी दर्शानार्थी एक ही आईडी पर रोज पास प्राप्त नहीं कर सकेगा।

### 72 घंटे में एक आईडी पर एक बार जारी होगा पास

राम मंदिर में दर्शन करने और आरती में शामिल होने के लिए 72 घंटे में एक आईडी पर एक ही बार पास जारी किया जाएगा। बुकिंग के लिए बनाए गए सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया है, जिसमें 72 घंटे के अंदर दोबारा एंट्री करने पर पास निर्गत नहीं होगा। ट्रस्ट के मुताबिक इससे न केवल डुप्लीकेसी पर रोक लगेगी, बल्कि अन्य दर्शनार्थियों को भी दर्शन करने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### सप्त मंडपम के निर्माण का कार्य 50 प्रतिशत पूरा

अयोध्या, अमृत विचार : राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मंदिर के द्वितीय तल के निर्माण के साथ परिसर में सप्त मंडपम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस कार्य को दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। ट्रस्ट के मुताबिक परिसर में चल रहे निर्माण के लिए 1600 श्रमिकों को लगाया है। जल्द ही इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। परकोटा निर्माण का कार्य भी अपने निर्धारित समय पर चल रहा है।

### राममंदिर में मणिपुरी की रासलीला छह को

**अयोध्या।** राजर्षि भाग्यचंद्र कल्चरल फाउंडेशन छह अक्टूबर को अयोध्या के श्रीरामलला मन्दिर में नट संकीर्तन और रासलीला प्रस्तुत करेगा। यह आयोजन राजर्षि भाग्यचंद्र की 226वीं पुण्य तिथि के सिलसिले में किया जा रहा है। नट संकीर्तन और रासलीला की स्थापना राजा भाग्यचंद्र ने अपने कार्यकाल में 1785 में की थी। मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने आयोजन पर सहमति प्रदान की है। जवाहर लाल नेहरू डांस अकादमी इम्फाल की ओर से पहले भी कई प्रमुख मन्दिरों में ऐसा कार्यक्रम किया जा चुका है।

## एक नजर

### समाधान दिवस का रोस्टर जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** माह अक्टूबर और नवंबर में आयोजित होने वाले समाधान दिवस का रोस्टर मंगलवार को जारी कर दिया गया है। पांच अक्टूबर को सोहावल में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन होगा। 19 अक्टूबर को बीकापुर में, दो नवंबर को मिल्कीपुर, 16 नवंबर तहसील रुदौली, सात दिसंबर को तहसील सदर, 21 दिसंबर को सोहावल में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** परिवहन निगम दो से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाएगा। इस दौरान आम लोगों को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करके, नियमों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाकर दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जाएगा। पखवाड़ा 16 अक्टूबर तक चलेगा।

### पुजारी से ठगे गए 66 हजार खाते में वापस कराए

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या कोतवाली की साइबर सेल की टीम ने बल्लभाकुंज के पुजारी अरविन्द कुमार तिवारी को झंसा देकर ठगे गए 66 हजार 156 रूपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए हैं। पुजारी को एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को उनके गुरूजी का रिश्तेदार बताया था। संकट का हवाला देकर यूपीआई के माध्यम से अपने खाते में 66,156 रूपये लिए थे। पुजारी ने मामले की जानकारी गुरूजी को दी तब ठगे जाने की जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने मंगलवार को बताया कि साइबर टीम की ओर से होल्ड कराई गई पूरी रकम 66156 रुपये पीड़ित पुजारी के खाते में वापस कराई गई है।

### महिला कबड्डी का ट्रायल चार को

**अयोध्या।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय व मंडलीय यहां ट्रायल 4 अक्टूबर को होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला स्तरीय ट्रायल सुबह साढ़े 11 बजे तथा मंडलीय ट्रायल दोपहर डेढ़ बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय आजमगढ़ में नौ से 11 अक्टूबर तक होने वाली प्रदेशीय सीनियर महिला कबड्डी में अयोध्या मंडल का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ी को आधार कार्ड व दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

## महंत नृत्य गोपाल दास पूर्ण रूप से स्वस्थ : चंपत

अयोध्या कार्यालय

- ट्रस्ट के अध्यक्ष के स्वास्थ्य को लेकर वायरल हो रही भ्रामक खबरों का महासचिव ने किया खंडन

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया पर चल रहीं भ्रामक खबरों पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास महाराज पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। वह अपने निवास स्थान मणिराम दास छावनी में हैं।

सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उनके स्वास्थ्य को लेकर कुछ भ्रामक और झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं। जो समाज में भ्रांति और चिंता का कारण बन रही हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और न ही इन्हें फैलाएं। महाराज के स्वास्थ्य के बारे में सटीक जानकारी के लिए केवल अधिकृत स्रोतों पर ही भरोसा करें। सभी का कर्तव्य है कि शांति और सद्भाव बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों को फैलने से रोकें। बताते चले कि कुछ दिन पूर्व महंत की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### किशोर पर हमला, केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना राम जन्मभूमि क्षेत्र के बहेलिया टोला निवासी किशोर मोहम्मद तबरेज (17) पुत्र मोहम्मद अब्दुल हकीम सोमवार रात अपनी बाइक से घर जा रहा था। आरोप है कि विद्युत् उपकेंद्र के निकट नगर कोतवाली के खुर्दाबाद निवासी उत्कर्ष यादव व निखिल यादव, उदया चौराहे के निकट रहने वाले ओम तिवारी तथा राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र के दोराही कुआं निवासी युवराज मिश्र ने उसकी बाइक रोक ली और गाली-गलौच तथा धमकी के बाद लाठी-डंडे से हमलाकर उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप



अवध विश्वविद्यालय में आयोजित धरने में मौजूद छात्र-छात्राएं।

### समस्याओं को लेकर छात्रों ने दिया धरना

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले आयोजित धरने में विभिन्न समस्याओं को लेकर आक्रोशित छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि कई महीनों से विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन और प्रतिवेदन दिया जा रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर पहुंचे अधिकारियों ने उनकी समस्याएं सुनकर 15 दिन के अंदर समाधान का आश्वासन दिया। धरन में परिषद के प्रांतीय नेता राणा आशुतोष सिंह, प्रांतीय नेता अंशुमान सिंह, प्रांतीय नेता शिवम मिश्रा, अंशिका, विश्वविद्यालय इकाई मंत्री शेष मणि, नवीन आजाद दुबे, सहमंत्री ऋषभ, सुमेधा पाठक समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### नवरात्र में बंद रहेंगी मांस-मछली की दुकानें

**अयोध्या, अमृत विचार :** 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्र के पर्व को देखते हुए जिले में मांस-मछली की सभी दुकानें बंद रहेंगी। सहायक खाद्य आयुक्त-2 मानिक चंद सिंह ने बताया कि इस दौरान सभी होटल और रेस्टोरेंट में भी मांसाहारी भोजन बंद रहेगा। आम जनमानस से अपील की गई है कि इस दौरान किसी जगह भी बिक्री व भंडारण की सूचना मिले तो फोन नंबर 05278366607 पर अवश्य सूचित करें। आदेश का पालन न करने वाले खाद्य कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कॉरपोरेशन के अफसरों से मिले समिति के पदाधिकारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में टीम ने अधीक्षण अभियंता रामकुमार और अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम प्रदीप वर्मा से मुलाकात की। पर्व से संबंधित समस्याएं बताई। समय से निस्तारण की मांग की। अधिशासी अभियंता से मिलने वालों में विद्युत विभाग के समन्वयक सुप्रीत कपूर, प्रभारी तारकेश्वर शर्मा, जेएन चतुर्वेदी, राजेश गौड़, अतुल सिंह, अखिलेश पाठक,आलोक शंकर, बजरंगी साहू, राजू जायसवाल, अंकुश गुप्ता, अखिलेश वैश्य, रवींद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### नवरात्र से शुरू होगा मिशन शक्ति का नया संस्करण

**अयोध्या, अमृत विचार :** इस वर्ष शारदीय नवरात्र से मिशन शक्ति का पांचवां अध्याय संचालित होगा। जिसके तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जाएगीं। शासन के निर्देश पर पुलिस महकमे की ओर से मिशन शक्ति के पांचवें अध्याय व इसके तहत संचालित होने वाली गतिविधियों के लिए तैयारी शुरू हो गई है। क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि महिला पुलिस की ओर से मिशन शक्ति के तहत निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभाग अब मिशन शक्ति के नए अध्याय की तैयारी में जुट गया है। जल्द ही विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

### घाट किनारे मिला कपड़ा और सामान, डूबने की आशंका

**अयोध्या।** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में लक्ष्मण घाट चौकी क्षेत्र में सरयू घाट किनारे एक ठेले पर असम निवासी शख्स के लावारिस कपड़ा और सामान मिला है। मामले की जनकारी के बाद पुलिस ने जाँच-पड़ताल की है और शख्स के सरयू में डूबने की आशंका को लेकर तलाश के लिए टीम लगाई है। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि घाट पर किसी ने उसको कपड़े उतारते और स्नान के लिए सरयू में जाते नहीं देखा है। उसके भाई को फोन कर बुलाया गया है तथा गोताखोरों के माध्यम से तलाश कराई जा रही है।

### शिविर में 188 मरीज़ों को गया देखा



चिकित्सा शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक।

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** श्रीराम लीला समिति रुदौली के तत्वावधान में रामलीला मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने 188 मरीजों को निशुल्क परीक्षण कर दवाएं एवं परामर्श दिया। विधायक रामचंद्र यादव ने शुभारंभ किया। समिति के आशीष शर्मा ने बताया कि समिति सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य भी करती रहती है। शिविर में सीनियर फिजिशियन डॉ. शशांक, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्राजंलि सक्सेना, नेत्र रोग के डॉ. विशाल, कमलेश मिश्र, लक्ष्मीपति अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

# शारदीय नवरात्र में सुबह सात बजे से दर्शन देंगे रामलला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में राम मंदिर में तीन अक्टूबर से रामलला के दर्शन अवधि में बदलाव कर नए दिनचर्या का विवरण श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जारी किया है। पूजन व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि यह व्यवस्था शारदीय नवरात्र तक के लिए है। उन्होंने बताया कि रामलला के दर्शन की अवधि में सुबह पहले 6:30 बजे से दर्शन प्रारंभ होता था, लेकिन नवरात्र के दौरान दर्शन 7 बजे से शुरू होगा।

**मंदिर की प्रस्तावित दिनचर्या**

- सुबह 04.30 से 04.40 मंगला आरती।
- 04.40 से 06.30 पट बंद, अभिषेक, श्रृंगार आदि।
- 06.30 श्रृंगार आरती।
- 07.00 से 09.00 दर्शन।
- 09.00 से 09.05 पट बंद, बालभोग।
- 09.05 से 11.45 दर्शन।
- 11.45 से 12.00 पट बंद, राज भोग।
- दोपहर 12.00 भोग आरती।
- 12.15 से 12.30 तक दर्शन।
- 12.30 से 01.30 पट बंद।
- 01.30 से दर्शन के लिए प्रवेश प्रारंभ।
- 01.30 पर देव उत्थान, भोग, आरती।
- 01.35 से 04.00 दर्शन।
- 04.00 से 04.05 पट बंद, नैवेद्य।
- 04.05 से 06.45 दर्शन।
- शाम 06.45 से 07.00 पट बंद, भोग।
- रात्रि 07.00 संध्या आरती।
- 07.00 से 08.30 दर्शन।
- 09.00 बजे दर्शन करने के लिए प्रवेश बंद।
- 09.15 से 09.30 पट बंद, भोग।
- 09.30 से 09.45 शयन आरती।
- 09.45 से 04.30 पट बंद, शयन।

### अफीम कोठी के पास 17 करोड़ रुपये से बनेगा रामलला पार्क

**अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या में अफीम कोठी के पास 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के बगल में 17 करोड़ रुपये की लागत से रामलला पार्क का निर्माण किया जाएगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि पहले इस स्थान पर नगर निगम का कूड़ा डंप किया जाता था, लेकिन अब इस जमीन को खाली करवाकर यहां पर श्रद्धालुओं के लिए सुंदर रामलला पार्क बनाया जाएगा। यह पार्क अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत बनाया जाएगा। इसमें ओपन एरिया, पाथवे और वॉटर बॉडी जैसी सुविधाएं होंगी, जो पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक सुखद अनुभव प्रदान करेंगी। पार्क का निर्माण 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के बगल में किया जाएगा। परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को विश्राम के लिए एक सुंदर स्थल मिलेगा। इसके अलावा, स्थानीय निवासी यहां टहलने, घूमने और योग करने जैसी गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। अयोध्या नगर निगम द्वारा रामलला पार्क का निर्माण कराया जाएगा।

# बंदर के हमले में पहली मंजिल से गिरा मेट, मौत

अयोध्या कार्यालय

**पीडब्ल्यूडी कार्यालय का मामला**

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग के एक मेट की मंगलवार को बंदर के हमले से बचने के चक्कर में कार्यालय भवन की पहली मंजिल से नीचे गिरकर मौत हो गई। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गांव छत्तीरवा का रहने वाला जगदीश प्रसाद यादव (59) पुत्र स्व. राम कुबेर जिला मुख्यालय पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आवास के बगल स्थित लोक निर्माण विभाग के खंड तीन कार्यालय में मेट के पद पर तैनात था।

साथी कर्मियों का कहना है कार्यालय भवन के प्रथम तल स्थित बरामदे में दोपहर बाद अचानक उसको एक बंदर ने दौड़ा लिया। हड़बड़ाहट में पहली मंजिल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गिरने की आवाज तथा आसपास मौजूद लोगों के हल्ला-गुहार पर उसको जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टर ने उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। भतीजा अजय कुमार यादव के साथ घायल मेट को लखनऊ ले जा रहा था कि रास्ते में ही बाराबंकी के पास उसकी मौत हो गई। नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग के जिला मंत्री अवधेश यादव ने बताया कि जगदीश 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की छानबीन कराई जा रही है।

**सेहत** रिकॉर्ड मरीज पहुंच रहे जिला अस्पताल, 1400 तक पहुंच रही ओपीडी, दो फिजिशियन ही रोज देख रहे करीब 500 मरीज

# वायरल का वार, वार्ड व ओपीडी में मरीजों की भरमार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मौसम में परिवर्तन के साथ ही वायरल बुखार तेजी से फैलने लगा है। आलम यह है कि जिला अस्पताल की 800 से 1200 के बीच रहने वाली ओपीडी अब 1400 के करीब पहुंच गई है। अकेले जनरल मेडिसिन की ओपीडी में ही 500 के करीब मरीज रोज पहुंच रहे हैं। ओपीडी के बाहर लगी लाइन व अस्पताल का मेडिकल वार्ड इस बात की पुष्टि करता है।

इन दिनों पांच में से हर दूसरा व्यक्ति वायरल बुखार, खांसी-जुकाम, गले में दर्द जैसी समस्या से पीड़ित है। दो-तीन दिन बुखार रहने पर डेंगू होने का डर सताने लगता है। इसलिए लोग मामूली बुखार होने पर भी डेंगू की जांच करा रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि गले में खराश और खांसी-जुकाम, नाक बंद होना, छींक आना और नाक बहना, कमजोरी, थकान, शरीर में दर्द, सिरदर्द, जी-मिचलाना, उल्टी और दस्त वायरल बुखार के लक्षण हैं। वायरल बुखार में भी कई मरीजों की प्लेटलेट्स भी कम हो जाती हैं। ऐसे लक्षणों वाले सभी मरीजों की डेंगू की जांच कराई जा रही है। उन्होंने अपील की है कि सभी मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार के समय पानी, नारियल पानी, शिकंजी और तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें। वहीं मौसम में परिवर्तन होने से अस्थमा के मरीजों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। सर्दी में अस्थमा रोगियों को अपना ज्यादा ध्यान रखना होगा।



जनरल मेडिसिन की ओपीडी में मरीजों का उपचार करते फिजिशियन प्रशांत द्विवेदी।

### ओपीडी में पहुंचे थे 1375 मरीज

जिला अस्पताल में सोमवार को 1375 मरीज ओपीडी में इलाज कराने के लिए पहुंचे थे। इनमें जनरल मेडिसन के 489 मरीज शामिल थे, जबकि मंगलवार को दोपहर पौने एक बजे तक 1177 मरीज ओपीडी में इलाज कराने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके थे। इसमें अकेले जनरल मेडिसिन के 422 मरीज शामिल थे।

### ओपीडी में आने वाले रोगी

| ओपीडी | मरीज |
|---|---|
| जनरल मेडिसिन | 422 |
| चर्मरोग | 155 |
| आर्थोपैडिक | 153 |
| ईएनटी | 121 |
| चाइल्ड | 87 |
| आई | 77 |
| सर्जरी | 60 |
| डेंटल | 38 |

नोट- यह आंकड़े मंगलवार दोपहर पौने एक बजे तक के हैं।

### विसर्जन स्थल पर बेहतर हों सारी व्यवस्थाएं

**अयोध्या, अमृत विचार:** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति और जिला प्रशासन के लोगों ने मंगलवार की विसर्जन स्थल निर्मली कुंड का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने सिंचाई विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को विसर्जन घाट निरीक्षण के दौरान जरूरी सुझाव दिए। कहा कि विसर्जन घाट का निर्माण और यहां पर अन्य परंपरागत व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से हों। समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि इस बार विसर्जन का प्लेटफार्म डेढ़ सौ मीटर का बनाया जाए जिससे विसर्जन कार्य शीघ्रता से संपन्न हो सके। सहसंयोजक गगन जायसवाल, संजय श्रीवास्तव ने अपने सुझाव रखे।

# फसल का सर्वे : पांच फीसदी तक नुकसान की रिपोर्ट

## चार दिन में 200 मिमी बारिश, 33 फीसदी से कम पर मुआवजे की उम्मीद नहीं ▸ जिले से शासन को भेजी गई फसल की सर्वे रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** चार दिन हुई भारी बारिश के बाद फसलों के नुकसान का सर्वे करा लिया गया। जिले में औसतन पांच फीसदी तक नुकसान की रिपोर्ट शासन को भेज दी गई। नुकसान 33 फीसदी से कम हुआ, ऐसे में किसानों को फसलों के नुकसान का मुआवजा मिलने की उम्मीद नहीं है।

इस साल शुरुआती मौसम ठीक नहीं रहा। पहली बारिश के बाद बीच में पर्याप्त बारिश नहीं हुई। किसानों को खेतों में पानी लगाकर फसल बचानी पड़ी, लेकिन जाते मानसून ने सितंबर के अंतिम चार दिनों में कहर बरपा दिया। लगभग 200 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई। 26 सितंबर को बारिश की शुरूआत तेज हवा के साथ हुई। इससे धान, गन्ने और केले की फसलें खेतों में गिर गई। कई क्षेत्रों में धान गिरने से यह खेतों में भरे पानी में सड़ रही है। जिन क्षेत्रों में हवा ज्यादा तेज रही वहीं नुकसान ज्यादा रहा। जिले में 26 से 30 सितंबर तक हुई बारिश से नुकसान की आशंका में जिला प्रशासन के साथ ही कृषि विभाग ने फसलों का फौरी सर्वे कराया। सर्वे का मकसद फसलों की क्षति ज्यादा होने पर मुआवजे को लेकर था।

राजस्व प्रशासन ने सभी पांच तहसीलों सदर, सोहावल, रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर से रिपोर्ट मांगी। किसी भी तहसील में औसत नुकसान 33 फीसदी तक नहीं बताया गया। कृषि विभाग के मुताबिक छिटपुट नुकसान का औसत चार से पांच फीसदी रहा। इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। प्रशासन के आपदा राहत विभाग ने रिपोर्ट शासन को भेजे जाने की बात बताई।


सोहावल में बारिश के बाद खेत में इस तरह से लोट गई धान की फसल।

### मुआवजे की उम्मीद नहीं

बारिश से नुकसान 33 फीसदी से ज्यादा होने पर फसलों की क्षति का मुआवजा दिए जाने की व्यवस्था है। जिले में महज पांच फीसदी तक नुकसान की रिपोर्ट है। ऐसे में किसानों को फसल क्षति का मुआवजा मिलने की उम्मीद नही है।

### सितंबर में हुई 252.6 मिमी बारिश

कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक सितंबर माह में कुल बारिश तो 252.6 मिमी. रही। इसमें से 200 मिमी. बारिश 26 से 30 सितंबर के बीच हुई। जिले के कुछ स्थानों पर इससे ज्यादा भी बारिश हुई।

### बारिश से हानि के साथ लाभ भी

इस बारिश से कुछ किसानों को नुकसान जरूर हुआ है लेकिन इससे लाभ की भी उम्मीद है। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने बताया कि बारिश से कुछ किसानों को नुकसान लो कुछ को फायदा हुआ। अब धान की फसल कटने के बाद आलू, सरसों बोने के लिए किसानों को पलेवा नहीं करना पड़ेगा। जमीन में नमी बनी रहेगी।

### किसानों ने कहा-जाते-जाते दर्द और नुकसान दे गई बारिश


बालापुर के किसान सुरेश कुमार तिवारी ने कहा कि दो बीघे चैंपियन धान की रोपाई की थी। फसल लगभग तैयार है। पानी बरस जाने से फसल जलमग्न हो गई। काट नहीं पा रहे हैं। तना में सड़न व धान अंकुरित होने लगे है। आधे से ज्यादा नुकसान की आशंका है।


बाहरपुर के किसान सुरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि रागी, चार बीघे गन्ने बुआई करवाई थी। लगभग 11 फुट का गन्ना है। नई प्रजाति की गन्ने की बुवाई की थी, दो बार बधाई भी करवाई थी। गिरने से 40 फीसदी तक का नुकसान हुआ। गन्ना बीज के लिए उपयुक्त था, लेकिन बारिश ने कहीं का नहीं छोड़ा।


कल्याणपुर छितौना के बिपेन्द्र सिंह ने कहा एक हेक्टेयर में अगेती धान की रोपाई करवाई है। चार बीघे फसल के क्षतिग्रस्त की आशंका ज्यादा है। कहा कि बारिश जाते-जाते दर्द और नुकसान दे गई।


बेलगरा के किसान राम सुभावन ने कहा कि एक एकड़ में केले की खेती की। फसल तैयार होने वाली थी, लेकिन बारिश से केले के पौधे बीच से टूटकर गिर गए। भारी नुकसान हुआ।

> बारिश से फसलों के नुकसान का सर्वे कराया गया। सभी तहसील क्षेत्रों में फसलों को औसतन चार से पांच फीसदी तक के नुकसान की रिपोर्ट है। शुरूआती दौर में हवा के साथ बारिश ने नुकसान की स्थिति बनाई लेकिन हवा थमने से नुकसान होने से बच गया।- **ओपी मिश्र, जिला कृषि अधिकारी।**

## एक नजर

### फाइलों में उलझा देवराकोट में कोटेदार का चुनाव

**सोहावल, अयोध्या।** ग्राम पंचायत देवराकोट में कोटेदार का चुनाव फाइलों में उलझा है। उपजिला अधिकारी के यहां शिकायत लेकर मंगलवार को पहुंचे गांव के शैलेंद्र सिंह, रवि तिवारी का कहना है कि पहले बैठक के लिए 10 सितंबर तय थी। इसे बैठक के दिन 19 सितंबर तक बढ़ा दिया गया। इस दिन यह कह कर पंचायत के अधिकारियों ने टाल दिया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में व्यस्तता है। खंड विकास अधिकारी अनुपम ने बताया कि जल्द बैठक की तारीख तय कर दी जाएगी।

### सड़क से वाहन हटाने को लेकर हुआ विवाद

**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज मोहल्ले में ओला इलेक्ट्रिक कम्पनी शोरूम के बगल सड़क किनारे खड़े वाहन को हटवाने को लेकर विवाद हो गया और शो रूम के कर्मियों पर हमला हुआ। पीड़ित अभिषेक प्रताप सिंह ने बाप-बेटे समेत तीन को नामजद करते हुए कुल सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया मानहानि का मुकदमा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने एक प्रमुख अखबार के डिजिटल प्लेटफॉर्म के तीन प्रमुख लोगों के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इसमें मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ गीतिका सिंह की कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। अब अन्य गवाहों के बयान के लिए अगली पेशी 15 अक्टूबर नियत की गई है।

अधिवक्ता शीतला सिंह और अवनीश श्रीवास्तव ने बताया कि दायर किए गए परिवाद में पूर्व सांसद ने कहा है कि वह 2014 से 2024 तक लगातार दो बार भाजपा के फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे। 4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा में उनके पराजित होने पर एक अखबार समूह के डिजिटल प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया पर उसकी व भाजपा की प्रतिष्ठा गिराने के इरादे से सांसद लल्लू सिंह पर अयोध्या क्षेत्र में जमीन खरीद कर उसे ऊंचे दामों में बेचने का आरोप लगाया। विपक्षी नेताओं द्वारा अयोध्या में जमीन के खरीद बिक्री का मुद्दा भी जोरों शोरों से उठाया गया था। यह समाचार बिना सच्चाई की गहनता से जांच किए, कारण तथा बिना तथ्यों की पुष्टि किए नितांत अपमानजनक व झूठा है। भाजपा व उनकी सर्वमान्य वेदाग प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचाया। इसी मामले में पूर्व सांसद लल्लू सिंह मंगलवार को उपस्थित हुए और कोर्ट ने उनका बयान दर्ज किया।

▸▸ दर्ज हुआ बयान




# महिला जिम्नास्टिक व जूनियर बालिका कबड्डी का ट्रायल चार को

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी व महिला जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय व मंडलीय ट्रायल चार अक्टूबर को होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला स्तरीय ट्रायल सुबह 10 बजे तथा मंडलीय ट्रायल दोपहर दो बजे होगा। ट्रायल के बाद चयनित मंडलीय टीम क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय आगरा में 21 से 23 अक्टूबर तक होने वाली प्रदेशीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता तथा 14 से 16 अक्टूबर तक होने वाली प्रदेशीय महिला जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल का प्रतिनिधित्व करेगी। ट्रायल में प्रतिभागी खिलाड़ी को आधार कार्ड व अपना दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है। ट्रायल में प्रतिभागी खिलाड़ी की आयु 20 वर्ष या उससे कम तथा वजन 65 किलो से अधिक नहीं होना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने रवाना की जागरूकता रैली


कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान का तीसरा चरण एक से 31 अक्टूबर तक चलेगा। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहीं पर शपथ भी दिलाई गई।

अभियान जिले में संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, और अन्य जल जनित रोगों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर के साथ-साथ जिले के प्रमुख स्थलों, चौराहा आदि में भी चलाया जाए। अभियान को दो भागों में बांटा गया है। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 अक्टूबर तक और दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. डीके शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मंजुला आनंद, नोडल अर्बन डॉ. वीपी त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीपी सिंह, एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद, जिला विद्यालय निरीक्षक, डीएमसी (यूनिसेफ) के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

### महापौर ने भी किया उद्घाटन

नगर निगम के अंतर्गत तुलसी उद्यान पर भी महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तीसरे चरण का उद्घाटन किया। इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ला, फाइलेरिया अधिकारी डीके श्रीवस्तव, एपीडेमोलॉजिस्ट डॉ.अरविंद श्रीवास्तव व उर्वशी तिवारी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मंगलवार को निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन फतेहगंज ओवरब्रिज की सर्विस रोड के किनारे बनी नाली पर ढक्कन लगाने, सर्विस रोड को दशहरा के मद्देनजर पूर्ण कराने, निर्माण कार्य की प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर जल निकासी का प्रबंध करते हुए दूषित स्थानों पर एन्टी लार्वा का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। उन्होंने श्रीराम नेत्र चिकित्सालय के पास खराब सड़क व बन रहे नाले के निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई। शीघ्र ठीक कराने का निर्देश दिया। कारसेवकपुरम के पास चल रहे निर्माण कार्य, रामघाट चौराहे के पास नाले का निर्माण, काशीराम कॉलोनी के पास खुदाई व निर्माण के कार्य, दशरथ कुंड के पास चल रहे निर्माण कार्य को देखा। हलकारा का पुरवा के पास बन रहे ओवरब्रिज निर्माण का भी निरीक्षण किया। जियनपुर के पास पानी की टंकी व सड़क निर्माण को देखा, जहां कमियां मिली। यथाशीघ्र ठीक कराने का निर्देश दिया। उनके साथ उपजिलाधिकारी सदर विकास धर दूबे, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग और सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


पूराबाजार में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

# ग्रामीण और किसान देश की रीढ़ : वेद प्रकाश

पूराबाजार, अयोध्या।

▸▸ ग्राम समाधान दिवस में विधायक ने कहा- सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा

**अमृत विचार :** विकास खंड अंतर्गत ग्राम मड़ना में मंगलवार को ग्राम समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण और किसान देश की रीढ़ हैं। उनके विकास से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। कहा कि वर्तमान सरकार ने गरीब और असहाय लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनसे उन्हें राहत मिल रही है। उन्होंने भोजन की व्यवस्था को सरल और सुलभ बनाने के सरकारी प्रयासों की सराहना की। कहा कि पिछली सरकारों ने किसानों का शोषण किया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, और किसान सम्मान निधि आदि के कई मुद्दे उठाए। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का त्वरित समाधान करें। जिला प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गन्ना समिति के चेयरमैन, खंड विकास अधिकारी पूरा अनुराग सिंह, एडीओ पंचायत रवींद्र वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी विवेक सिंह, शैलेंद्र तिवारी, कृषि अधिकारी आशीष कुमार पांडेय, ग्राम सचिव नीरज सिंह सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद थे।

# तहसीलदार कोर्ट पर 990 तो नायब मसौधा के यहां 660 वाद लंबित

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील के पांचों अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। सर्वाधिक मामले तहसीलदार कोर्ट पर सामने आए है। तहसील प्रशासन से मंगलवार को मिली जानकारी के मुताबिक अगस्त 24 तक के आंकड़े बताते है एसडीएम कोर्ट पर 275, न्यायिक कोर्ट 531, तहसीलदार कोर्ट 990, नायब रौनाही कोर्ट 750, नायब मसौधा कोर्ट पर 669 वाद सुनवाई के लिए लंबित चल रहे है। इसके पीछे लगातार कई महीनों से बार और बेंच के बीच चल रहा तालमेल का अभाव, तहसील के कुछ पटलों पर चल रहा भ्रष्टाचार और निजी कर्मियों की मनमानी को बताया जा रहा है। नवागत तहसीलदार सुमित सिंह ने बताया अधिवक्ताओं के साथ हुई परिचय बैठक में इनकी सभी मांगों और समस्याओं के समाधान का रास्ता निकाल लिया गया है। अब सभी न्यायालय जल्द ही नियमित सुनवाई का काम शुरू कर देंगे।

# डेलीगेट के 40 पदों के लिए डाले जाएंगे वोट

अयोध्या कार्यालय

### सहकारी गन्ना विकास समितियों का चुनाव

▸▸ मतदान और मतगणना कल

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समितियों के 40 डेलीगेट पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। नामांकन से नाम वापसी के बाद बड़ी संख्या में डेलीगेट निर्विरोध भी चुने गए हैं। जिन पदों के लिए एक से ज्यादा प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं वहां तीन अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद मतगणना होगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

जिले की तीन सहकारी गन्ना विकास समितियां मसौधा, फैजाबाद और गनौली में डेलीगेट पद के लिए निर्वाचन कराया जा रहा है। नाम वापसी सोमवार को थी। इसके बाद प्रत्याशियों और निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों की सूची तैयार की गई। अब तक जो सूची सामने आई है उसके मुताबिक तीनों समितियों के 40 डेलीगेट पदों पर मतदान कराया जाएगा। गन्ना समिति मसौधा के सचिव तुलसीराम यादव ने मंगलवार को बताया कि कुल 23 पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। 554 लोग निर्विरोध चुने गए। गन्ना समिति फैजाबाद के सचिव अशोक वर्मा ने मंगलवार को बताया कि कुल आठ पदों के लिए मतदान होगा। 284 डेलीगेट निर्विरोध चुने गए। गन्ना समिति गनौली के नौ डेलीगेट पदों पर मतदान कराया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। मतदान समिति परिसर में ही होगा। कर्मचारी अन्य विभागों से आएंगे। इनमें सहकारिता और गन्ना विभाग के कर्मचारी नहीं रहेंगे। मतदान तीन अक्टूबर को सुबह आठ से शाम को चार बजे तक होगा। इसके बाद मतगणना करके परिणाम की घोषणा की जाएगी।

## सार-संक्षेप


गुलाबबाड़ी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते सांसद अवधेश प्रसाद।

### मुस्लिम व दलित विरोधी है भाजपा सरकार : अवधेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** भदरसा सामूहिक दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी बनाए गए मोईद खान की डीएनए रिपोर्ट मैच न करने पर सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि भाजपा मुस्लिम और दलित विरोधी है। उच्च न्यायालय डीएनए रिपोर्ट सरकार से न मांगता तो सरकार कभी भी रिपोर्ट प्रकाशित न करती। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पहले से ही शंका थी कि इतनी ज्यादा उम्र का व्यक्ति ऐसा कैसे कर सकता है। कहा कि इससे अब यह संदेश गया है कि सरकार पूरी तरह से मुस्लिम विरोधी और दलित विरोधी सरकार है। इस दौरान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव भी मौजूद रहे।

### हसन नसरुल्लाह की मौत पर किया प्रदर्शन


इमामबाड़ा जवाहर अली खां में आयोजित जलसे में मौजूद उलेमा।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लेबनान बेरूत हमले में हसन नसरुल्लाह हिज्बुल्लाह चीफ की मौत को लेकर सोमवार रात इमामबाड़ा जवाहर अली खां में शियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। जलसे में हसन नसरुल्लाह को शहीद बताया गया और धर्मगुरुओं ने इजरायल की कड़े शब्दों में निंदा की। उलेमाओं ने नसरुल्ला को आतंकवादी बताने पर मीडिया की भी निंदा की। इस मौके पर इजरायल अमेरिका मुर्दाबाद और लब्बैक या हुसैन के नारे लगे। शिया समुदाय की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। जलसे में इमामबाड़ा जामा मस्जिद के इमाम जाफ़र रज़ा आब्दी, मौलाना सैयद मोहम्मद आजिम, मौलाना काजिम अब्बास, मौलाना मंजर अब्बास, मौलाना कमर मेहंदी, मौलाना जफर अब्बास कुम्मी, मौलाना महफूज, मौलाना अर्शी मौलाई, जोहेर सुल्तानपुरी, ताजिया दरान कमेटी अध्यक्ष हैदर मेहंदी, अंजुमन नासिरिया कदीम रजिस्टर्ड के सेक्रेटरी अकबर आब्दी, पूर्व सदर अनवर हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भाकियू ने ज्ञापन सौंप उठाई बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन अपर नगर मजिस्ट्रेट अंशिका दीक्षित को सौंपा। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के जरिए पिछले दिनों हुई भारी बरसात से खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाने, किसान दिवस प्रत्येक माह में तीसरे बुधवार को कराए जाने, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह से यूनियन कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी की जांच और कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य, संतोष वर्मा, राहुल वर्मा, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### गांधी जयंती के मौके पर होगा जवाबी बिरहा

**अयोध्या, अमृत विचार :** गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को आसिफ बाग चौराहा हलकारा का पुरवा में जवाबी बिरहा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम अध्यक्ष हौसिला यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दो अक्टूबर को इसका आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि सपा सांसद अवधेश प्रसाद मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव और तेज नारायण पांडेय पवन भी मौजूद रहेंगे। बाराबंकी के गायक चंद्र प्रकाश और मसकनवा गोंडा के मनोज बिरहा गायन प्रस्तुत करेंगे। बिरहा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्षद भुल्लर यादव, अशोक यादव और लाल बहादुर के साथ सभी स्थानीय लोग जुटे हुए हैं।

# खुलासा : एक तालाब पर आठ साल से 32 लोगों का कब्जा

**तारुन, अयोध्या। अयोध्या :** बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत हैदरगंज खास में ग्राम सभा में स्थित तालाब की भूमि पर 32 लोगों का अवैध कब्जा मिला है। यह सभी आठ साल से कब्जा किए हुए हैं। यह खुलासा तहसीलदार बीकापुर द्वारा मंगलवार को मौके पर की गई जांच में हुआ। तहसीलदार ने सभी को चार दिन में कब्जा हटाने का निर्देश दिया है।

▸▸ तहसीलदार बीकापुर की जांच में खुला मामला, कब्जा हटाने के निर्देश

तालाब पर हुए कब्जा की शिकायत मनऊपुर निवासी रामसूरत ने मंडलायुक्त के यहां की थी। आरोप लगाया कि डीएम से शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने गलत आख्या लगाकर रिपोर्ट दे दी। मंडलायुक्त ने एसडीएम बीकापुर और तहसीलदार को निर्देशित किया कि जांच कर तालाब पर हुए अवैध कब्जे को हटवाएं। मंडलायुक्त के निर्देश के बाद तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र सिंह ने कई राजस्व कर्मियों व कानूनगो के साथ मंगलवार को पहुंचकर जांच की तो तालाब पर 32 लोगों का कब्जा मिला। जिसमें दो लोगों के खिलाफ 122 बी की कार्यवाही भी हो चुकी है। सभी को तहसीलदार बीकापुर धर्मेन्द्र सिंह ने सख्त आदेश देते हुए कहा कि चार दिन में कब्जे को स्वयं हटवा ले नहीं तो बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# हादसे में अग्निशमन के लीडिंग फायरमैन की मौत



हादसे में मृत अग्निशमन विभाग के मुख्य आरक्षी लीडिंग फायरमैन को अंतिम सलामी देते कर्मी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रयागराज हाईवे पर हुए हादसे में अग्निशमन विभाग के तैनात एक लीडिंग फायरमैन मूल रूप से बलिया जिले के उभाव थाना क्षेत्र स्थित लोदुरही गाँव का निवासी हरेंद्र प्रसाद पटेल (45) पुत्र फागू पटेल की मौत हो गई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने मंगलवार को बताया कि वह सोमवार रात लगभग साढ़े आठ बजे दो अग्निशमन यंत्र को पहुँचाने के लिए मोटरसाइकिल से बीकापुर तहसील मुख्यालय स्थित अग्निशमन केंद्र गया था। देर रात लौट रहा था। प्रयागराज हाईवे पर पूराकलंदर थाना क्षेत्र के लंगड़ा चौकी क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सड़क हादसे में मुख्य आरक्षी हरेंद्र प्रसाद की मौत हुई है। केजीएमयू लखनऊ में पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस लाइन में अंतिम सलामी देकर शव को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गाँव रवाना किया गया है।

# गैर इरादतन हत्या में तीन दोषियों को 10 साल की सजा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या के एक मामले में कोर्ट ने तीन लोगों को दोषी पाते हुए 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर 21 हजार जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की धनराशि में से 50 फीसदी वादी मुकदमा को देने का आदेश हुआ है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय रवि कुमार गुप्ता की अदालत से सोमवार को हुआ। घटना 14 नवंबर 2021 की समय 7:30 बजे शाम की है। मवई थाना क्षेत्र के सैदपुर मजरे खरिका का रहने वाला भोलानाथ खेत की सिंचाई कर रहा था। लाठी डंडा से लैस होकर उसके गांव के अमर बहादुर ,विशाल, कैलाश और अंकित वहां पहुंचे और रास्ते में बिछी पाइप को हटाने के लिए कहने लगे। पाइप न हटने से नाराज होकर सभी ने भोलानाथ के पिता गया बख्श को लाठी डंडा से पीटा। भोलानाथ बचाने गया तो उसे भी पीटा। गया बक्स की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। सभी चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट लिखाई गई थी। इस दौरान विशाल की मौत हो गई। अन्य को सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाया और सजा सुना दी।



# छात्रों को आत्मनिर्भर बनने के सिखाए गुर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मंगलवार को सीबी सिंह लॉ कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीते मंगलवार को सीबी सिंह लॉ कॉलेज सोनगांव के सभागार में एकदिवसीय आत्मनिर्भर भारत संवाद व संभाषण प्रतियोगिता व अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबा राम शब्द यादव महामंत्री भाजपा व विशिष्ट अतिथि संजय तिवारी प्रवक्ता डॉ. जीके जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर, प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संवाद संभाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर बीएएलएलबी की पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुवाषिनी कसौधन ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान आनंद वर्धन पटेल एलएलबी प्रथम सेमेस्टर और तृतीय स्थान कृष्ण कुमार यादव एलएलबी प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अमित तिवारी ने किया। सीबी सिंह लॉ कॉलेज के प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी सनातन धर्म में पहले से विद्यमान था, लेकिन कुछ विषम परिस्थितियों के कारण हमारी निर्भरता छिन्न-भिन्न हो गई थी। जिसे आज के समय में प्राप्त किया जाना अति आवश्यक है।


प्रशस्ति पत्र देते प्रबंधक डॉ. उदय प्रताप सिंह व भाजपा नेता बाबा राम शब्द यादव।

### कार्यक्रम में इन्होंने किया प्रतिभाग

कार्यक्रम में आदीप्ति इंडिया फाउंडेशन की संचालिका वर्षा त्रिपाठी, उप प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र यादव, डॉ. जेपी दुबे, डॉ. सीपी तिवारी, डॉ. आरके वर्मा कोऑर्डिनेटर नैक, डॉ. मयंक देव सिंह और बीएएलएलबी पंचवर्षीय व त्रिवर्षीय एलएलबी के छात्रों ने भाग लिया।

# मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार, तैयारियां तेज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में नवरात्रि का उल्लास चहुंओर दिखने लगा है। प्रसिद्ध मंदिरों और ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के स्वरूप में पंडाल तैयार करने में कारीगरों के हाथ तेजी से चल रहे हैं। कहीं पूजा-पंडाल में राममंदिर का रूप दिया जा रहा तो कहीं वैष्णो देवी मंदिर का मॉडल तैयार किया जा रहा। कहीं कमल के फूल पर मां दुर्गा दर्शन देंगी तो कहीं चंद्रयान टू में दिखेंगी।

तीन अक्टूबर से शुरू हो रही दुर्गा पूजा को लेकर जनपद में पूजा पंडालों को तैयार करने में कारीगरों के हाथ तेजी से चलने लगे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक न सिर्फ प्रसिद्ध मंदिर बल्कि ऐतिहासिक स्थलों का रूप पूजा पंडालों को दिया जा रहा है। साथ ही आकर्षक व भव्य रूप से सजावट का काम भी शुरू हो गया है। वहीं जनपद के जलालपुर, भीटी, टांडा और आलापुर क्षेत्र में दुर्गा पूजा का उत्साह चारों ओर देखने को मिल रहा है। शारदीय नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहा है। मां दुर्गा के भक्त विधि-विधान से कलश स्थापना के साथ ही पूजन-अर्चन करेंगे। नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप की आराधना विधि विधान से होगी। बाजारों में सामग्रियों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दिख रही है। नारियल, चुनरी, कलश, रक्षासूत्र, धूप, अगरबत्ती आदि की बिक्री बढ़ गई है।


दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देते कलाकार। अमृत विचार

### यहां स्थापित होंगी प्रतिमाएं :

अकबरपुर में 258, बेवाना में 81, सम्मनपुर में 108, बसखारी में 115, टांडा में 124, अलीगंज में 61, इब्राहिमपुर में 111, हंसवर में 53, भीटी में 90, अहिरौली में 65, महरुआ में 77, जलालपुर में 93, जैतपुर में 83, मालीपुर में 80 कटका में 97, आलापुर में 92, जहांगीरगंज में 62 व राजेसुलतानपुर में 76 पंडाल बनाकर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना होगी।

### 1726 स्थानों पर सजेगा मां का दरबार

जनपद में इस बार नवरात्र पर 1726 स्थानों पर पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। प्रशासन के आकड़ों के अनुसार सबसे अधिक पूजा पंडाल अकबरपुर सर्किल में लगेंगे। दूसरे नंबर पर टांडा व तीसरे नंबर पर बसखारी क्षेत्र है। पुलिस की ओर से सभी पूजन समितियों से अपील की गई है कि वे सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि पहली बार मूर्तिकारों की संख्या की भी गणना कराई गई है। जनपद में 81 मूर्तिकार हैं। इसमें दूसरे प्रांतों के कारीगर भी शामिल हैं, जो शहर के कोतवाली समेत कई स्थानों पर देवी-देवताओं की प्रतिमाएं तैयार करने में जुटे हुए हैं।

## एक नजर

### गांधी जयंती पर आयोजित होगी दौड़ प्रतियोगिता

**अंबेडकरनगर।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर पुरुष और महिला वर्ग में 03 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 09 बजे से किया जाएगा। उपरोक्त दौड़ बस स्टैंड अकबरपुर से प्रारम्भ होकर पटेल तिराहे से होते हुए एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम पर समाप्त होगी। अतः सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आयोजन स्थल बस स्टैंड पर उपस्थित होकर सुबह 09 बजे तक अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रतियोगिता में पंजीकरण निशुल्क है। यह प्रतियोगिता जिला स्तर की है, इसमें किसी भी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

### अभियान के तहत आठ वाहनों का किया चालान

**अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बाजार, विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान, भीड़भाड़ वाले इलाके, बस स्टैंड, बैरियर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कुल 322 वाहनों को चेक किया। अभियान के तहत आठ वाहनों का चालान किया गया।

### पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मालीपुर पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को एक अदद चोरी के टिल्लू पंप के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मालीपुर थानाध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि चोरी के मुकदमें से सम्बंधित वांछित अभियुक्त सुरजीत कुमार निवासी रायपुर थाना अखंडनगर को हमजा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रसोइयों की समस्याएं प्राथमिकता से करें निस्तारित : एमएलसी

## बीएसए को अक्टूबर माह के मानदेय का भुगतान समय से कराने के लिए दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


विकास खंड भीटी के रसोइयों के साथ संवाद करते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व साथ में जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडेय और जिलाधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम पोषण योजना के तहत विकास खंड भीटी के रसोइयों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रसोइयों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना गया और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा रसोइयों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई।

बैठक में रसोइयों द्वारा बताई गई समस्याओं को एमएलसी व जिलाधिकारी ने एक-एक करके गंभीरता के साथ सुना। एमएलसी ने रसोइयों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रसोइयों की जो भी समस्याएं हैं उन्हें प्राथमिकता के साथ दूर किया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त रसोइयों का माह अगस्त तक का संपूर्ण बकाया मानदेय का भुगतान संबंधित रसोइयों के बैंक खाते में कर दिया गया है। जबकि विकास खंड भीटी और कटेहरी के रसोइयों का माह सितंबर तक का मानदेय का भुगतान कर दिया गया है। इसी के साथ ही उन्होंने आगामी त्योहारों के चलते जनपद के समस्त रसोइयों के माह अक्टूबर के मानदेय का भी भुगतान समय से कराने संबंधी कार्यवाही करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह को निर्देशित किया है। एमएलसी ने जनपद में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में समस्त रसोइयों को एक-एक सेट ड्रेस साड़ी, अप्रेन, हेडकबर, ग्लब्स, मास्क आदि चरणबद्घ रूप से सभी विकास खंडों में एमएलसी निधि से प्रदान करने की घोषणा किया। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ड्रेस का रंग आदि निर्धारित कर प्रथम चरण में क्रमशः विकास खंड भीटी, कटेहरी और टांडा में कार्यरत रसोइयों को आगामी नवरात्र के नवमी तक ड्रेस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने रसोइयों को विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुकिंग प्रतियोगिता के तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद के 1371 प्राथमिक विद्यालयों में 1 लाख 17 हजार 603 छात्र और 678 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 73 हजार 817 छात्र प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण मध्याह्न भोजन योजना से आच्छादित है।

### जनपद में 4 हजार 958 रसोइया कार्यरत

बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में वर्तमान में 4 हजार 958 रसोईया कार्यरत है। उन्होंने बताया कि मध्याह्न भोजन योजना का उद्देश्य राजकीय, परिषदीय तथा राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त अर्ह प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण योजना के तहत विद्यालयों में मध्यावकाश में छात्र-छात्राओं को निर्धारित मीनू के अनुसार स्वादिष्ट और रुचिकर भोजन प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी के प्रयास से प्रत्येक बच्चों को सप्ताह में बुधवार को उपलब्ध कराए जा रहे दूध में शहद मिलाकर भी दिया जा रहा है। इस दौरान मध्याह्न भोजन प्राधिकरण द्वारा मध्याह्न भोजन पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई।

### रसोइयों का दायित्व महत्वपूर्ण

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक रसोइया का कार्य और दायित्व बहुत ही महत्वपूर्ण है। वह छोटे-छोटे बच्चों की भविष्य का निर्माण करती हैं और बच्चों को एमडीएम के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराती हैं। इस अवसर पर रसोइयों के ड्रेस हेतु मिलने वाली धनराशि को बढ़ाने, मानदेय में वृद्धि सहित विभिन्न बिंदुओं पर संवाद स्थापित किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# ईओ ने किट के साथ काम करने की दी सलाह

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद अकबरपुर के तत्वाधान में अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह के नेतृत्व में जिला अस्पताल और अकबरपुर स्थित मीरानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

अकबरपुर नगर पालिका परिषद में स्वच्छता को गति देने वाले स्वच्छता ग्राहियों को स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों और कर्मचारियों की मौजूदगी में अकबरपुर नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों का स्वस्थ परीक्षण किया गया। अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने सफाई कर्मियों को बीमारी से बचाव के लिए सफाई किट के साथ काम करने की सलाह दी। नगर पालिका क्षेत्र में बीते 17 सितंबर से चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिका क्षेत्र के कई सथानों पर साफ -सफाई को अमली जामा पहनाया जा चुका है। साथ ही अभियान के तहत स्वच्छ सारथी क्लब, विद्यालयों और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों से भी सहयोग करने की अपील की जा रही है।


सफाई कर्मियों को टीशर्ट वितरित करते चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा व ईओ बीना सिंह।

### अध्यक्ष व ईओ ने सफाई कर्मियों को किया प्रोत्साहित

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अकबरपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा और अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने सफाई अभियान के तहत 155 घंटे से सफाई कार्य कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को टीशर्ट वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सभासद प्रिंस पाठक, शिव कुमार और नगर पालिका परिषद अकबरपुर के वरिष्ठ लिपिक ओंकार नाथ तिवारी, रवि उपाध्याय, जसवंत सिंह यादव समेत नगर पालिका परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साथ रहने के लिए राजी हुए दो जोड़े

**अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय और महिला कांस्टेबल प्रिया मिश्रा द्वारा पति-पत्नी के दो जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-ख़ुशी विदा किया गया। बता दें कि महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय व महिला कांस्टेबल प्रिया मिश्रा द्वारा पति-पत्नी के दो जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया।

## सार-संक्षेप

### वैश्य समाज आज निकालेगा स्वाभिमान यात्रा

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर,अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर वैश्य समाज जलालपुर और रफीगंज के संयुक्त तत्वाधान में वैश्य स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा नेवादा स्थित शिप्रा मैरिज हाल से शुरू होकर जलालपुर होते हुए रफीगंज में समाप्त होगी। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी संतोष गुप्ता ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर वैश्य स्वाभिमान यात्रा निकलेगी। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रमाशंकर जायसवाल, विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा मोर्चा लालगंज आजमगढ़ रतन गुप्ता, अतरौलिया चेयरमैन सुभाष जायसवाल, श्रवण गुप्ता, ओमकार गुप्ता सहित कई जिलों के वैश्य से जुड़े लोग शामिल होंगे। उनके स्वागत के लिए भव्य तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान नेवादा के बन्दीरोड स्थित शिप्रा मैरिज हाल से बुधवार को करीब 12 बजे वैश्य स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी। जो अंबरपुर, नगपुर, जलालपुर मंगुरीडीला से होते हुए रफीगंज सेमरा में समाप्त होगी। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए वैश्य समाज के स्थानीय अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, रैली संयोजक अरविन्द गुप्ता, विजय गुप्ता सहित अन्य लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। मौके पर जलालपुर वैश्य समाज के अध्यक्ष अनिल जायसवाल, शीतल सोनी, अरविंद गुप्ता भी मौजूद रहे।


कार्यक्रम के संयोजक संतोष गुप्ता व साथ में वैश्य समाज के अध्यक्ष अनिल जायसवाल।

### आशा बहुएं लोगों को संचारी रोग के प्रति करें जागरूक


संचारी रोग नियंत्रण अभियान को हरी झंडी दिखाते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व साथ में जिलाधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे और जिलाधिकारी अविनाश सिंह रहे। एमएलसी और जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने बताया कि विशेष संचारी दस्तक अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाना है। जिसके अंतर्गत डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, दिमागी बुखार और अन्य संचारी रोग क्षय रोग, कुष्ठ रोग पर प्रभावी नियंत्रण और इसका त्वरित इलाज सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने आशा बहुओं को घर-घर जाकर लोगों में जागरूकता के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित विद्यालयों के बच्चों और आशा संगिनी, सहायिका, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, कर्मचारियों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शपथ दिलाई। इसके बाद एमएलसी और जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर विशेष संचारी रोग और दस्तक अभियान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, उप जिलाधिकारी भीटी सदानंद सरोज, उपजिलाधिकारी जलालपुर पवन कुमार जायसवाल, तहसीलदार भीटी, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक भीटी, आशा बहु और बच्चे उपस्थित रहे।

### पुलिस ने लापता किशोरियों को किया बरामद

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** जैतपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से दो किशोरियों का अपहरण कर लेने के मामलें में पुलिस ने कुल चार आरोपियों के विरुद्ध अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लापता किशोरियोंको तत्परता दिखाते हुए बरामद कर लिया है। जैतपुर थाना के एक गांव निवासिनी पीड़ित मां ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया कि बीते 27 अगस्त को उस की 14 वर्षीय पुत्री को शाहपुर निवासी विनय कुमार बहला-फुसला कर कहीं लेकर भाग गया। जिसका आज तक कहीं पता नहीं चला। मां ने आशंका जताई कि पुत्री के साथ कोई अनहोनी हो न जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के आदेश पर पुलिस ने आरोपी विनय कुमार के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर लिया है। उधर जैतपुर के ही एक अन्य गांव निवासी पिता ने सीओ जलालपुर से शिकायत करते हुए बताया कि बीते चार सितंबर को उसकी बेटी घर से कोचिंग पढ़ने निकली तो शाम तक वापस घर नहीं आयी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि सेहरी जैतपुर निवासी रामधनी ने अपने पुत्र परशुराम के साथ मिलकर अपने दूसरे पुत्र जोखन के साथ कहीं गायब कर दिया है। इस सम्बंध में जैतपुर थाना में शिकायत की गई, लेकिर कोई सुनवाई नहीं हुई। सीओ के आदेश पर पुलिस ने पिता व उसके दो पुत्रों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बालिका को बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष जैतपुर वंदना अग्रहरि ने बताया कि दोनों मामलों में कुल चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गायब दोनों किशोरियों को बरामद कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# सड़क हादसे में दो युवतियों की मौत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र के अकबरपुर-महरुआ मार्ग पर सरहरी गांव के पास कार की चपेट में आने से दो युवती गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गई, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों युवतियों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दोनों युवतियां एक ही गांव की रहने वाली थीं। घटना बीते सोमवार देर रात की है।

बता दें कि महरुआ थाना क्षेत्र के सरहरी गांव की निवासी माधुरी 25 वर्ष और अंशिका 18 महरुआ अकबरपुर मार्ग पार कर रही थी। तभी अकबरपुर की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दो गंभीर रूप से घायल युवतियों को लेकर जिला अस्पताल गई। जहां पर डॉक्टरों ने युवतियों को मृत घोषित कर दिया। एक ही गांव की दो युवतियों की सडक़ हादसे में हुई मौत के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है।

महरूआ थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दो जिलों के दौरे पर

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा और भाजपा की सदस्यता अभियान सहित अन्य कार्य और कार्यक्रम की समीक्षा के लिए प्रदेश के भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह मंगलवार से दो दिवसीय दौरे पर हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय के शहजादपुर में महात्मा गांधी की जयंती पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद वह क्षेत्रीय गांधी आश्रम से खादी वस्त्रों की खरीद और बूथ स्तर पर भाजपा की सदस्यता अभियान में शामिल होंगे। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की सदस्यता अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों की बैठक करेंगे।

# पीएम आवास योजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी जाएगी वरीयता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण माह स्तनपान व ऊपरी आहार पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकायों का अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान विकासखंड भीटी के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यकत्री और सहायिका से सीधे संवाद स्थापित किया। कार्यकत्रियों ने अपने कार्य, दायित्व के साथ आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित 10 कार्यकत्रियों को केंद्रों के लिए प्री स्कूल किट, खिलौने किट और 11आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहाहिकाओ को टिफिन भी वितरित किया। जिन्होंने खुल के बेहतर संवाद किया और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के विषय में बात रखी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला द्वारा कार्यकत्रियों के कार्य और दायित्व का बोध कराया गया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को बताया कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती और सहायिका को वरीयता दिया जा रहा है। कार्यशाला में कार्यकत्री को स्तनपान के महत्व और लाभ तथा नहीं कराने से होने वाले नुकसान के बारे में भी रेखांकित किया गया और 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन की शुरुआत के साथ ऊपरी आहार की उपयोगिता और महत्व पर प्रशिक्षण दिया। आंगनवाड़ी केंद्रों की तरक्की के लिए कायाकल्प के तहत केंद्रों को सुसज्जित किया जा रहा है।

### निर्देशों का शत-प्रतिशत किया जाएगा अनुपालन

बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी एसके सिंह ने विभाग की तरफ से आश्वस्त किया कि निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन किया जाएगा। विभाग और जिला प्रशासन की उम्मीदों पर पूरी टीम खरी उतरेगी, सीडीपीओ राजेश, एसीडीपीओ भीटी फूल कुमार और सीडीपीओ कटेहरी मौके पर उपस्थित रहे।

**बैठक** | जिलाधिकारी ने उद्यमिता विकास संस्थान में चलाए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में ली जानकारी, अधिकारियों को दिए निर्देश

# उद्यमियों का सहयोग करें जिम्मेदार अधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति और जिला व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं को हल किए जाने पर मंथन किया गया है।

जिलाधिकारी ने उद्यमिता विकास संस्थान में चलाए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली और उद्यमियों का सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में प्राप्त एमओयू प्रस्तावों को स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। वहीं निजी औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए सरकार के द्वारा संचालित प्लेज योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में सडक़ निर्माण और जल निकासी के लिए अनुरोध किया गया। जिसे जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों की स्थापना में आ रही भूमि, सडक़ और पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए निवेशकों को भूमि मुहैया कराने के लिए अब निजी भूमि पर प्लेज स्कीम के तहत औद्योगिक पार्क विकसित किए जा सकते हैं। पहली बार सरकार की ओर निजी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नीति बनायी गई है। एक प्रतिशत ब्याज दर पर पार्क के विकास के लिए आवश्यक धनराशि ऋण के रूप में प्रवर्तक को उपलब्ध करायी जाएगी। प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरों को स्वरोजगारपरक बनाए जाने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2023 को लालकिले के प्राचीर से देश वासियों के लिए एक नई योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की भी जानकारी प्रदान की गई।


जिला व्यापार बंधु की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी, सीडीओ।

### बैंकों के अधिकारी कार्ययोजना बनाकर प्राप्त करें लक्ष्य

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बैंक और शासन की योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में ऋण जमानुपात, जिले में काम कर रहे प्रत्येक बैंक शाखाओं व बैंक एटीएम, बैंक मित्रों के कार्य, माटीकला, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम, मुद्रा योजना, माइक्रो लोन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बड़ौदा आरसेटी आदि के द्वारा प्राप्त लक्ष्य की समीक्षा किया और लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बैंकों के सीडी रेशियों 40 प्रतिशत से कम हैं, वह सभी बैंक के अधिकारी कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य को प्राप्त करने और विभिन्न बैंकों में विभिन्न योजनाओं के लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चचत करें। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव, अग्रणी जिला प्रबंधक कमलेश भास्कर, उप निदेशक कृषि अश्विनी कुमार ड्क्षसंह, उपायुक्त उद्योग, बैकर्स और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आम आदमी को लोन लेने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, आम आदमी को आसानी से लोन मिल सके इसके लिए कार्य योजना बनाने और सुगमता से लोन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को वित्तीय साक्षरता के लिए नियमित वित्तीय साक्षरता कैंप स्थापित किए जाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### 106 ग्राम पंचायतों में होगी पशुगणना

**गोंडा।** ब्लॉक रुपईडीह की 106 ग्राम पंचायतों में पशुओं की गणना की जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ब्लॉक मुख्यालय के पर स्थापित राजकीय पशु चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ बी आर निगम ने बताया कि ब्लॉक की 106 ग्राम पंचायतों में पशुओं की गणना किए जाने के लिए पर पशु मित्रों की तैनाती कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पशु गणना शुरू करने की तिथि निर्धारित होने पर पशु गणना शुरू कर दी जाएगी।

### शिक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण

**रुपईडीह, गोंडा।** निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक रुपईडीह के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक, शिक्षिकाओं व शिक्षामित्रों का ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहा चार दिवसीय प्रशिक्षण का छठवें चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में एआरपी आशुतोष द्विवेदी, चंद्रशेखर तिवारी, मनोज तिवारी व घनश्याम शुक्ल तथा कंपोजिट विद्यालय पुरैनिया के प्रधानाध्यापक बाल मुकुंद पांडेय द्वारा सभी को निपुण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विभिन्न तौर तरीकों से अगवत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में 100 लोगों ने प्रतिभाग किया।

### 93 पशुओं को भेजा गया गो आश्रय केंद्र

**रुपईडीह, गोंडा।** सड़कों पर घूम रहे तथा फसलों को नुकसान पहुंचा रहे मवेशियों को पकड़कर गोशाला में भेज दिया गया है। राजकीय पशु चिकित्सालय रुपईडीह के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ वीर आर निगम ने बताया कि मवेशियों से किसानों के फसलों को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है व सड़कों पर इनकी उपस्थिति के कारण हादसे भी बढ़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में मवेशियों को संरक्षित करने के लिए दो दिनों तक अभियान चलाकर 93 पशुओं को पिपरा बाजार, कोचवा, पचरन व हरिचंदपुर मे संचालित के गो आश्रय केंद्र में संरक्षित कराया गया है।

### मीना मेले का आयोजन

**गोंडा :** बालिकाओं की शिक्षा व सशक्तिकरण मुद्दे पर एक दिवसीय मीना मेला का आयोजन पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय चौरी के परिसर में मंगलवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक एवं बच्चों की जनजागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। कक्षा सात की छात्रा अंशिका यादव का चयन मीना हेतु किया गया। विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के साथ पोस्टर ,सुलेख, दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवकी नन्दन शुक्ल ने किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधुलिका पांडेय, पुष्कर त्रिपाठी, इरशाद अहमद, अवधेश कुमार, प्रशांत शर्मा, अरुणा समेत तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

### स्वच्छता में अव्वल छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**रुपईडीह।** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड रुपईडीह अंतर्गत गंगा प्रसाद मिश्रीलाल इंटर कॉलेज में किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्त रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य गोविंद यादव व संचालन कमलेश्वर पाठक ने किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को विद्यालय प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्त व रजनी कांत तिवारी द्वारा लवकुश, दिव्या शुक्ल, मोनी सिंह, सत्यम तिवारी, मनीष शुक्ल, अभिमन्यु, शुभम मिश्र, अंश विश्वकर्मा को पुरस्कृत किया।

# खरीद के पहले दिन नहीं हुई बोहनी

## जिले में मक्का खरीदने के लिए बनाए गए हैं दो केंद्र, पसरा रहा सन्नाटा

**गोंडा, अमृत विचार:** मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले 2024- 25 मे मक्का की खरीद आज से शुरू हुई। लेकिन खरीद सत्र के पहले दिन दोनों क्रय केंद्रो की बोहनी नहीं हो सकी है। मार्केटिंग विभाग की ओर से मुख्यालय पर बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी तथा नवाबगंज मंडी में क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खरीद की तैयारी कई दिनों से जोरों से हो रही थी, दोनों क्रय केंद्र पर सुबह से ही केंद्र पर भारी मौजूद रहे, लेकिन कोई भी किसान मक्का की फसल को बेचने के लिए केंद्र पर नहीं आया, इसलिए सन्नाटा पसरा रहा।

इस बार मक्का खरीदने के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत भाव में बढ़ोतरी की गई है। विगत वर्ष 2090 प्रति क्विंटल से खरीद की गई थी, लेकिन सरकार ने इस बार मूल्य समर्थन 135 रुपये बढ़ाते हुए 2225 रुपये की दर से खरीद करने का फैसला किया है। जिले में मक्का की खेती तरबगंज, परसपुर, नवाबगंज, कटरा बाजार, करनैलगंज समेत कई स्थानों पर होती है। सरकारी

**▸▸ 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाना है मक्का**

क्रय केंद्र पर किसान अपनी उपज को बेचें इसको लेकर किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। किसानों को अपना मक्का बेचने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, उसके बाद मक्का के केंद्र प्रभारी किसानों से उनकी उपज को खरीदेंगे। भुगतान भी किसानों के खाते में ही जाएगा, इसलिए आवेदन के समय किसानों को वही खाता देना होगा जो सही रूप से संचालित हो रहा हो। मार्केटिंग विभाग का दावा है कि मक्का खरीद को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए केंद्र की प्रभारी मार्केटिंग इंस्पेक्टर राजकुमार चौधरी तथा नवाबगंज मंडी केंद्र प्रभारी मार्केटिंग इंस्पेक्टर निशांत त्रिपाठी केंद्र पर सुबह से बैठे रहे, लेकिन कोई आया ही नहीं। मक्का उत्पादन वाले क्षेत्र में जो मक्का खरीद के प्रभारी बनाए गए हैं, उनको भी भ्रमणशील रहकर किसानों को जागरूक करने का भी निर्देश दिया चुका है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि मक्का खरीद आज से शुरू होनी थी, केंद्र भी खोले गए हैं, लेकिन खरीद के पहले दिन कोई भी किसान केंद्रों पर नहीं आया है। मक्का खरीद सत्र के पहले दिन खरीद नहीं हो पाई है। जिले में मक्का किसानों से उनकी उपज को खरीदने के लिए दो क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक केंद्र नवाबगंज मंडी में है, जबकि दूसरा बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी में है। इस बार मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों से मक्का 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा। मक्का खरीदने के लिए केंद्र खोल दिए गए हैं। तैयारी पूरी है।



मंडी समिति में स्थापित मक्का क्रय केंद्र। अमृत विचार

# पोषाहार वितरित न होने पर एसडीएम से की शिकायत

**करनैलगंज, अमृत विचार :** विकास खंड करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर निवासी शुभम सिंह व विकास सिंह ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी करनैलगंज को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें कहा है कि उसके गांव में समूह द्वारा आंगनबाड़ी का संचालन किया जाता है। समूह की अध्यक्ष देवकी सिंह पत्नी संदीप सिंह हैं जो ग्राम प्रधान की बहु हैं।

गांव की धात्री महिलाओं एवं बच्चों के लिए आने वाले पोषाहार का वितरण तीन-चार माह के बाद किया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पोषाहार का वितरण महिलाओं बच्चों को न करके पशु आहार के रुप में पशुपालकों को बेच दिया जाता है। यही नहीं तीन चार माह बाद कभी कभार पोषाहार का वितरण किया भी जाता है तो बच्चों के विद्यालय में न करके ग्राम पंचायत भवन में किया जाता है। अनियमितता की शिकायत पर उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा को प्रकरण की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

## सार-संक्षेप

### परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला का हुआ मंचन


परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में नगर के गुड़ाही बाजार में चल रहे रामलीला महोत्सव में बीती रात परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

मंचन में दिखाया गया मिथिला में शिव धनुष भंग होने पर तपस्यारत भगवान परशुराम का ध्यान भंग हो जाता है, और वे मिथिला पहुंच जाते हैं। मिथिला में मौजूद सभी राजागण उन्हें देखकर भयभीत हो जाते हैं। जनक जी स्वयं उन्हें प्रणाम करके सीता का परिचय कराते हैं। विश्वामित्र जी राम, लक्ष्मण से प्रणाम कराते हैं। टूटा हुआ धनुष देखकर परशुराम क्रोधित हो जाते हैं और जनक से कारण पूछते हैं। परशुराम के क्रोध को देखकर लक्ष्मण सामने आते हैं। दोनों में काफी देर तक संवाद होता है और अंत में जब परशुराम को विश्वास हो जाता है कि श्रीराम साक्षात भगवान विष्णु के अवतार हैं। तो वे दोनों भाइयों की वंदना करके तप हेतु वन को प्रस्थान करते हैं। लीला का संचालन श्री भगवान साह एवं चंद्रकुमार शुक्ला ने किया। रामलीला के अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, विश्वनाथ शाह, सोनू पुरवार, अरुण वैश्य, एडवोकेट राजेंद्र सोनी, दीपक सोनी, अरविन्द वैश्य, अंकित जायसवाल, दीपक सोनी, रितेश सोनी बड़े, राजन सोनी, साकेत शाह, आशीष गिरी, अनुज जायसवाल, शिव भवन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### छेड़खानी मामले में पुलिस ने दो लोगों पर दर्ज किया केस

**करनैलगंज :** मामला करनैलगंज क्षेत्र के एक गांव का है जहां एक नाबालिग बालिका अपनी दो नाबालिग सहेलियों के साथ गांव के बाहर खेत में शौच के लिए गई थी। जहां एक युवक पहले से घात लगाए बैठा था। उसने एक बालिका को हाथ पकड़कर जबरन दुष्कर्म करने की नीयत से झाड़ियों में खींचने लगा। बालिका ने छुड़ाने का प्रयास किया तो युवक ने उसके हाथ में दांत से काट भी लिया। बालिका के शोर मचाने पर जब आसपास के लोग दौड़े तो युवक ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मार देने की धमकी दी। बालिका अपने पिता के साथ जब पुलिस से शिकायत करने के लिए निकली तो उसे रास्ते में रोककर युवक के परिजनों ने गांव से उजाड़ देने की धमकी दिया। पुलिस ने बालिका के पिता की तहरीर पर मंशाराम व रामदेव निवासी गोनई गोसाईं पुरवा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला अनुसूचित जाति का है इसकी विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

### दबंगों ने उखाड़ा खड़ंजा, बीडीओ ने भेजा शिकायती पत्र

**तरबगंज :** विशुनपुर गांव में लगा खड़ंजा दबंगों ने उखाड़ कर गायब कर दिया। शिकायत ग्राम प्रधान व सचिव ने बीडीओ से की। बीडीओ ने थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। विशुनपुर गांव के मजरा बनियन पुरवा में डेढ़ महीने पहले पक्की रोड से बुद्धू के घर तक 40 मीटर खड़ंजा लगाया गया था, जिसको गांव के दबंगों ने उखाड़ कर ईंट को गायब कर दिया। शिकायत ग्राम प्रधान मदन मोहन दूबे व सचिव नरेन्द्र ने बीडीओ तरबगंज से की। संज्ञान लेते हुए बीडीओ तरबगंज रविकुमार गुप्ता ने थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव वालों के अनुसार जहां खड़ंजा लगा था उस पर पहले से ही विवाद चल रहा है। जिस पर ग्राम प्रधान ने सुलह समझौता करवाकर खड़ंजा लगवा दिया था जिसे उखाड़ कर गायब कर दिया गया है।

# टिनशेड में उतरे करंट से युवक की मौत

**इटियाथोक, अमृत विचारः** इटियाथोक के सिसई बहलोलपुर गांव में मंगलवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। टिन शेड में लगे पाइप में उतरे करंट की चपेट मे आकर एक युवक की मौत हो गयी। इस दर्दनाक हादसे के बाद में मातम पसरा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिसई बहलोलपुर गांव का रहने वाला राम अवतार (38) श्रमिक था और मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी और वह अपने

**▸▸ सिसई बहलोलपुर गांव में हुई घटना**

भाइयों के साथ रहता था। मंगलवार की सुबह वह गांव के बगल लगे टावर के पास बने सिद्धार्थ मिश्र के घर की तरफ गया था। सिद्धार्थ ने यह मकान किराए पर दे रखा है। इसी मकान के आगे लगे टिन शेड की पाइप में करंट उतर रहा था। राम अवतार ने जैसे ही पाइप को पकड़ा वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। राम अवतार की मौत से गांव में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होने सभी पहलुओं की गहनता से जांच पड़ताल की और प्रधान प्रतिनिधि से घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि सिद्धार्थ मिश्र ने अपना घर किराये पर दे रखा है। घर पर घरेलू कनेक्शन है। खंभे से घर तक जो केबिल गई थी वह कटी हुई थी जिससे लोहे की पाइप में करंट उतर रहा था। उसी की पाइप को छूते ही राम अवतार करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गयी।

# डीएम से झूठी शिकायत करने पर तीन लोगों पर एफआईआर

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार।** जिलाधिकारी को पत्र देकर झूठी शिकायत करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ग्राम हरदैंया भटपुरवा के अमेरिका प्रसाद, वीरेंद्र, विश्वनाथ गौतम ने गांव के अन्य ग्रामीणों व ग्राम प्रधान का नाम पत्र में लिखकर जिलाधिकारी से ग्राम पंचायत में तालाब पर कब्जा किए जाने की शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मामले की जांच की तो शिकायतकर्ताओं ने कोई भी प्रार्थना पत्र देने से इनकार कर दिया। वहीं राजस्व टीम को मौके पर कोई कब्जा भी नहीं मिला। इस मामले की शिकायत ग्राम प्रधान सूर्य नारायण गोस्वामी ने पुलिस अधीक्षक से की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विश्वनाथ गौतम, अमेरिका प्रसाद व वीरेंद्र के खिलाफ झूठी शिकायत करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# मौरंग लदे डंपर में भिड़ी डबल डेकर बस

**करनैलगंज, गोंडा**

**अमृत विचार :** गोंडा-लखनऊ मार्ग पर शिवानी ट्रांसपोर्ट के सामने एक मंगलवार की सुबह ओवरटेकिंग के दौरान यात्रियों से भरी डबल डेकर बस बगल से गुजर रहे मौरंग लदे डंपर से भिड़ गयी। इस हादसे में बस का अगला और बगल का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में किसी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई। हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हट वा कर यातायात बहाल कराया।

दिल्ली से गोंडा के बीत चलने वाली वंदे भारत डबल जाकर बस मंगलवार की सुबह दिल्ली से सवारी लेकर गोंडा आ रही थी। बस गोंडा लखनऊ हाइवे पर करनैलगंज कोतवाली के श्रीराम पेट्रोल पम्प के पास पहुंची थी कि बस चालक अपने आगे जा रहे एक मौरंग लदे डंपर को ओवरटेक करने लगा। इस ओवरटेकिंग के दौरान वह बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस डंपर को पीछे से ठोकर मारने के बाद उसे रगड़ते हुए निकल गयी। हालांकि इसी दौरान दोनों चालकों ने सूझबूझ दिखाते हुए अपने अपने



हादसे के बाद सड़क पर खड़ी क्षतिग्रस्त बस व डंपर। अमृत विचार

**हादसा टला**

**▸▸ गोंडा-लखनऊ मार्ग पर शिवानी ट्रांसपोर्ट के पास दुर्घटना**

वाहनों को रोक लिया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक व बस में सवार कुछ यात्रियों को हल्की चोट जरूर आई लेकिन किसी को इलाज की जरूरत नहीं पड़ी।हादसे के बाद हाइवे पर वाहनों की कतार लग गयी। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंच गयी और दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर किनारे कराया तथा आवागमन बहाल कराया। करनैलगंज में इसके पहले भी इस तरह के कई हादसे हुए हैं।

### अवैध रूप से दौड़ रहीं बसों व डंपरों से आए दिन हो रहे हादसे

स्थानीय लोगों का कहना है कि करनैलगंज क्षेत्र में यह कोई पहला हादसा नहीं है। इसका कारण है कि गिट्टी मौरंग लदे डंपर सड़कों पर बेतरतीब खड़े कर दिए जाते हैं। ठेकेदारों ने पूरी सड़क को मौरंग मंडी बना दिया है। इसी तरह डबल डेकर बसें भी अवैध तरीके से चल रही हैं। इन पर भी प्रशासन का कोई अंकुश नहीं है। इन बड़े वाहनों से आए दिन हादसा होता है लेकिन जिम्मेदार इनके खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। स्थानीय लोगों में नाराजगी है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि अभियान चलाकर अवैध डबल डेकर बसों एवं ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# प्रसूता की मौत मामले में डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज

**गोंडा :** प्रसूता की मौत के मामले में महिला डॉक्टर पर न्यायालय के आदेश पर करीब एक वर्ष के बाद नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला बहलोलपुर गांव से जुड़ा है। गाँव के रहने वाले नरेंद्र मिश्रा एक महिला को इलाज के लिए डॉक्टर सुवर्णा के देखरेख में भर्ती कराया था , लेकिन इलाज के दौरान ही प्रसूता की मौत हो गई थी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था। आरोपी चिकित्सक पर कार्रवाई के लिए नगर कोतवाली में भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित परिवार न्यायालय की शरण में चला गया था। न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नगर कोतवाली पुलिस को आरोपी चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया, जिस पर पुलिस ने सोमवार देर शाम को आरोपी चिकित्सक डॉक्टर सुवर्णा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है। क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद यादव ने बताया कि न्यायालय के आदेश के क्रम में आरोपी चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-209

**बाएं से दाएं**

2. जंगली भैंसा, वन्य पशु।
4. 1. हित या भलाई के विचार से किया गया कथन, हितवचन 2. वह विचारधारा जो हित
6. 1. यक्ष की स्त्री 2. यक्षिणी 3. दुर्गा की एक अनुचरी।
7. पान बेचने वाला व्यक्ति, पनवाड़ी, बरई, तंबोली।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी विषय पर एक राय रखने वाले, समान विचार वाले, सहमत।
2. सूर्योदय के पहले का समय जब आसमान में लाली छा जाती है, उषाकाल, भोर, तड़का।
3. हस्तिनापुर का एक नाम।
4. 1. हिफ़ाज़त संबंधी 2. हिफ़ाज़त या रक्षा करने वाला।
5. 1. गहरा, बेहद करीबी, अंतरंग (मित्र) 2. जिगर संबंधी, जिगर का 3. हार्दिक, दिली 4. अभिन्न, घनिष्ठ।



### वर्ग पहेली -208 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बो | ■ | ■ | 2 अ | ■ | 3 ना |
| ड़ा | ■ | 4 अ | भि | रा | म |
| ■ | ■ | ■ | वं | ■ | ची |
| 5 ऐ | ■ | ■ | चि | ■ | न |
| 6 त | बी | य | त | ■ | ■ |
| बा | ■ | ■ | ■ | ■ | 7 छाँ |
| 8 र | हा | ई | ■ | ■ | टा |

## सुडोकू -122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 1 | | 5 | 6 | | | 8 |
| 3 | | | | | 2 | | 4 | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 9 | | 1 | | 2 |
| | 6 | 3 | | | | 7 | 8 | |
| 1 | | 2 | | 3 | | | | 5 |
| | | 4 | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | | | | 6 |
| 6 | | | 7 | 4 | | 8 | 2 | |

### सुडोकू - 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 3 अक्टूबर 00 .18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज आप उत्सव के मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नए लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उसमें काम भी करेंगे।

**वृष** – आज परिजनों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। इसके बावजूद भी आप लोगों का मनोबल बढ़ाने में काफी मदद कर सकते हैं। करियर को लेकर बड़े निर्णय लेने से बचें। फिर नकारात्मक विचारों में मन में न आने दें।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। माता-पिता से सलाह लेकर काम करना उत्तम होगा। बोलचाल के दौरान भाषा की मर्यादा का ध्यान रखें। अनावश्यक बोलने के कारण मजाक का पात्र बन सकते हैं।

**कर्क** – आज कई दिनों से जिस मामले को लेकर अनिर्णय की स्थिति में थे, उसको लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। मानसिक तनाव में कमी आएगी।

**सिंह** – आज किसी आवश्यक कार्य के पूर्ण न होने से आप क्रोधित हो सकते हैं। धन उधार लेना आपको महंगा पड़ सकता है। अधिकारी वर्ग को आपके काफी अपेक्षा होगी। कारोबार को लेकर आपका अनुमान पूरी तरह से गलत सिद्ध हो सकता है।

**कन्या** – आज दैनिक दिनचर्या काफी उलझी हुई सी प्रतीत होगी। स्वास्थ्य को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित भाव रखेगा। कोई उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। मित्रों से शुभ सूचना मिल सकती है।

**तुला** – आज लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मित्रों के प्रति अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। किसी पर भी ज्यादा भरोसा करना घातक हो सकता है। यदि किसी प्रोग्राम का आयोजन कर रहे हैं तो बहुत ज्यादा सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज रुके कार्यों में गति आएगी। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों अपनी कूटनीति से विरोधियों को परस्त कर देंगे। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए अनुभव मिलेंगे।

**धनु** – आज जॉब में काम का दबाव अधिक रहेगा। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ने वाला है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। आपको जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जाएगा।

**मकर** – आज अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को शामिल करें। आय के नए साधन तलाशने का प्रयास करेंगे। नए व्यापार की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अंतर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**कुंभ** – आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आप योगदान दे सकते हैं। व्यवसाय में फाइनेंस को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऑफिस में जूनियर्स की बातों से मन व्यथित होगा।

**मीन** – आज व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पार्टनर्स के व्यवहार को लेकर जो समस्या थी उसे चर्चा द्वारा दूर कर लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 12 .23 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

**संसार** सुबह : 09 .08
**सोच न था** रात : 07 .19
**केदारनाथ** सुबह : 11.19
**गदर** रात : 07 .30
**वेनम** सुबह : 10 .17
**द डार्क नाइट** रात : 09 .00
**हम साथ साथ हैं** दोपहर : 01 .09
**हीरो हिन्दुस्तानी** रात : 10 .30
**स्पाइडर मैन 2** सुबह : 11.03
**टाइगर नागेश्वर राव** रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## एक नजर

### विनय बने कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव

**करनैलगंज, अमृत विचार** : करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम बुढ़वलिया निवासी विनय मौर्य को उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का प्रदेश सचिव बनाया गया है। अध्यक्ष मनोज यादव ने पत्र जारी कर कहा कि यह निर्णय कांग्रेस संगठन में अभिरुचि व नीतियों और सिद्धांतो के अनुरूप पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण की दिशा में किये कार्यों व योगदान को देखते हुए लिया गया है।

### वृद्धजनों का हुआ सम्मान

**गोंडा।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिला जज व विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बुजुर्गों को कपड़े व फल देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी व अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नकल से कहीं क्रांति नहीं हुई पुस्तक का विमोचन

**गोंडा** : लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर, हिंदी के विद्यार्थी जीतेशकांत पांडेय की पुस्तक का लोकार्पण किया गया। ''नकल से कहीं क्रांति नहीं हुई'' शीर्षक पुस्तक प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सूर्यपाल सिंह के साक्षात्कार पर आधारित है। महाविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा परीक्षा में प्रस्तुत परियोजना कार्य को गुणवत्ता के आधार पर निर्णय लेते हुए किसी प्रकाशन ने उसे पुस्तक रूप में प्रकाशित किया हो। महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह के मुख्य आतिथ्य में ''आत्मनिर्भर भारत'' पर आयोजित संभाषण प्रतियोगिता समारोह में इस किताब का विमोचन किया गया। इस अवसर पर देशबंधु कॉलेज, दिल्ली के प्रोफेसर और प्रसिद्ध दलित विमर्शकार बजरंग बिहारी तिवारी, साहित्य भूषण डॉ. सूर्यपाल सिंह, प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र, शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. शिवशरण शुक्ल, वनस्पति विज्ञान के अध्यक्ष प्रो. श्रवण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. रेखा शर्मा, प्रो. जय शंकर तिवारी, पवन कुमार सिंह सहित अनेक प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित सभी ने जीतेशकांत पांडेय को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज मिश्र ने किया।

### केवाईसी व श्रमिक राशन कार्ड को लेकर बैठक

**गोंडा** : मनकापुर तहसील सभागार में विकासखंड छपिया तथा मनकापुर के कोटेदारों के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह ने किया तथा संचालन पूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार ने किया। बैठक में कोटेदारों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने कहा कि सभी लोग अवशेष केसीसी के कार्य को पूरा कर लें इसमें लापरवाही न बरती जाए। यदि कोई समस्या आ रही है तो अपने पूर्ति निरीक्षक से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए समस्याओं का निराकरण समयबद्ध तरीके से करें। केवाईसी में लापरवाही बरतने वाले कोटेदारों के खिलाफ चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। पूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि केवाईसी के साथ-साथ ई-श्रम के आवेदक राशन कार्ड धारकों का अभिलेख लेकर सभी का राशन कार्ड जारी कराये, इसमें लापरवाही न बरतें। कई कोटेदार हैं जिनके यहां केवाईसी का प्रतिशत अभी बहुत ही कम है वे लोग केवाईसी करने में जुट जाएं। श्रजिला इंजीनियर शिवम शुक्ला ने कहा कि यदि कोई तकनीकी समस्या आ रही है। मशीन में गड़बड़ी है तो उसकी तत्काल सूचना दी जाए, ताकि समस्याओं का निराकरण समय से किया जा सके।

# समस्याओं को लेकर किसान क्रांति यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा


डीएम को ज्ञापन देते किसान क्रांति यूनियन के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** तरबगंज थाना क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर किसान क्रान्ति यूनियन कार्यकर्ताओं ने डीएम को एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

किसान क्रान्ति यूनियन के नेताओं ने एकजुट होकर तरबगंज थाना क्षेत्र के ढोढ़ेपुर के मजरा रेहरवा में खतौनी की जमीन पर हुए अवैध कब्जे को खाली कराने, बारिश व बाढ़ से हुए नुकसान की जांच कर उसकी भरपाई किए जाने व क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा जानवरों को गोशालाओं में भेजे जाने को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी नेहा शर्मा को सौंपा। कहा कि इन समस्याओं का निस्तारण पूरी पारदर्शिता के साथ त्वरित किया जाय जिससे किसानों को दौड़ भाग ना करनी पड़े। इस अवसर पर किसान क्रान्ति यूनियन के महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सविता श्रीवास्तव के साथ जिलाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में होगी जांच

फॉलोअप

फीस प्रतिपूर्ति घोटाला

**▸▸ ट्रेनिंग पर गए मजिस्ट्रेट के स्थान पर डीएम ने एसडीएम नेहा मिश्रा को सौंपी जिम्मेदारी**

**गोंडा, अमृत विचारः** गरीब बच्चों के नाम पर हुए फीस प्रतिपूर्ति घोटाले की जांच टीम का नेतृत्व अब करनैलगंज में तैनात न्यायिक मजिस्ट्रेट करेंगी। टीम में शामिल अपर उप जिलाधिकारी के प्रशिक्षण में चले जाने के कारण इस जांच के लटकने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन डीएम नेहा शर्मा ने जांच कमेटी में बदलाव करते हुए अब इसमें करनैलगंज की न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मिश्रा को शामिल कर दिया है।

परसपुर में संचालित आदर्श हरिजन शिक्षा समिति उल्हवा माझा, पसका परसपुर, एसपीएसआर शिक्षण संस्थान, पसका, परसपुर, श्री भगौती सिंह राठौर, प्राथमिक विद्यालय पसका, पूरे गजराज, श्री भगौती सिंह राठौर, बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय पसका, आदर्श हरिजन शिक्षा समिति प्राथमिक विद्यालय नन्दौर, आदर्श हरिजन शिक्षा समिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय, नंदौर, आदर्श हरिजन शिक्षा समिति बालिका प्राथमिक विद्यालय नन्दौर, आदर्श हरिजन शिक्षा समिति बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदौर, हरिभगत बाबा मौनीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पसका, हरिभगत बाबा मौनीदास बालिका पूर्व माध्यमिक माध्यमिक विद्यालय पसका, भैया नागेश्वर सिंह माध्यमिक स्कूल सरैया नान्हू, सावित्री देवी बाल शिक्षा निकेतन प्राथमिक विद्यालय पसका, आदर्श बाल विद्या मंदिर रगड़गंज, बेलसर, आदर्श किसान पी.एस. समिति, बेलसर व आदर्श हरिजन शिक्षा पद्धति विद्यालय बरौली सांवलनगर, बेलसर में आरटीई के तहत फर्जी बच्चों के नामांकन का आरोप है। परसपुर के नंदौर गांव के रहने वाले रावेन्द्र सिंह ने डीएम से शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि नन्दौर नौसहरा के रहने वाले शीतला प्रसाद सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर एक ही स्थान व भवन में 15 अलग अलग स्कूलों का संचालन कर दिखाकर आरटीई के तहत गरीब बच्चों का फर्जी नामांकन किया और फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर एक करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान लेकर उसे हड़प लिया।

डीएम ने इस मामले की जांच के लिए अपर उप जिलाधिकारी राजीव सक्सेना के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था और 15 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की थी लेकिन डीएम के आदेश के एक सप्ताह बाद अपर उप जिलाधिकारी राजीव सक्सेना एक महीने की ट्रेनिंग पर चले गए। इसके बाद इस जांच के लटकने की संभावना बढ़ गयी थी। इसको देखते हुए डीएम नेहा शर्मा ने कमेटी में बदलाव करते हुए अब राजीव सक्सेना के स्थान पर करनैलगंज की न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मिश्रा को शामिल कर दिया है। इस बदलाव के बाद अब इस घोटाले की जांच में तेजी आने की उम्मीद है। डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी ।

# स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर जताई नाराजगी

## पूर्वांचल विकास बोर्ड की बैठक में उपाध्यक्ष व सदस्यों ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**▸▸ स्वच्छता अभियान के ढिंढोरे पर बोर्ड के सदस्य ने कसा तंज**



जिला पंचायत सभागार में बैठक करते पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचारः** पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ने मंगलवार को जिले में अफसरों के साथ बैठक की और देवीपाटन मंडल के चारों जिलों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की। बोर्ड के उपाध्यक्ष ने जिले के परिषदीय स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की तैनाती होने के बावजूद छात्रों की घटती संख्या चिंता का विषय है। इसमें सुधार किया जाना आवश्यक है।

वहीं बोर्ड के एक सदस्य ने तो जिले के स्वच्छता अभियान पर तंज कसकर इस अभियान पर ही सवाल खड़ा कर दिया। स्वच्छता से संबंधित दिखाई जा रही लघु फिल्म को बीच में रोककर सदस्य ने कहा कि उन्होंने जिला पंचायत सभागार का शौचालय देखा है वह गंदगी से पटा हुआ है। ऐसे में जिले में स्वच्छता की क्या स्थिति है इसे फिल्म से नहीं धरातल पर उतर कर समझा जा सकता है। सदस्य की इस टिप्पणी पर बैठक में मौजूद अधिकारी असहज हो गए।

पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह देवीपाटन मंडल के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को गोंडा में थे। उन्होंने जिला पंचायत सभागार में मंडल के सभी अधिकारियों को साथ बैठक की और विकास योजनाओं की समीक्षा की। सड़क बिजली व पेयजल योजना से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए बोर्ड उपाध्यक्ष ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों से वसूली हो रही है। इसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिला अस्पताल में दो साल से खराब पड़ी सीटी स्कैन मशीन के सवाल पर उन्होंने आयुक्त देवीपाटन मंडल को कार्रवाई के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा में बोर्ड उपाध्यक्ष ने परिषदीय स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पर्याप्त संख्या में शिक्षक और संसाधन होने के बावजूद अगर संख्या गिर रही है तो इसके लिए अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। स्वच्छता अभियान की समीक्षा शुरू हुई तो हाल में एक लघु फिल्म दिखाकर उपलब्धियां गिनाई जाने लगीं। इस पर बोर्ड के एक सदस्य ने बीच में ही फिल्म रोककर कहा कि उन्होने अभी इसी जिला पंचायत कार्यालय का शौचालय देखा है जो गंदगी से भरा हुआ है। इसे देखने के बाद स्वच्छता की स्थिति जानने के लिये फिल्म की जरूरत नहीं है। सदस्य के इस तंज पर जिले के अधिकारी असहज दिखाई दिए। बैठक में गोंडा अयोध्या मार्ग को फोरलेन बनाने, सड़क पर घूमने वाले छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजने तथा जिले में औद्योगिक केंद्र स्थापित किए जाने पर भी चर्चा हुई।

बाद में पत्रकारों से बात करते हुआ बोर्ड उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि देवीपाटन मंडल मंडल के चारों जिलों में विकास योजनाओं का संचालन हो रहा है इसमें थोड़ी और तेजी लाए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। समीक्षा बैठक में कटरा विधायक बावन सिंह, आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, डीएम नेहा शर्मा, सीडीओ अंकिता जैन, सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, पीडी डीआरडीए चंद्रशेखर समेत चारों जिलों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### क्राफ्ट के जरिए किया भारतीय कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन



डॉयट पर लोककला प्रदर्शनी में अपना हुनर दिखाते शिक्षक। अमृत विचार

**गोंडा** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जी कुंआ पर मंगलवार को कला क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में कला काफ्ट में रुचि रखने वाले जिले के सभी 16 ब्लाकों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। सभी ने विभिन्न टीएलएम के माध्यम से भारतीय कला एवं संस्कृति को प्रस्तुत किया। डायट प्राचार्य हिफजुर्रहमान ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों व डीएलएड प्रशिक्षकों की सराहना की तथा सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। नवाबगंज ब्लाक से प्राथमिक महेशपुर की शिक्षिका कल्पना तिवारी, उच्च प्रा.वि लोलपुर से धर्मेन्द्र सिंह एवं रेहाना अधुप ने प्रतिभाग किया। कल्पना तिवारी ने भारतीय कृत्यकला को प्रस्तुत करता हुआ कला क्राफ्ट भारतीय नृत्यकला का प्रस्तुतीकरण किया जिसकी डायट प्राचार्य ने सराहना की। डायट प्रवक्ता ज्ञान बहादुर सिंह, सौमित्र सिंह, अमित मिश्रा, अंशुमान शुक्ला, बीबी सिंह, ओमकार नाथ चौधरी आदि मौजूद रहे।

### जिले में बने गौ आश्रय केंद्रों की स्थिति बदहाल

**मनकापुर** : जिले में बने गौ आश्रय केंद्रों की स्थिति बदहाल है। गौ संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री की चलाई गई योजना खंड विकास अधिकारियों के उदारता से परवान नहीं चढ़ पा रही है। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गोंडा नीतीश कुमार मिश्रा ने जिले के अलग अलग विकास खंडों में बने गौ आश्रय केंद्रों का भ्रमण किया तो केंद्रों पर बदहाली पाई गई। मामले में विश्व हिंदू महासभा गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नितीश मिश्रा ने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में मिश्रा ने कहा है कि जिले में बने गौ आश्रय केंद्र में भ्रष्टाचार व्याप्त है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान के कई गौ आश्रय केंद्र का भ्रमण किया गया, भ्रमण के दौरान भारी अनियमितता पाई गई। इसके संबंध में खंड विकास अधिकारी से मुलाकात की और गौ आश्रय केंद्र के बदहाली को दूर करने के संबंध में कहा गया, जिस पर बीडीओ भड़क गए, कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलेगा, इसके लिए कहीं अलग से कोई बजट नहीं आता है। इसी क्रम में विकासखंड बेलसर के खंड विकास अधिकारी से बात किया और उनके क्षेत्र के कई गौ आश्रय केंद्र में भी भारी अनियमितता पाई गई। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बेलसर ने कहा कि संगठन के लोगों को गौ पाल लेना चाहिए व सेवा करनी चाहिए। बेकार में गौ आश्रय केंद्र खोला गया है। इसी प्रकार जिले के समस्त गौ आश्रय केंद्र की स्थित बदहाल हाल है, व जानवर रोड पर खुला घूम रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना होती है, लोगों की जान चली जाती है।

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर 15 बुजुर्गों को किया सम्मानित



प्रथम महिला महाविद्यालय की संस्थापक रंजना देशबंधु को सम्मानित करते एडीएम आलोक कुमार । अमृत विचार

**गोंडा** : अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाज कल्याण विभाग की तरफ से समारोह का आयोजन कर जिले के 15 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। एडीएम आलोक कुमार ने सभी को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बुजुर्गों के मागदर्शन से ही समाज को दिशा मिली है। एडीएम ने इस उम्र में भी समाजसेवा करने के उनके जज्बे की सराहना की। समारोह में प्रथम महिला महाविद्यालय की संस्थापक रंजना देशबंधु, पेंशनर्स संस्था के अध्यक्ष केबी सिंह, रेडक्रास सोसाइटी के मंडलीय सचिव मोहम्मद कासिम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शिक्षक गुलाब चंद तिवारी, अध्यक्ष परसपुर विकास मंच डा. अरुण सिंह, साहित्यकार कवि अतुल सिंह, शिक्षाविद डा. शेर बहादुर सिंह, रवींद्र नाथ श्रीवास्तव, कचि शिवाकांत मिश्र विद्रोही, सरदार हरिजीत सिंह, अशोक सिंह, राम सिंह को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष सोनी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, अरुणेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### गुढ़लिया रेस प्रतियोगिता में धान्या गर्ग को प्रथम स्थान

**गोंडा** : अग्रसेन जयंती समारोह में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 वर्ष से ऊपर बालिकाओं में स्वाति सिंघल, प्रिया भावसिंहका, खुशी अग्रवाल, क्षिरजा केडिया ने हिस्सा लिया। महिला एकल नृत्य में सुरुचि अग्रवाल, निकिता जैन, पूजा अग्रवाल, सारिका सोमानी, वर्तिका सोमानी, दीक्षा सिंघल, पूजा मित्तल ने हिस्सा लिया। किचन क्वीन मास्टर सेफ प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें मानसी अग्रवाल, यशी पचेरिया, विभा अग्रवाल, नेहा पचेरिया, स्नेहा बंसल, कोमल पचेरिया, मानसी अग्रवाल और वर्षा अग्रवाल ने हिस्सा लिया। गुढ़लिया रेस प्रतियोगिता में एक वर्ष तक के बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रिया अग्रवाल, आव्या अग्रवाल, भीरव सिंघल, रितिक मित्तल, धान्या गर्ग, यश्वी सिंघल, ध्रुवी अग्रवाल और वृंदा अग्रवाल, आशवी अग्रवाल रहे। धान्या गर्ग को प्रथम, आशीष अग्रवाल को द्वितीय एवं ऋतिक मित्तल को तृतीय स्थान पर रही। फायर लैस कुकिंग प्रतियोगिता में नेहा पचेरिया, वर्षा अग्रवाल, नेहा बंसल, किरन अग्रवाल, नेहा बंसल प्रतिभागी रहीं। प्लांटेशन एवं पार्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में 8 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। उसके बाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें आर्या सिंघल, कर्तव्य सिंघल, अंशिका जैन, परी अग्रवाल, निश्चय अग्रवाल, कृति सोमानी, रचित पचेरिया, कार्तिक अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल, आर्ची अग्रवाल, दरशी अग्रवाल, वैभवी अग्रवाल अनिका गर्ग, सौम्या नेवटिया, यदन्या अग्रवाल प्रतिभागी रहीं।

# प्वाइंट्स मैन को दी गई तकनीकी जानकारी



प्रशिक्षण में शामिल प्वाइंट्स मैन। अमृत विचार

**▸▸ पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से आयोजित हुआ संरक्षा सम्मेलन**

**गोंडा, अमृत विचारः** मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे के संरक्षा शिविर में संरक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश कुमार सिंह ने सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की और शिविर का आरंभ किया।

गोंडा के टीआई गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, टीआई लूप लोकेश कुमार दुबे ने कर्मचारियों को सेफ्टी और सुरक्षा के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। बताया गया कि गाड़ियों का संचालन कैसे कैसे किया जाता है, जब भी हम गाड़ी चलाते हैं तो किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। शंटिंग करते समय सावधानियां आदि इस सेमिनार के माध्यम से उन्होंने विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में पॉइंट्स मैन ने अपनी अपनी विभिन्न समस्याओं को क्षेत्रीय प्रबंधक के सामने रखा। स्टाफ की कमी को देखते हुए कासन ट्रेनों तक ना पहुंच पाने के कारण ट्रेन सही समय से नहीं चल पा रही है। इस पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आपकी मांगों को उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा और जल्द ही इस पर विचार भी किया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज में 36 छात्रों ने लिया प्रवेश

**गोंडा, अमृत विचार** : संचालन की तमाम बाधाओं को पार करते हुए जिले का स्वायत्तशासी राजकीय मेडिकल कालेज अपने पहले सत्र की पढ़ाई के लिए तैयार है। नीट की दूसरी काउंसलिंग के माध्यम से अब तक 36 छात्र छात्राओं ने यहां प्रवेश लिया है। प्रवेश की प्रक्रिया अभी चल रही है। आगामी 14 अक्तूबर से यहां नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो जायेगा और विधिवत पढाई शुरू हो जायेगी। इसके लिए मेडिकल कालेज प्रशासन तैयारियों में जुटा है।

283 करोड़ रुपये की लागत से जिले का स्वायत्तशासी राजकीय मेडिकल कालेज बनकर तैयार हो गया है। कॉलेज निर्माण के साथ ही यहां पर पहले सत्र की पढ़ाई के लिए जरूरी संसाधन जुटाए जा चुके हैं। 40 से प्रोफेसर तैनात किए जा चुके हैं। कालेज भवन में विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधा से लैस क्लासरूम व लाइब्रेरी के साथ छात्र छात्राओं के लिए अलग अलग हॉस्टल की व्यवस्था की गयी है। मेडिकल कॉलेज में 100 सीटों की मान्यता मिली है। नीट की दूसरी काउंसलिंग में अब तक 36 छात्र छात्राएं यहां प्रवेश ले चुके हैं। अभी प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने का कहना है कि आगामी 14 अक्टूबर से नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो जायेगा।

# सफाई टेंडर निरस्त होने पर पानी की टंकी पर चढ़ा ठेकेदार


पानी की टंकी पर चढ़ा सफाई ठेकेदार।

**करनैलगंज, अमृत विचारः** कार्य से हटाए जाने पर एक सफाई ठेकेदार मंगलवार की सुबह पानी की टंकी पर चढ़ गया और टंकी से कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। युवक को पानी की टंकी पर चढ़ा देख पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। आरोप लगाया कि मंडी प्रशासन ने उसका टेंडर निरस्त कर उसे सफाई कार्य से विरत कर दिया है, जिससे अब वह बेरोजगार हो गया है।

उसे पिछले कार्य का भुगतान भी नहीं किया गया है। मंडी के अधिकारी उसकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं जिससे वह आहत होकर अपनी जान देने जा रहा है। इस दौरान मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गयी। करीब साढ़े चार घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद अधिकारी उसे समझाने में सफल रहे। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम कोंचा कासिमपुर निवासी हरिश्चंद्र मौर्य को नवीन गल्ला फल एवं सब्जी मंडी में सफाई का टेंडर मिला था, लेकिन साफ सफाई की व्यवस्था पर वह खरा नहीं उतर सका। मंडी प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इस पर अधिकारियों ने उसका टेंडर निरस्त कर सफाई का ठेका दूसरे व्यक्ति को दे दिया। साढे चार घंटे तक कसरत करने के बाद नायब तहसीलदार ने उसे वापस काम दिलाने और पूरे मामले की जांच का भरोसा दिलाया तब जाकर वह टंकी से नीचे उतरने को तैयार हुआ। हरीश चंद्र को टंकी से उतारकर कोतवाली ले दाया गया है।

सम्मान समारोह

## पूर्व सांसद ने मेधावियों को सम्मानित कर कड़ी मेहनत करने की सलाह दी

# 1200 छात्र-छात्राएं व 600 एनसीसी कैडेट सम्मानित

नवाबगंज, गोंडा


पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के साथ मेधावी बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नंदिनी नगर महाविद्यालय में मंगलवार को चतुर्थ चरण में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने परसपुर ब्लाक के 20 विद्यालयों के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में अपनी मेधा का परचम लहराने वाले 1200 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही जिले के 600 एनसीसी कैडेटों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पूर्व सांसद के हाथों से सम्मान पाकर सभी मेधावी छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर मौजूद मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता भी बेहद खुश नजर आए। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि छात्रों की कड़ी मेहनत से यह मुकाम मिलता है। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका मार्गदर्शन करना ही उनका उद्देश्य है। यह छात्र देश के भविष्य हैं। पूर्व सांसद ने छात्रों से कड़ी मेहनत करने और चुनौतियों का सामना करने की सलाह दी। इस मौके पर जगत गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य, महामंडलेश्वर स्वामी गिरीश दास, स्वामी आशुतोष दास, महंथ डॉ. दिनेश कुमार, हंसी धाम हरियाणा के संत सूर्य प्रकाश शरण, कर्नल सुनील कुमार, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, संदीप सिंह, प्रधान हेमंत सिंह, प्रधान नानू गोपाल सिंह, नंदिनी नगर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएल सिंह, डॉ. देवानंद तिवारी, डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. शिवकुमार सिंह, डॉ. नवीन सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रोग भगाना है तो स्वच्छता अपनाना है

**बेलसर** : राज नरायन राम गनेश इंटर कॉलेज आजाद नगर बेलसर में कई दिनों से स्वच्छता अभियान जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की देखरेख कर रहे डब्ल्यू डब्ल्यू ओ के संस्थापक भारत भूषण पांडेय की एक पहल है कि कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं के माध्यम से महात्मा गांधी जी के विचारों पर चलकर स्वच्छता को गांव और गली की ओर ले जाया जाए। जब गांव के बच्चे एवं माता-पिता स्वस्थ हो गए तो गांधी जी का सपना साकार होगा। स्वच्छता से ही सब कुछ संभव है। पांडेय ने बताया कि कहां कूड़े में बहुत से रोगाणु जीवाणु होते हैं जो हवा के माध्यम से हमारे घर में प्रवेश कर जाते हैं और विभिन्न प्रकार की स्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बन जाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विमलेश शुक्ला, कंचन उपाध्याय, अनीता शुक्ला, अयोध्या प्रसाद, शिवकांत दुबे, कोमल उपाध्याय, रोली आदि उपस्थित रहे।

# नियमित रूप से करें स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में हुई। डीएम ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा कर आमजन को मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि ग्राम स्वच्छता समिति और पोषण समिति के खाते में सरकार की ओर से भेजा गया राशि डंप है। ऐसे में जब तक इसका उपयोग न हो, तब तक सीएचसी अधीक्षक का वेतन बाधित कर दें।

डीएम मोनिका रानी ने बैठक में



कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित करतीं डीएम।

मौजूद लीड बैंक प्रबन्धक व क्षेत्रीय प्रबन्धक आर्यावर्त बैंक को निर्देश दिया कि 2 दिवस में बैंक खातों को क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें। सीएमओ को निर्देश दिये कि जब तक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के खातों में उपलब्ध धनराशि का सदुपयोग नहीं हो जाता है तब तक सम्बन्धित ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर व एमओआईसी का वेतन आहरित न किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि टीबी से मुक्त हुए ग्रामों के ग्राम प्रधानों को 02 अक्टूबर को सम्मानित करने की बात कही। सीएचसी एवं पीएचसी द्वारा प्रदान की रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्दों पर संचालित पैथालोजी को पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाय। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित सीएचसी एवं पीएचसी पर मानक के अनुसार चिकित्सकों एवं दवाओं इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया ताकि दूर दराज रहने वाले लोगों को आसानी के साथ चिकित्सा सुविधा मिल सके। आयुष्मान योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि अवशेष पात्र लोगों के गोल्डेन कार्ड बनवाये जायें। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि सभी परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई करा दी जाय। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नामित इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सीएमओ डॉ संजय शर्मा, सीएमएस डॉ एम.एम. पाण्डेय, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबन्धक आर्यावर्त बैंक रमेश चन्द्र चौधरी सहित नोडल अधिकारी आदि मौजूद थे।

### 15 गांव हुए टीबीमुक्त

क्षय रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में 15 गांव टीबी मुक्त हुए हैं। इनमें रिसिया का भैंसाही, भैसहा व गुन्दौरा, तेजवापुर का उमरी दहलो व खुजकीपुर, मोतीपुर का विश्वनाथ गांव, नवाबगंज का परिणामपुर, कैसरगंज का जलालपुर बसहिया, विशेश्वरगंज का सुल्ताना माफी, चित्तौरा का बनिहारी, फखरपुर का भदवानी व बहोरवा, जरवल का दूसरा पारा हुजूरपुर का करीडीहा व पयागपुर का परसिया पण्डित ग्राम शामिल हैं। डीएम ने प्रयास की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि इसी प्रकार अभियान संचालित कर जिले के अन्य ग्रामों को भी टीबी मुक्त कराया जाय।

# पुलिस ने दिलाई जाम से निजात

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** एसपी सिटी ने शहर के लोगों को जाम से निजात के लिए सुझाव दिया। जिसे पुलिस विभाग ने एक अक्टूबर से लागू कर दिया है। इस अभिनव प्रयोग से लोगों को पहले दिन जाम से निजात मिली। अब इसके हमेशा लागू होने पर ही लोगों को लाभ हो सकता है।

शहर के घंटाघर, पीपल तिराहा, छावनी बाजार मार्ग, चांदपुरा मार्ग समेत अन्य स्थानों पर काफी मात्रा में ई रिक्शा और टेम्पो का संचालन होता है। जिससे शहर के विभिन्न मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम की समस्या से निजात के लिए पुलिस विभाग ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय से मिलकर नया नियम बनाया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला



घंटाघर में ई- रिक्शा चालक को समझातीं एसपी वृंदा शुक्ला। अमृत विचार

ने बताया कि एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने शहर के विभिन्न मार्गों पर सभी ई रिक्शा और टेम्पो न चलने का नियम बनाया। साथ इन वाहनों को निर्धारित रूट से आते हुए दूसरे रूट से जाने का नियम बनाया। इस नियम को एक अक्टूबर से लागू कर दिया गया है। इसका जायजा लेने के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शहर के घंटाघर और पीपल तिराहा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पहले दिन ही एसपी सिटी का नियम कारगर साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि अब इसी तरह वाहन का संचालन होगा। उन्होंने कहा कि यदि नाबालिग रिक्शा चलाते मिले तो अभिभावक पर केस दर्ज किया जायेगा। इस दौरान एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी रमेश कुमार पांडेय, कोतवाल नगर मनोज कुमार पांडेय समेत भारी मात्रा में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पयागपुर, बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहाड़ीपुरवा निवासी बनारसी पुत्र मूलचंद्र की मंगलवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि मंगलवार रात में दो बजे मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### बंद ट्रामा सेंटर पर जवाब तलब

**बहराइच।** सामाजिक संस्था आसरा दी सपोर्टिंग हैंड फाउंडेशन के अध्यक्ष सैय्यद अकरम आज़ाद अधिवक्ता उच्च न्यायालय द्वारा जनपद बहराइच में सालों से बंद पड़े नवनिर्मित ट्रामा सेंटर को लेकर जनहित याचिका दायर की थी। जिसपर याचिकाकर्ता की ओर से उपस्थित हुए अधिवक्ता सैय्यद फारूक अहमद व मोहम्मद तैय्यब ने अपना पक्ष रखा और न्यायालय को तथ्यों से अवगत कराया जिसपर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय लखनऊ की डबल बेंच ने उप्र के स्वास्थ्य महानिदेशक से जवाब तलब किया है और मामले को आगे सुनवाई के लिए 17 अक्टूबर की तारीख तय की है।

### 45 छात्रों को लगाया टीडी का टीका

**मिहींपुरवा, बहराइच।** तहसील मिहीपुरवा क्षेत्र अंतर्गत गायघाट कस्बे के आसाम रोड स्थित अनमोल माण्टेसरी स्कूल में टीडी टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 45 छात्रों को टीडी का टीका लगा। उप स्वास्थ्य केन्द्र गायघाट की क्षेत्रीय एएनएम अंजलि ने बताया की 10 से 16 वर्ष तक के बच्चों को टीडी का टीका लगाया गया है। टिटनेस, डिपथिरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए यह टीका लगाया जाता है। अनमोल स्कूल के लगभग 45 छात्रों को टीका लगाया गया है टीकाकरण के दौरान मौके पर प्रधानाध्यापक बरकत अहमद , शिक्षक मोहम्मद जमील कुरैशी , मुजफ्फर अली, क्षेत्रीय आशा राजवती सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### वारंटी को भेजा जेल

**नवाबगंज, बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत नवाबगंज पुलिस ने एक वारंटी को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक शीला यादव ने बताया कि उप निरीक्षक अशोक कुमार चतुर्वेदी, एसआई रविन्द्र प्रसाद की टीम ने मुजफ्फर पुत्र मोल्हे निवासी पंडितपुरवा गोविन्दपुर पंडित थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पैसेंजर ट्रेन पर चढ़ते समय गिरा यात्री, पैर कटा

**जरवलरोड, बहराइच।** लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड पर जरवल रोड में पैसेंजर ट्रेन पर चढ़ते समय यात्री फिसल गया। जिससे उसके पैर के नीचे का हिस्सा कट गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# विद्युत उपकेंद्र में तोड़फोड़, रजिस्टर भी फाड़ा

## 5 दिन से बिजली कटौती से परेशान हैं उपभोक्ता, भीड़ को अलग करने के लिए पुलिस ने भांजी लाठियां

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला वशीरगंज और नाजिरपुरा मोहल्ले में सोमवार सुबह से बिजली नहीं आई। इससे नाराज लोग देर रात को उपकेंद्र पहुंचे। सभी ने उपकेंद्र में तोड़फोड़ की। रजिस्टर फाड़ डाले। भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस को लाठी चलानी पड़ी। काफी देर बाद लोग उपकेंद्र से बाहर हटे।

कोतवाली नगर के मोहल्ला वशीरगंज में विद्युत उपकेंद्र स्थित है। इस उपकेंद्र से नाजिरपुरा और वशीरगंज मोहल्ले को बिजली



विद्युत उपकेंद्र वशीरगंज में हुई तोड़फोड़

आपूर्ति दी जाती है। मोहल्ले के लोगों के मुताबिक लगभग पांच दिन से बिजली नहीं मिल रही है। बिजली अधिकारियों ने सोमवार शाम तक आपूर्ति देने की बात कही, लेकिन रात तक सप्लाई शुरू नहीं हो पाई। इस पर नाराज मोहल्ले के लोग रात



विद्युत कटौती के विरोध में उपकेंद्र पर नारेबाजी करते लोग। अमृत विचार

11 बजे विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए। सभी ने उपकेंद्र के अंदर नारेबाजी करते हुए तोड़फोड़ की। रजिस्टर फाड़ डाले। बिजली कर्मियों की सूचना पर कोतवाल मनोज कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को समझाया, लेकिन भीड़ हटने को तैयार नहीं थी। जिस पर भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी। कुछ समाजसेवियों की ओर से काफी समझाने के बाद लगभग एक बजे रात में भीड़ उपकेन्द्र से हटी। तब जाकर बिजली कर्मियों ने राहत की सांस ली। लोगों का कहना है कि चौकी इंचार्ज की स्थिति सही न होने और अन्य कारण से मामला इतना अधिक बढ़ा।

### आक्रोशित न हों लोग

बिजली कटौती समस्या पर होती है। कहीं 24 घंटे से अधिक की कटौती है तो वह भी लाइन की खराबी के चलते होगी। ऐसे में उपभोक्ता संयम बरतें, विवाद करने से कोई फायदा नहीं है। जिन्होंने तोड़फोड़ की है। उनके ऊपर एक्शन भी लिया जा सकता है।

–शैलेंद्र कुमार, एक्सईएन

## सार-संक्षेप

### वार्डआया को दी भावभीनी विदाई

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात वार्ड आया के सेवानिवृत होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में भावभींनी विदाई दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर धीरेंद्र तिवारी ने बीते कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि ज्ञानवती का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। वह अपनी कार्य के प्रति वफादारी व निष्ठा से कार्य करती रही, उन्हें पुष्प का गुच्छ समर्पित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर महेंद्रनाथ पांडे ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर फार्मासिस्ट प्रेमचंद तिवारी, स्टाफ नर्स श्वेता मिश्रा व शाहरुन निशा, एलटी रीमा देवी, अनुपम तिवारी पूर्व चीफ फार्मासिस्ट अनिल कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।



वार्डआया को विदाई देते स्वास्थ्य कर्मी।

### अंगूठा लगवाने के बाद भी कोटेदार नहीं देता है खाद्यान्न

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार।** विकासखंड जरवल अंतर्गत ग्राम पंचायत रेतीहाता में कोटेदार नन्हेंलाल के द्वारा कार्ड धारकों का अंगूठा पहले लगवा लिया जाता हैं दूसरे दिन गल्ला दिया जाता हैं और एक किलो गल्ला कम देते हैं अंतोदय कार्ड पर 35 किलो की जगह पर 25 किलो देते हैं यदि कार्ड धारक इसका बिरोध करते है तो कोटेदार गंदी गंदी गालियां देता है और मारपीट पर आमादा हो जाता है और कोटेदार के घर पर चार अंत्योदय कार्ड बने हुए हैं यह भी आरोप लगाया है, इस पर करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने एसडीम कैसरगंज एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को शपथ पत्र भेज कर कोटा को निरस्त करने की मांग की है शपथ पत्र देने वालों में विमल कुमार, बालक राम, राम सूरत, अर्जुन , संगीता देवी, राधेश्याम, पप्पू, किरण ,जानकी प्रसाद, कमलेश कुमार, जगतराम ,मंगला , रामदेव, कौशल्या, विजय कुमार यादव आदि ने आरोप लगाया है कि मौजूदा कोटेदार का कोटा निरस्त करके किसी नये व्यक्ति को कोटा दिया जाए जिससे ग्रामीणों को कोटे का राशन सही ढंग से मिल सके।

### एक किलो चरस के साथ महिला गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार।** पुलिस और एसएसबी जवानों ने संयुक्त पेट्रोलिंग के दौरान एक महिला को चरस के साथ पकड़ा है। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण), डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने पुलिस टीम गठित कर जांच के नि देश दिए। पुलिस टीम उप निरीक्षक विजय कुमार, हेड कांस्टेबल अभिषेकधर द्विवेदी, जय चंद्र गौड़, महिला कांस्टेबल प्रिया पांडेय, एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में एसआई आर वासमत्री, सत्यवती, राखी कुमारी, मनदीप कौर, सुरेंद्र, जगदीश प्रसाद की टीम ने नगर पंचायत रुपईडीहा में भारत नेपाल सीमा पर जांच शुरू की। जांच के दौरान महिला जिवन कुमारी घर्ति पत्नी मन बहादुर घर्ति निवासी निसि बड़ा नं- 07 जिला बागलुड़ राष्ट्र नेपाल उम्र को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक किलो चरस बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बरामद चरस को सीज कर दिया गया है। जबकि महिला के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 30 लाख रुपये है।

### रूपईडीहा क्षेत्र में स्थापित होंगी 172 दुर्गा प्रतिमाएं

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार।** आगामी होने वाले नव दुर्गा पूजा त्यौहार को लेकर शांति सुरक्षा कमेटी की बैठक रूपईडीहा थाना में प्रभारी रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक मे दुर्गा पूजा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों को थाना प्रभारी द्वारा आमजन को बताया गया। थाना प्रभारी ने लोगो से कहा कि अगर थाना क्षेत्र के किसी भी जगह पर दुर्गा पूजा को लेकर कोई दिक्कत है तो वह नि :शंकोच बता सकता है। जिसमे ग्राम पंचायत अंटहवा के निवासी सुरेश राठौर ने रास्ते को लेकर एक शिकायत की थी जिसे थाना प्रभारी ने आश्वस्त कराया कि उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाकर इस का निराकरण जल्द करवा दिया जायेगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि रूपईडीहा थाना क्षेत्र में कुल 172 मूर्तिया स्थापित की जाएंगी। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन डाक्टर उमाशंकर वैश्य, डाक्टर सनत कुमार शर्मा, उत्तरप्रदेश उद्योग बयापार मण्डल के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल महामंत्री योगेंद्र शर्मा , रजा इमाम रिजवी, मनोज कुमार प्रजापति, निर्मल अग्रवाल सहित क्षेत्र के प्रधान, बी डी सी, समाजसेवी, पत्रकार तथा उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारी एवं थाने के समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### महिला की गला दबाकर हत्या का आरोप

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर से सटे अरई खुर्द गांव निवासी महिला की मौत हो गई। मायके के लोगों ने दहेज के लिए गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनराजपुर निवासी नबाब अहमद ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर कहा है कि उसने अपनी बेटी शफीना (23) का विवाह कोतवाली देहात क्षेत्र के अरई खुर्द गांव निवासी इरशाद के साथ किया था। उसका कहना है कि ससुराल के लोग बेटी के बीमार होने का बहाना बता रहे थे। जबकि दहेज के लिए उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल परमानंद तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

# आयोग से आए पत्र लंबित मिलने पर बिफरीं डीएम



शिकायत प्रकोष्ठ में फाइल की जांच करतीं डीएम।

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने मंगलवार को शिकायती प्रकोष्ठ के पटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई फाइल लंबित मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए समय से फाइलों की जांच कर कार्यवाई के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट में शिकायत प्रकोष्ठ का संचालन होता है। यहां पर सूचना आयोग समेत अन्य विभाग के शिकायती पत्र छह माह से लंबित हैं। इसकी जानकारी होने पर मंगलवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परिसर की साफ सफाई फाइलों का रखरखाव आदि के बारे में जानकारी ली। कुछ कर्मचारी उपस्थिति पंजिका पर बिना हस्ताक्षर के ड्यूटी करते मिले। वहीं कई माह पुरानी फाइल लंबित मिलने पर नाराजगी जताई। डीएम ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

# सामूहिक प्रयास से संचारी रोग पर लगेगा अंकुश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद के सीएमओ सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि सांसद आनंद गौड़ ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। सांसद ने संचारी रोगों से बचाव के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। सांसद आनंद गौड़ ने बताया कि संचारी रोग, जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफलाइटिस, से बचने के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलरों और पानी के बर्तन हर सप्ताह साफ करें और मच्छरदानी का उपयोग करें।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि सरकार के इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने अभियान के दौरान किए



सीएमओ कार्यालय से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते सांसद।

जाने वाले प्रमुख कार्यों की जानकारी दी। इनमें नियमित फॉगिंग, लार्वा सर्वेक्षण, जागरूकता रैलियां, स्कूलों में बच्चों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना, और साफ-सफाई अभियान शामिल हैं। आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने का संकल्प लिया। यूनिसेफ के मंडलीय प्रतिनिधि ने संचारी रोगों से निपटने के लिए अपने तकनीकी सहयोग और जागरूकता सामग्री के वितरण की योजना की जानकारी दी। इसके अलावा, नगरपालिका की ओर से शहर के प्रमुख स्थानों पर फॉगिंग और कचरे के उचित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे संचारी रोगों से बचाव के लिए सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा, ष्साफ-सफाई के प्रति जागरूक होना और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी प्रेम प्रकाश, डीसीपीएम मो. राशिद, मो. हारून सहित शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, यूनिसेफ, नगरपालिका, सूचना विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जमीनी रंजिश में दुकान में लगाई आग

**बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत इंटहा निवासी इंद्रेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी है। उनका कहना है कि उनकी पैतृक संपति इंटहा चौराहा पर स्थित है। वहां पर वह दुकान का संचालन करते हैं। सोमवार रात दो बजे विजय चंद्र, रोहित समेत अन्य पहुंचे। सभी ने जमीनी रंजिश में दुकान में आग लगा दी। दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गयी। आग लगने से दुकान में हजारों का नुकसान हुआ है।

# नगर मजिस्ट्रेट ने होटल व रेस्टोरेंट का किया निरीक्षण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जन स्वास्थ्य व जन सुरक्षा तथा उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर द्वारा सोमवार को नगर क्षेत्र के लगभग 33 ढाबा, होटल, रेस्टोरेन्ट, दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरा नहीं पाया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोईघर की साफ सफाई एवं खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले रसोईया एवं सर्विस का कार्य करने वाले सम्बन्धित कर्मचारियों को हैण्ड ग्लब्स का उपयोग न करने पर सम्बन्धित प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 में उल्लिखित प्राविधानों के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी की गई है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा सम्बन्धित को निर्देश दिया है कि प्रतिष्ठानों पर इस प्रकार सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की जाय कि ग्राहकों के बैठने के स्थान एवं प्रतिष्ठान के अन्य हिस्से भी कवर हों। सभी प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया है कि कैमरों की रिकार्डिंग सुरक्षित रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। सभी प्रतिष्ठानों को सचेत किया गया है कि आदेशों के उल्लंघन की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्यवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

## शिक्षकों का 4 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बाबागंज, बहराइच।** शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। बीईओ राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण में सुनील कुमार, राकेश मौर्य, निर्मल शुक्ला, जितेंद्र बहादुर व अमित कुमार ने शिक्षकों को वर्तमान सत्र में कक्षा एक व दो में संचालित एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्य पुस्तकों की विषयवस्तु की जानकारी दी।

**लापरवाही** काफी पुराने पुल की नहीं हो रही सही मरम्मत

# लखनऊ मार्ग पर स्थित संजय सेतु का बार-बार टूट रहा ज्वाइंट

विनोद शुक्ला, जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार।** लखनऊ बहराइच मार्ग पर स्थित संजय सेतु काफी जर्जर हो चुका है, जिसके कारण हालत बद से बदतर होती जा रही है पुल पर तीन कोठी के ज्वाइंट गड्ढों में तब्दील होने पर दुपहिया व चार पहिया वाहनों के उछाल मारने से दुर्घटना ग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में अगर पुल नीचे आया तो राजधानी से जिले का सम्पर्क पूरी तरह टूट सकती है।

जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र में स्थित संजय सेतु घाघरा घाट का शिलान्यास वर्ष 1981 तथा लोकार्पण वर्ष 1984 में हुआ था। बीते चालीस वर्षों में धीरे-धीरे पुल की बढ़ चुकी उम्र व भारी वाहनों के आवागमन के भार में बेतहाशा वृद्धि हुई है। जिससे पुराने हो चुके पुल की हालत काफी जर्जर है। रिपेयरिंग के सहारे किसी तरह आवागमन चालू है, लेकिन पुल पर गड्ढा युक्त सरिया ईंगल ऊपर निकल कर उभरा हुआ है। जिससे गाड़ियों में फंसने का खतरा है, स्थिति दयनीय है। पुल पर ज्वाइंट की दरारें जानलेवा रूप धारण कर चुकी हैं। जिसके कारण आए दिन जाम का भी सामना करना पड़ता है। इससे लोगों में काफी संशय है। मालूम हो कि उक्त मार्ग को स्टेट हाइवे से 2006मे नेशनल हाईवे की मंजूरी बाद भी संजय सेतु घाघरा पर नया



पुल की अलग हुई ज्वाइंट।

पुल नहीं बनाया गया। जबकि हर साल दस गुना वाहनों के आवागमन में बढ़ोतरी होती रहती है। प्रतिवर्ष चार से पांच बार पुल की रिपेयरिंग के दौरान पुल पर वनबे निकाला जाता है। जिससे हजारों वाहनों को जाम का सामना करना पड़ता है। स्थापना वर्ष 1981 है उसके बाद सड़क टू-लेन का आवागमन होता था फोरलेन हो जाने पर आवागमन का असहनीय बोझ कई गुना ज्यादा बढ़ चुका है। स्टेट से एन एच हो चुके फोर लेन मार्ग पर अब तक सत्तर गुना से अधिक बोझ बढ़ चुका है। जिस पुल आवा गमन ज्यादा होने से आए दिन क्षतिग्रस्त होता रहता है पल के जॉइंट में काफी गैप हो गया है अगर शीघ्र रिपेयर कार्य का कार्य चालू नहीं हुआ तो राजधानी से आवागमन भी ठप्प हो सकता है।

### इन जिलों के वाहनों का होता आवागमन

जरवल रोड बहराइच लखनऊ बहराइच मार्ग पर बाराबंकी बहराइच सीमा पर बना घाघरा घाटसंजय सेतु पुल से प्रतिदिन बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती जनपद नेपाल राष्ट्र सहित हजारों वाहनों का उत्तर प्रदेश की राजधानी के जनपदों व पंजाब हरियाणा दिल्ली के जनपदों का आवागमन छोटे बड़े वाहनों का होता रहता है।

### एनएच को भेजी जाएगी रिपोर्ट

जरवल रोड में स्थित संजय सेतु के ज्वाइंट बार बार बीच में दरार बनाते हैं। इससे दिक्कत होती है। जानकारी में पता चला है कि यह कई बार हो चुका है। इसकी रिपोर्ट एनएच के अधिकारियों से ली जाएगी। इसके बाद पत्राचार किया जाएगा। जिससे कोई दिक्कत न हो।

–मोनिका रानी ,जिलाधिकारी

# नाबालिग से दुष्कर्म में 25 वर्ष की कैद

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** कोतवाली देहात के अरवनगंज शेखदहीर निवासी अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने मंगलवार को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को एक लाख पांच हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव निवासी भाई ने 22 अक्तूबर 2021 को थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बहन अपनी मां के साथ शौच के लिए गई थी। इसी दौरान कोतवाली देहात के अरवनगंज शेखदहीर निवासी सलमान असलहा लेकर आ गया और बहन को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मां के शोर मचाने के बाद अभियुक्त धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। थाने की की पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की विवेचना शुरू करते हुए साक्ष्यों व गवाहों के बयान को एकत्रित कर आरोपपत्र न्यायालय में सौंपा था।

कोर्ट ने दस दिसंबर 2021 को आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए मुकदमें में अग्रिम कार्रवाई शुरू की थी। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट में मुकदमें सुनवाई के दौरान विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष सिंह ने अभियुक्त द्वारा घटित किए अपराध को जघन्य बताते हुए कोर्ट पर अभियुक्त को अधिक से अधिक से सजा देने की दलील पेश की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद साक्ष्यों व गवाहों के बयान के आधार पर अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को एक लाख पांच हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्त को दस माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। विशेष न्यायाधशी पाक्सो ने अपने आदेश में यह भी कहा कि अभियुक्त से वसूली जाने वाली अर्थदंड की समस्त धनराशि पीड़िता को प्रदान की जाए।

उत्तर प्रदेश कैबिनेट के फैसले

# फिर से शुरू होंगे बंद सिनेमाघर कई जिलों में खुलेंगे मल्टीप्लेक्स

## एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण एवं उच्चीकरण के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उप्र. में बंद पड़े सिनेमाघर को पुनः संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में जल्द से जल्द मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की है।

यह योजना 5 साल तक प्रभावी रहेगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बारे में बताया कि सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स द्वारा राजकोष में जमा की गयी एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जायेगा, जिससे राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं आयेगा। इसके अलावा उप्र. महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली 2009 में पंचम संशोधन और आबकारी नीति 2024-25 में संशोधन के साथ उप्र. श्रम कल्याण परिषद कर्मचारी सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति को मिली मंजूरी

योगी सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने और युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति, 2024' को लागू किया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह नीति प्रदेश में बढ़ती उच्च शिक्षा की मांग को पूरा करने के लिए निजी निवेश को प्रोत्साहित करेगी। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इस नीति के अंतर्गत, प्रायोजक निकायों को स्टाम्प शुल्क में छूट, कैपिटल सब्सिडी, और विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 50 में स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों को भी अतिरिक्त लाभ दिए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में मथुरा और मेरठ में दो नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मथुरा में केडी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'राजीव मेमोरियल एकेडमिक वेलफेयर सोसाइटी' को आशय-पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार, मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'विद्या बाल मण्डली' द्वारा 42.755 एकड़ भूमि पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

### सूचना प्रौद्योगिकी सेवा को उद्योग का दर्जा

राजय सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं को उद्योग का दर्जा दिए जाने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आवासीय विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत भूमि को आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की इकाइयों को औद्योगिक दर पर भूमि आवंटन की सुविधा प्रदान करने से आईटी, आईटीईएस इकाइयों को भूमि उपलब्धता में सुगमता होगी। प्रचलित दरों के अनुसार इस क्षेत्र के लिए विद्युत की लागत में लगभग 18 प्रतिशत की बचत होगी।

### मक्का, बाजरा व ज्वार की एमएसपी तय

राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रूपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रूपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में ,बाजरा की खरीद 32 जिलों में और ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।

### किसानों की आय बढ़ाने को एग्रीस योजना को मंजूरी

किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव यूपी एग्रीस को भी मंजूरी प्रदान की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि उप्र. में बुंदेलखंड और पूर्वोत्तर की प्रोडक्टिविटी पश्चिम की अपेक्षा कम रहती है। इसे बढ़ाने और नवाचार, आर्थिक बढ़ोत्तरी समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को लाभ देना है। यह 28 जिलों में लागू होगी। झांसी, चित्रकूट, गोरखपुर, वाराणसी, विंध्य, आजमगढ़, बस्ती और देवीपाटन मंडल के जिलों में परियोजना लागू की जाएगी। यह परियोजना 4000 करोड़ की होगी और छह वर्षों के भीतर लागू होगी। इस वर्ष के बजट में 200 करोड़ का प्रावधान किया गया था। परियोजना में कुल मिलाकर 1166 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। परियोजना में विश्व बैंक द्वारा 2737 करोड़ रुपये लगाए जाएंगे। ऋण वापसी की अवधि पैंतीव वर्षों की होगी और ब्याजदर 1.23 प्रतिशत रहेगी।

**अन्य कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सोलर पार्क विकसित होंगे।
- आगरा में नक्षत्रशाला साइंस सिटी व विज्ञान पाठ की स्थापना होगी।
- यूपी 112 में 380 नए वाहनों की खरीद को दी गई मंजूरी।
- 75 जिलों में 75 फॉरेंसिक मोबाइल वैन खरीदने को मंजूरी।
- लखीमपुर खीरी के गोला में शिव मंदिर कॉरिडोर के लिए 19324.67 वर्ग मीटर भूमि पर्यटन विभाग को फ्री उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव।

# प्रदेश में 37 परियोजनाओं के निर्माण को रेरा ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर समेत अन्य बड़े शहरों में विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद समेत निजी बिल्डर 37 परियोजनाएं विकसित करेंगे। इनके निर्माण की उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने स्वीकृति देकर पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया है।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि सितंबर माह में सबसे अधिक 37 नवीन परियोजनाओं के पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी हुए हैं। इनमें विभिन्न विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद व निजी बिल्डरों की 27 आवासीय, सात व्यवसायिक व तीन मिश्रित वर्ग की परियोजनाएं हैं। गाजियाबाद में सात, लखनऊ में सात, गौतमबुद्ध नगर छह, मथुरा चार, झांसी तीन, प्रयागराज तीन, मेरठ दो, आगरा दो, बिजनौर, गोरखपुर व मुरादाबाद में एक-एक परियोजना बनेगी। लगभग 5,93,041 वर्ग मीटर भूमि पर 7,198 करोड़ रुपये का निवेश करके 11,281 आवासीय तथा व्यावसायिक इकाई का निर्माण और विकास कराया जाएगा। संबंधित को निर्देश दिए हैं कि परियोजना की पंजीयन संख्या, विशिष्ट क्यूआर कोड, रेरा वेबसाइट व प्रोजेक्ट कलेक्शन खाता का विवरण सभी प्रकार के विज्ञापन, प्रचार-प्रसार सामग्री में प्रमुखता से उल्लेख करेंगे। साथ ही कार्यालय में प्रतिलिपि, साइट ऑफिस और निर्माण स्थल पर लगाने लगाए जाएंगे। इससे घर खरीदार और आमजन आसानी से परियोजना की जानकारी कर सकेंगे।

# बिजली कनेक्शन की दरें बढ़ाने के मामले में मांगा जवाब

**अमृत विचार , लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नए बिजली कनेक्शन की दरों के निर्धारण मामले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। उपभोक्ता परिषद ने 20 सितंबर को आयोग में शिकायत की थी कि पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक व अन्य उपभोक्ताओं के लिए कनेक्शन की दरें बढ़ाने की बात कही गई है। हालांकि, पावर कॉरपोरेशन की ओर से प्रस्ताव में उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन में छूट देने का दावा किया गया था। उपभोक्ता परिषद की शिकायत पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से बिंदुवार विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने 50 किलोवाट के ऊपर हाईटेंशन लाइन पर कनेक्शन लेने के दौरान 'क्यूबिक इंफ्रास्ट्रक्चर' व ट्रांसफार्मर की व्यवस्था उपभोक्ता के स्तर पर किए जाने के प्रस्ताव पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

## सार-संक्षेप

### बाढ़ पीड़ितों को बांटे गये 600 कंबल व खाद्य सामग्री



बाढ़ पीड़ितों को कंबल व खाद्य सामग्री वितरित करते लायंस क्लब के सदस्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लायंस क्लब एंव इन्टरनेशनल फाउन्डेशन से मंडल को भेजी गई सहायता राशि से ( 600 कंबल व 600 पैकेट खाद्य सामग्री ) का वितरण बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के निर्धन परिवारों के मध्य किया गया। ग्राम हंसुआडोल में लगभग 250 लोगों तथा ग्राम कांधाभारी में लगभग 350 लोगों को कंबल व खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक पल्टूराम, उप मंडलाधीश द्वितीय लायन परमजीत सिंह, ज़ोन चेयरपर्सन लायन अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष लायन केके वाजपेयी, सचिव लायन अशोक गुप्ता, लायन प्रीतपाल सिंह, लायन बीएन ठाकुर, लायन उमेश अग्रवाल, लायन प्रदीप अग्रवाल, लायन पराग बोस, लायन संजय मिश्र, लायन ओपीएस यादव, पवन शुक्ला, एडवोकेट तथा ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

### सीमा मिश्रा बनी गर्ल्स हास्टल की मिस फ्रेशर



मिस फ्रेशर का खिताब ग्रहण करती सीमा मिश्रा। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के गर्ल्स हॉस्टल में सोमवार की देर शाम फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान सीमा को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। फ्रेशर पार्टी का शुभारंभ महाविद्यालय की सांस्कृतिक निदेशक एवं हॉस्टल की वार्डन डॉ अनामिका सिंह, गणित विभाग की अध्यक्ष प्रो . वीणा सिंह ने किया। माँ सरस्वती की आराधना के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम में छात्रा खुशी के गीत व अंशिका के नृत्य को खूब सराहा गया। अंजलि व किरन मौर्य ने अपने सुमधुर आवाज़ में स्वागत गीत से सभी की वाहवाही लूटी तो आँचल त्रिपाठी व संध्या के युगल नृत्य ने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। अतिथियों ने बीएड की सीमा मिश्रा को मिस फ्रेशर के पुरस्कार से नवाजा। प्रो . वीणा सिंह एवं प्रो . रेखा विश्वकर्मा ने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत किया जबकि डॉ वंदना सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मणिका मिश्रा व सलोनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने डीएम के साथ वृद्धजनों का पूछा कुशलक्षेम



वृद्धजनों का हालचाल लेते सदर विधायक, डीएम व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार।** मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सदर विधायक पल्टूराम ने विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के अंतर्गत थारू जनजाति महिला विकास समिति द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम आबर में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के साथ पहुंचकर कुशलक्षेम जाना एवं वृद्धजनों को अंगवस्त्र व फल वितरित किया तथा उनसे संवाद किया उक्त अवसर पर सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। सीएमओ डॉ. मुकेश रस्तोगी, वरिष्ठ अधिवक्ता जेपी सिंह, जिलाउपाध्यक्ष भाजपा बृजेन्द्र तिवारी , वरिष्ठ समाजसेवी अजय मिश्रा , जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, शिव प्रताप सिंह , संदीप उपाध्याय, राम कुमार ओझा , राम कुमार गुप्ता , पांडव पासवान , प्रधान भगवानपुर अनूप पाण्डेय , प्रधान आबर एमडी यादव जी, वरिष्ठ कार्यकर्ता विशाल शुक्ला व आदि कार्यकर्ताबन्धु भी उपस्थित रहे।

# राप्ती का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों व स्कूलों में भरा पानी

## किसानों की कम नहीं हो रहीं मुसीबतें, हजारों एकड़ धान की फसल बाढ़ के पानी में डूबी



बाढ़ के पानी में डूबी धान की फसल। अमृत विचार



दतरंगवा डिप पर बह रहे बाढ़ के पानी से गुजरते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, पचपेडवा/गौरा चौराहा

**बलरामपुर, अमृत विचारः** स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत खादर क्षेत्र में बूढ़ी राप्ती नदी में नेपाली पानी के कारण आई बाढ़ का तांडव जारी है ।हलांकि अब बारिश रुक गई है नदी का जल स्तर भी धीरे धीरे कम हो रहा है । लेकिन हर साल फसलो की बर्बादी से किसानों की कमर टूट रही है। कई गांवों तथा स्कूलों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है।

करीब 10000 हेक्टेयर धान की फसल पानी में डूब कर बर्बाद हो रही है। ग्राम पंचायत इमिलिया खादर, ललभरिया, मधवानगर, पजोहा, मंगुरहवा, लैबुडवा, कुटी रमतलहा, परसौना सहित दर्जनों गांव बाढ़ग्रस्त है। किसानों की तैयार धान की फसल पानी मे डूब गई है। बूढ़ी राप्ती के किनारे बना बांध इमलिया खादर व पजोहा के बीच कट गया है। ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक प्रयत्न से बांध का मरम्मत किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा अभी तक कोई सहायता उपलब्ध नहीं कराया गया है, ग्राम वासी सामाज सेवक रमेश कुमार गुप्ता ,पुजारी, राधेश्याम यादव, राजकिशोर, प्रभु यादव, कृष्ण यादव, रजिनदर यादव, बेलास यादव ,राम जन्म यादव ,रामगोपाल यादव, लहुराई यादव, घनश्याम यादव यादव, बाबा जितेंद्र आदि लोगों ने बताया कि बचाव व राहत के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है लेकिन न बांधों की मरम्मत न कटान रोकने के लिए कोई कार्य होता है । विदित हो कि 3 अकटूबर 2021 मे बाढ आई थी। तभी बांध कट गया था।शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नही हुई ना कोई कार्य हुआ, बाढ खड आधिकारिगण चुपचाप बैठै हुए है। क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन से बूढी राप्ती के तटबंध की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। उधर गौरा चौराहा तुलसीपुर मार्ग पर स्थित दतरंगवि डिप के ऊपर बाढ़ का पानी बहने से आवागमन प्रभावित हो गया है ।लोग जान जोखिम मत डालकर सड़क पार कर रहे हैं।



परिषदीय स्कूल में घुसा बाढ़ का पानी।

### बाढ़ के पानी में बहकर भैंस की मौत

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मधवानगर खादर निवासी ठाकुर यादव पुत्र राम मिलन मंगलवार सुबह भैंस चरा रहे थे तभी भैस बूढ़ी राप्ती के गहरे पानी में चली गई तेज बहाव होने के कारण भैंस की मृत्यु हो गई। ग्राम प्रधान गुडडू चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी हल्का लेखपाल को दिया गया है। इस संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी डा संजय कुमार सिंह ने बताया कि भैंस की मृत्यु हो चुकी है उसका मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया हूं।

### बस अड्डे में शौचालय न होने से यात्री परेशान

**उत्तरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** उत्तरौला बस स्टेशन में यात्रियों को परेशानी हो रही है क्योंकि यहां का सार्वजनिक शौचालय पिछले तीन वर्ष से बंद पड़ा है। बस स्टेशन के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी एक आधुनिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया। इससे यात्रियों को खुले में शौच व लघुशंका करना पड़ रहा है, जो कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। उतरौला के स्थानीय निवासी और समाजसेवी इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से मांग कर रहे हैं। वे कहते हैं कि बस स्टेशन में एक आधुनिक शौचालय का निर्माण होना चाहिए ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द करें।

# विधायक ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

संवाददाता, बलरामपुर



अधिकारियों व कर्मचारियों को संचारी रोग नियंत्रण की शपथ दिलाते सदर विधायक, सीएमओ। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की शुरुआत विधायक सदर पल्टू राम व सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

सदर विधायक पल्टूराम द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को दस्तक व संचारी अभियान का शपथ दिलाया गया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 अक्तूबर 2024 तक चलेगा तथा दस्तक अभियान ग्यारह से इकतीस अक्टूबर तक चलेगा । संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना तथा संचारी रोगों के प्रसार को प्रत्येक दशा में रोकना है। अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीएमओ राजेश पाण्डेय, डीएमसी यूनिसेफ शिखा श्रीवास्तव डब्लूएचओ एसएमओ डॉ. एस सिंथु सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

**तैयारी** गोंडा से आए कारीगर कर रहे हैं मंदिर की सजावट, शारदीय नवरात्र कल से

# 51 फीट ऊंचे भव्य मंदिर में विराजेंगी मां दुर्गा

महदेइया बाजार बलरामपुर



महादेव बाजार में बन रहा 51 फीट ऊंचा दुर्गा माता मंदिर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शारदीय नवरात्र कल से शुरू हो रहा है। नवरात्र को लेकर मंदिरों को सजाने संवारने का काम शुरू हो गया है। नवदिन मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना, व्रत, उपवास और अनुष्ठान का दौर चलता है। घर-घर कलश स्थापना कर पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना भक्त करते हैं। हर बार की तरह इस बार भी दुर्गा माता मंदिर की सजावट की जा रही है। मंदिर को भव्य और आकर्षक बनाया जा रहा है। मंदिर की सजावट पर करीब दो से ढाई लाख रुपये खर्च होगा। मंदिर की ऊंचाई करीब 51 फीट होगी।

मंदिर कमेटी सदस्य रंजीत गुप्त ने बताया कि इस बार मंदिर में सजावट के लिए गोंडा से कारीगर बुलाए गत हैं। मंदिर सजावट का काम अंतिम दौर में है। नवरात्र के नौ दिन भक्तों का तांता लगा रहता है। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां मां की पूजा अर्चना करने आते हैं। सुबह और शाम मां के प्रतिमा की पूजा की जाती है। रात में प्रवचन सुनने के लिए भक्त और मंदिर सहयोगी मौजूद रहते हैं। मंदिर कमेटी सदस्य राधे श्याम गुप्त ने बताया कि हर दिन देवी के एक विशिष्ट स्वरूप की आराधना की जाती है, जो विभिन्न मनोरथों की पूर्ति करती हैं। नवरात्र के दौरान दुर्गा के रूपों की पूजा करने से शक्ति, समृद्धि, स्वास्थ्य, और जीवन के हर क्षेत्र में विजय प्राप्त होती है। हर साल की तरह इस बार भी माता के मंदिर में विशेष आयोजन किया जाएगा। नवरात्र के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। इसमें दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन, और आरती प्रमुख होंगे। भक्तजन इस दौरान व्रत रखकर मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करेंगे और अपने जीवन में समृद्धि व खुशहाली की कामना करेंगे। मंदिर कमेटी के सदस्य संजय कौशल, राहुल गुप्ता, सचिन गुप्त, विनोद गुप्त, बृजेश गुप्त, अनिल गुप्त, दिलीप गुप्त मंदिर की तैयारी में जुटे हैं।

### आज 5 ग्राम पंचायतों में होगी बैठक

**बलरामपुर, अमृत विचारः** डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना की हुई बैठक में डीएम ने कहा की ग्राम पंचायत विकास योजना ग्राम के विकास का विजन डॉक्यूमेंट होता है। इसके लिए ग्रामों में बैठक की जायेगी। उन्होंने बताया की 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 5 ग्राम पंचायत फरेंदा, बलुवाबलुई विकास खंड बलरामपुर, भिटौढीं, बनगवां, गायडीह विकास खंड श्रीदत्तगंज में ग्राम पंचायत विकास योजना की बैठक की जायेगी। ग्राम सभाओं में जिला विकास पंचायत योजना की बैठक के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांक– 622 वन्दन योजना / निद्वकार्य / ई–टेण्डर/2024–25 दिनांक 25 सितम्बर, 2024

### ई–निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक–621/ वन्दन योजना / नि0 कार्य/ई–टेण्डर/2024–25 दिनाक 2 सितम्बर, 2024 द्वारा नगर पालिका परिषद, बहराइच में वर्ष 2023–24 में वन्दन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत 01 कार्य हेतु जी0एस0टी0 रहित आनलाइन निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 28.09.2024 को अपरान्ह 2:30 बजे से दिनांक 28.10.2024 को अपरान्ह 300 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2024–25 में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एंव अन्य विभागों एश एवं ''बी'' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो (जिन्हें छादक, बेन्च, एल0ई0डी0 लाईट के कार्यो का सममूल्य अथवा अधिक का अनुभव हो) से प्रतिशत दर के आधार पर नियम एंव शतों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की जमानत धनराशि आ0टी0जी0एस0/ नेक्ट के माध्यम से नगरपालिका परिषद बहराइच के एच0डी0एफ0सी0 बैंक स्थित खाता संख्या 50100494491581 IFS code HDFC0007523 में जमा की जायेगी अथवा एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, बहराइच के पक्ष में बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। कार्य की स्वीकृत लागत के सापेक्ष रू0 40.00 लाख तक 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एव रू0 40.00 के पश्चात कार्य की लागत की अवशेष धनराशि के सापेक्ष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि आनलाइन अथवा एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जमा कराना होगा। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 2.10.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई–निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अहं पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद बहराइच की वेब साइट WWW.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बहराइच

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बहराइच

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्राप्नोति वै वित्तमसद्बलेन नित्योत्थानात् प्रज्ञया पौरुषेण।
न त्वेव सम्यग् लभते प्रशंसां न वृत्तमाप्नोति महाकुलानाम् ॥

बेईमानी से, बराबर कोशिश से, चतुराई से कोई व्यक्ति धन तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन सदाचार और उत्तम पुरुष को प्राप्त होने वाले आदर-सम्मान को प्राप्त नहीं कर सकता।

## संपादकीय

# सावधान रहने की जरूरत

चीन बार-बार भारत की ओर अतिक्रमण करके क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने का प्रयास करता रहा है। दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं और सैन्यीकरण कर रहे हैं। चीन के पास आर्थिक, सैन्य और तकनीकी ताकत है। भारत अपनी कूटनीति से इसका मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। मंगलवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच जारी सैन्य गतिरोध पर चाणक्य रक्षा संवाद में कहा कि इस क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति संवेदनशील है और सामान्य नहीं है। भारत किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें एक सीमा शामिल है जो लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चलती है। सीमा का पूरी तरह से सीमांकन नहीं किया गया है और वास्तविक नियंत्रण रेखा की पुष्टि और स्पष्ट करने की प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसने दोनों पक्षों के बीच कई झड़पों को जन्म दिया है। मई 2020 में भारत चीन सीमा पर सैन्य गतिरोध शुरू हुआ था। भारत का लक्ष्य मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध से पहले की स्थिति को बहाल करना है। हालांकि पिछले कुछ माह के दौरान भारत और चीन के बीच अनेक राजनयिक वार्ताएं हुई हैं, जिनसे संभावना बढ़ी है कि पूर्वी लद्दाख में जो सैन्य टकराव की स्थिति बनी हुई है, उसे कम करने का कोई रास्ता निकल सकता है।

गौरतलब है कि चीन इस क्षेत्र में किसी भी भारतीय निर्माण का विरोध करता है जबकि वह खुद रणनीतिक निर्माण जारी रखता है। 15 जून, 2020 को गलवान में मुख्य संघर्ष से पहले दोनों पक्ष पैंगोंग त्सो, डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में झड़पों में लगे हुए थे। भारत लगातार कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। गतिरोध का समाधान निकालने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। इसके बावजूद जिस तरह से चीन अपनी अग्रिम सैन्य पोजीशन को मजबूत करता जा रहा है और एलएसी पर स्थायी रक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाता जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि पीएलए शांति के समय की स्थिति पर नहीं लौटेगी। चीन की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं है। इसलिए भारत को चीन से सावधान रहने की जरूरत है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 का मकसद


नुसरत जहां
एडवोकेट हाईकोर्ट, लखनऊ

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज के सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2024 लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। संयुक्त संसदीय समिति ने 19, 20 सितंबर 2024 को मुस्लिम समुदाय से जुड़े संगठनों एवं बुद्धिजीवियों के सुझाव लिए हैं। अब तक जेपीसी को 84 लाख से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। कई मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बिल पर आपत्तियां भी जताई हैं। भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है, जिसके उदाहरण में मोहम्मद गौरी की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव समर्पित कर दिया गया था। साल 1923 में अंग्रजों के शासनकाल के दौरान मुसलमान वक्फ अधिनियम इसे विनियोजित करने का पहला प्रयास था।

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज को सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1955 में एक नया वक्फ बोर्ड अधिनियम बना। इसके तहत हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई थी। 2013 में वक्फ की संपत्ति की बिक्री, उपहार, विनिमय, बंधक या हस्तांतरण को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वक्फ कानून एक सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति का प्रावधान करता है, जो स्थानीय जांच करके, गवाहों को बुलाकर सार्वजनिक दस्तावेजों की मांग करके सभी वक्फ संपत्तियों की सूची तैयार करता है। इस संशोधन ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया।

वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति के प्रबंधन का कार्य करता है। यह एक कानूनी निकाय है। वक्फ बोर्ड में संपत्तियों का पंजीयन अनिवार्य है। बोर्ड संपत्तियों का पंजीकरण, प्रबंधन और संरक्षण करता है। राज्यों में वक्फ बोर्ड का नेतृत्व अध्यक्ष करता है। देश में शिया-सुन्नी दो तरह के वक्फ बोर्ड हैं। वक्फ बोर्ड के सदस्य में अध्यक्ष के अलावा बोर्ड में राज्य सरकार के सदस्य, मुस्लिम विधायक, सांसद, राज्य बार काउंसिल के सदस्य, इस्लामी विद्वान और वक्फ के मुतवल्ली को शामिल किया जाता है। वक्फ बोर्ड का

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है, लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी।

कार्य वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण वक्फ में मिले दान से शिक्षण संस्थान, मस्जिद, कब्रिस्तान बनाना रैन बसेरों का निर्माण एवं रखरखाव करना, गरीब बेटियों की शादी करवाना।

वक्फ बोर्ड की संपत्ति-रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड कथित तौर पर भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है। वक्फ बोर्ड भारत भर में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8.7 लाख संपत्तियों को नियंत्रित करता है, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। उत्तर प्रदेश एवं बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड सहित 32 वक्फ बोर्ड हैं। नए बिल के द्वारा इन बदलावों पर विचार हो रहा है- सर्वप्रथम वक्फ अधिनियम 1955 का नाम बदलकर 'संयुक्त वक्फ प्रबंधन सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम 1995 कर दिया गया है। यह बिल मौजूदा वक्फ कानून में लगभग 40 बदलावों का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों के दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मुस्लिम महिलाओं का अनिवार्य प्रतिनिधित्व/लैंगिक समानता- इस बिल का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की संरचना एवं कामकाज को बदलना है। इसके लिए धारा 9 एवं 14 में संशोधन करना है, जिसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए अनिवार्य प्रतिनिधित्व किया जा सके। अनिवार्य वक्फनामा- अभी तक संपत्ति का दान मौखिक किया जा सकता था, लेकिन नए वक्फ बिल में लिखित वक्फनामा के द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकेगा, जिससे अंतरण के साक्ष्य मिल सकेंगे।सामाजित न्याय/निचले मुस्लिम तबकों की भागीदारी- वक्फ बिल में शिया-सुन्नी के अलावा बोहरा, अहमदिया समुदायों के अलग वक्फ बोर्ड बनाने का भी प्रावधान है, जिससे मुस्लिम तबकों को विभिन्न वर्गों को मदद मिलेगी, जो हाशिये पर हैं। वक्फ बिल में बोर्ड की पूरी संपत्तियों का डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिसमें किसी दूसरे द्वारा वक्फ की सपंत्तियों पर कब्जा नहीं किया जा सकेगा, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और लेनदेन में पारदर्शिता आएगी।

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ से संबंधित विवादों का निर्णय छह माह में और अपील का निपटारा तीन माह में किए जाने का प्रावधान है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग)- वक्फ की संपत्तियों का पंजीकरण, सत्यापन लेनदेन में ऑडिट कर सकेगी, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

विधेयक इस बात को भी फिर से परिभाषित करता है कि कैसे संपत्ति को वक्फ के कब्जे में माना जाता है। विधेयक में उपयोग के आधार पर वक्फ की अवधारणा को खत्म करने का प्रस्ताव है। 1995 के कानून के तहत वैसी हर संपत्ति वक्फ है, जिसका उपयोग मुसलमान धार्मिक उद्देश्यों के लिए निरंतर और अबाधित रूप से करते रहे हैं। इसका मतलब है कि एक संपत्ति को उपयोग के माध्यम से वक्फ माना जा सकता है, भले ही उसका मालिकाना हक किसी के पास हो। कई मस्जिदें और कबिस्तान इसी आधार पर वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिए गए हैं। विधेयक में कहा गया है कि वैध वक्फनामे के बिना कोई भी वक्फ संपत्ति संदिग्ध है। इसमें 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' घोषित संपत्तियों को अलग रखा गया है। विवाद की स्थिति में बिल की धारा 3 सी (2), जो सरकार को यह तय करने का अधिकार देता है कि वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। विधेयक में कहा गया है, यदि किसी संपत्ति को लेकर सवाल उठता है कि यह सरकारी संपत्ति है या नहीं तो उसे क्षेत्राधिकार वाले कलेक्टर के पास भेजा जाएगा। कलेक्टर उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करेगा और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजेगा। जब तक सरकार इस मुद्दे का फैसला नहीं कर लेती तब तक विवादित जमीन पर वफ्फ का नियंत्रण नहीं हो सकता।

12 वर्ष का एडवर्स कब्जा- यदि 12 वर्ष तक वक्फ की संपत्ति कोई अवैध कब्जा, बिना रोक टोक के करता है तो वह संपत्ति का मालिक हो जाएगा। दान कौन कर सकता है- दान एक मुस्लिम द्वारा वर्तमान समय में मौखिक रूप से भी किया जा सकता है। यदि एक बार संपत्ति दान कर दी गई तो वह अल्लाह को अंतरित मानी जाती है वह वापस नहीं ली जा सकती है। नए बिल में यह प्रावधान है कि संपत्ति अंतरण करते समय दानकर्ता को उस संपत्ति का मालिक होना चाहिए। दानकर्ता की स्वीकृति स्वतंत्र होनी चाहिए। दान करते समय दानकर्ता सक्षम अर्थात 18 वर्ष से अधिक आयु एवं स्वस्थ चित्त होना चाहिए। यदि यह शर्तें पूरी नहीं की गई तो दान द्वारा अंतरण अवैध होगा और वह संपत्ति वफ्फ को वापस करनी होगी। दान गैर मुस्लिम द्वारा भी किया जा सकता है शर्त यह है कि इस्लाम धर्म में उसका विश्वास एवं मान्यता होनी चाहिए। लिखित रूप से वफ्फनामा द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकता है। वफ्फ से होने वाली आमदनी को इस्लाम धर्म की खिदमत में ही खर्च किया जा सकता है। खिदमत का अर्थ है मस्जिद की तामीर, कब्रिस्तान एवं अनाथालय बनवाना, गरीबों को भोजन की व्यवस्था करना, गरीब बच्चों की शादी करवाना इत्यादि।

सरकार का कहना है कि वक्फ की संपत्तियों पर माफियाओं का कब्जा है जबकि विपक्ष का तर्क है कि सरकार वक्फ की संपत्ति को हथियाना चाहती है। धर्म में हस्तक्षेप है और संविधान में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नए बिल से संविधान के किसी अधिकार का उल्लंघन नहीं हो रहा जबकि यह तो समानता के अधिकार अनुच्छेद 14 के अंतर्गत सामाजिक न्याय के रूप में निचले तबकों के उत्थान एवं लैंगिक न्याय के रूप में मुस्लिम महिलाओं की अनिवार्य सहभागिता का प्रावधान करता है। जिससे महिलाओं एवं बच्चों का कल्याण होगा डिजिटलीकरण से भ्रष्टाचार रूकेगा। कोई माफिया अवैध कब्जा वक्फ संपत्ति पर नहीं कर सकेगा। वक्फ से होने वाली आमदनी समाज कल्याण एवं उत्थान में खर्च की जा सकेगी।

email: nusratfahad8@gmail.com

## प्रसंगवश

# विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली

पेशावर कांड (1930) के विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली 1 अक्तूबर 1979 को नहीं रहे। कैसा अनोखा सैनिक था, जिसने देश की निहत्थी आंदोलनकारी जनता पर गोली चलाने से इंकार की सजा में लंबे कारावास के साथ अनगिनत कष्ट भुगते।


सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

यह तकलीफें उसकी अकेले की नहीं अपितु पूरे परिवार को इसका दंड झेलना पड़ा। संपत्ति जब्त हुई और घर के लोग दरबदर हो गए, लेकिन खास बात रही कि आजादी के बाद भी उनकी संतति के साथ यह क्रूर सिलसिला थमा नहीं। 1983 में सहकारी बैंक की देनदारी के लिए चंद्रसिंह गढ़वाली की संपत्ति की नीलामी का फरमान जारी हुआ, जिसे हम उस समय थोड़ी कोशिशों से बचा पाए, लेकिन आगे चलकर यह अत्यंत दुःखद रहा कि बिजनौर के निकट कौड़िया रेंज में 90 वर्षों के लिए उनके परिवार को आवंटित की गई जमीन को उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कहकर वापस ले लिया कि चंद्रसिंह गढ़वाली यूपी के नहीं, उत्तराखंड के निवासी थे। पहाड़ पर दूधातोली में एक छोटे से भूखंड पर उनकी उपेक्षित सी समाधि है, जिस पर कोई चार फूल क्यों चढ़ाए? 1972 में स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष पर अपने शहर शाहजहांपुर में गढ़वाली जी को 'शहीद मेला' का उद्घाटन करने आमंत्रित किया तो वे उत्साह से आए। उन दिनों उनकी कमर झुक चुकी थी, लेकिन क्रांतिकारी तेवर और हौसला उनमें बरकरार था। पतलून, कमीज, सिर पर हैट और पैरों में बूट। यही बाना था उनका। बोली का पहाड़ी लहजा था और कहन में खरापन अंत तक विद्यमान रहा। उनके जिंदगीनामे को राहुल सांकृत्यायन ने जिस तरह एक बड़ी किताब में दर्ज किया, वह अद्भुत है।

कह सकता हूं कि जेल गढ़वाली जी के लिए राजनीतिक पाठशाला बनी। उनकी स्मृति में कई साल पहले मैं एक डाक टिकट भी जारी कराने में भी कामयाब हो सका जब उनका बेटा आनंद गढ़वाली जीवित था। कुछ वर्ष पहले मैंने अपनी पत्रिका 'संदर्श' के लिए विद्यासागर नौटियाल जी से गढ़वाली की कुछ स्मृतियों को लिपिबद्ध कराया और प्रकाशित किया था, लेकिन वह कार्य पूर्णता की ओर नहीं पहुंच सका।

# जनजातीय लोगों का औरत के प्रति दोयम नजरिया

बीती 15 सितंबर को बस्तर के घनघोर नक्सली इलाके सुकमा के कोन्टा थाने के इटकल गांव में राज्य पुलिस के हेड कांस्टेबल सहित उसके परिवार के पांच लोगों को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला। मरने वालों में तीन महिलाए हैं। पिछले कुछ दिनों में गांव में तीन बच्चे मरे और यह अफवाह हो गई कि हेड कांस्टेबल बच्चा मुआ के पिता के जादू-टोने के कारण बच्चे मारे गए। देश के अधिकांश राज्यों में डायन प्रथा उन्मूलन या अंधविश्वास निरोधक कानून हैं, लेकिन इस तरह की सामाजिक कुरीति को अपराध घटित हो जाने के बाद मुकदमें दर्ज कर रोका नहीं जा सकता।


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है।

डायन कुरीति अकेले आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ या झारखंड तक सीमित नहीं है। यह असम, बिहार, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कोई आधा दर्जन राज्यों में हर साल सैंकड़ों औरतों को इस अंधविश्वास की आड़ में बर्बर तरीके से मारा जा रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में मुख्य रूप से जादू-टोना से जुड़े लगभग 85 हत्या के मामले दर्ज किए गए।

देश के आदिवासी अंचलों में जमीन हदबंदी कानूनों के लचरपन और पंचायती राजनीति के नाम पर शुरू हुईं जातीय दुश्मनियों की परिणति महिलाओं की हत्या के रूप में हो रही है। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने एक जांच रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें बताया गया है कि अंधविश्वास, अज्ञान और अशिक्षा के कारण टोनही या डायन करार देकर किस तरह निरीह महिलाओं की आदिकालीन लोमहर्षक ढंग से हत्या कर दी जाती है। औरतों को न केवल जिंदा जलाया जाता है, बल्कि उन्हें गांव में नंगा घुमाना, बाल काट देना, गांव से बाहर निकाल देना जैसे निर्मम कृत्य भी डायन या टोनही के नाम पर होते रहते हैं। इन शर्मनाक घटनाओं का सर्वाधिक अफसोसजनक पहलू यह है कि इन महिला प्रताड़नाओं के पीछे न सिर्फ महिला की प्रेरणा होती है, बल्कि वे इन कुकर्मों में बढ़-चढ़ कर पुरुषों का साथ भी देती हैं।

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है। कोई एक दर्जन मामलों में आदमियों को भी ऐसी मौत झेलनी पड़ी है। मप्र के झाबुआ-निमाड़ अंचल में भी महिलाओं को इसी तरह मारा जाता है। हां, नाम जरूर बदल जाता है-डाकन। गांव की किसी औरत के शरीर में 'माता' प्रविष्ट हो जाती है। यही 'माता' किसी दूसरी 'माता' को डायन घोषित कर देती है और फिर वही अमानवीय यंत्रणाएं शुरू हो जाती हैं। यह समझना जरूरी है कि अधिकांश आदिवासी गांवों तक सरकारी स्वास्थ्य महकमा पहुंच नहीं पाया है। जहां कहीं अस्पताल खुले भी हैं तो कर्मचारी इन पुरातनपंथी वन पुत्रों में अपने प्रति विश्वास नहीं उपजा पाए हैं। तभी मवेशी मरे या कोई नुकसान हो, गुनिया हर मर्ज की दवा होता है। उधर गुनिया के दांव-पेंच जब नहीं चलते हैं तो वह अपनी साख बचाने कि लिए किसी महिला को टोनही घोषित कर देता है। गुनिया को शराब, मुर्गे, बकरी की भेंट मिलती है। बदले में किसी औरत को पैशाचिक कुकृत्य सहने पड़ते हैं।

ठेठ आदिम परंपराओं में जी रहे आदिवासियों के इस दृढ़ अंधविश्वास का फायदा इलाके के असरदार लोग बड़ी चालाकी से उठाते है। अपने विरोधी अथवा विधवा बूढ़ी औरतों की जमीन हड़पने के लिए ये प्रपंच किए जाते हैं। थोड़े से पैसे या शराब के बदौलत गुनिया बिक जाता है और किसी भी महिला को टोनही घोषित कर देता है।

डायन प्रथा से निपटने के लिए बिहार में सन 1999 में व झारखंड में 2001 में अलग से कानून भी बना। छत्तीसगढ़ में भी सन 2005 में टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम लागू हुआ। राजस्थान और असम में 2015 में इस पर कड़े कानून आए। कानून अपराध होने के बाद काम करता है, लेकिन आज जरूरत तो लोगों की मिथ्या धारणाओं से ओतप्रोत जनजातीय लोगों में औरत के प्रति दोयम नजरिए को बदलना है। एक तो गांवों में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं हों, दूसरा समाज के बीच से ही ऐसे लोगों को तैयार किया जाए, जो पर्व-त्योहर पर आदिवासियों को सहज तरीके से इसकी जानकारी दे सकें।

## सोशल फोरम

# समय के साथ चलें बुजुर्ग

वैसे तो बुढ़ापा खुद समस्याओं और शिकायतों का घर ही होता है, लेकिन आमतौर पर बुजुर्गों की बड़ी समस्या और शिकायत यह होती है कि बच्चे बड़े या शादीशुदा हो जाने के बाद उनका सम्मान नहीं करते। उनकी बात कुछ हद तक वाजिब है।

देश की सड़कों, वृद्धाश्रमों, तीर्थस्थलों में बेसहारा वृद्धों की भारी भीड़ देखकर आज परिवार में उनकी हैसियत और स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, लेकिन इस समस्या का एक और पहलू भी है। एक बात बुजुर्गों को अपने आपसे भी पूछना चाहिए कि बूढ़े होने के बाद वे खुद अपने बेटों और बहुओं, उनकी निजी जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और उनके नए विचारों का कितना सम्मान करते हैं? हर पीढ़ी के साथ जीवन की परिस्थितियां और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अवधारणाएं बदलती हैं। पढ़े-लिखे, संवेदनशील, समझदार बुजुर्ग बदलते वक्त के साथ तालमेल बिठाकर अपनी संतानों के साथ सहज और दोस्ताना रिश्ता बना लेते हैं। कठिनाई उन अशिक्षित अथवा अर्द्धशिक्षित, रूढ़िवादी लोगों के साथ होती है, जो अपने पुराने विचारों और रूढ़ियों के प्रति कट्टर ही नहीं होते, बल्कि अपनी संतानों पर अपने दौर के अप्रासंगिक हो चले जीवन मूल्य थोपने की कोशिश भी करते हैं। उन्हें लगता है कि उनका वक्त सही था और आज जो हो रहा है, वह सब गलत है।


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ऐसे बुजुर्ग अपनी संतानों के लिए आर्थिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक बोझ बन जाते हैं। परिवारों के विघटन की यह सबसे बड़ी वजह है। परिवार में बुजुर्गों का सम्मान बना रहे, यह सिर्फ युवाओं की जिम्मेदारी नहीं है। जरूरी है कि बुजुर्ग भी समय के साथ चलना सीखें। वे अपने हिस्से का जीवन जी चुके, अब अपनी संतानों को उनके हिस्से का जीवन जीने दें। उनकी चुनौतियां, सोच, संघर्ष आपसे अलग हैं।

मां-बाप देवी-देवता हैं और उनकी हर बात बच्चों को शिरोधार्य होनी चाहिए, ये किताबी, अव्यावहारिक बातें हैं। वास्तविक जीवन में आपके व्यवहार ही परिवार में आपकी हैसियत और आपका सम्मान तय होगा। **-फेसबुक वॉल से**

# समाज में व्यक्ति की भूमिका

आज दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है, जहां यह स्पष्ट हो गया है कि यदि पृथ्वी पर जीवन का अंत होगा, तो इसके लिए किसी बाहरी दुश्मन की जरूरत नहीं है। यह काम इंसान खुद ही कर सकता है। पिछले डेढ़ साल से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है, जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसी तरह मध्य-पूर्व में इजराइल भी आक्रमण के माध्यम से अपना वर्चस्व स्थापित करने में जुटा हुआ है। इन दोनों घटनाओं के बीच सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है?


साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है।

इसके मूल में कारण हैं, इंसान का अपने ऊपर और अपनी क्षमताओं पर ध्यान न देना। इतिहास में भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं। हिटलर और गांधी, दोनों एक ही समय में इसी धरती पर मौजूद थे, लेकिन दोनों की सोच और कार्य एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत थे। हिटलर हिंसा का समर्थन करता था, जबकि गांधी अहिंसा के पुजारी थे। आज भी गांधी को प्रेम और करुणा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है, जबकि हिटलर को क्रोध और अहंकार के लिए। महात्मा गांधी ने हमेशा इंसान के व्यक्तित्व और समाज के बीच गहरे संबंध को समझा। उनका मानना था कि समाज व्यक्ति से बनता है और व्यक्ति की नैतिकता व चेतना ही समाज की नींव होती है। उनके अनुसार समाज तभी सशक्त हो सकता है जब उसमें शामिल हर व्यक्ति नैतिकता, सत्य,



अहिंसा और करुणा जैसे मूल्यों को अपनाए। गांधीजी ने यह भी कहा कि अहिंसा का रास्ता सीखने और उस पर चलने के लिए अधिक कठिन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जितनी कि हिंसा के लिए। यह प्रशिक्षण जीवन में सत्य, विनम्रता, सहनशीलता और प्रेम को अपनाने से शुरू होता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो केवल बाहरी रूप से नहीं, बल्कि भीतर से भी आत्मानुशासन और संयम की मांग करती है।

गांधीजी का कहना था कि जब दो लोग या समुदाय आपस में झगड़ते हैं तो यदि उनमें से कोई एक व्यक्ति अपनी गलती को समझकर प्रेम और शांति की ओर बढ़ता है तो उनके बीच शांति स्थापित हो जाती है। हालांकि मीडिया में अक्सर ऐसे उदाहरणों पर ध्यान नहीं दिया जाता, क्योंकि हिंसक झगड़े और संघर्ष ज्यादा चर्चा में आते हैं, जबकि सच्चे समाधान और समाज में शांति का आधार केवल अहिंसा, संयम और करुणा से ही संभव है। गांधीजी ने अपने लेखों में यह भी स्पष्ट किया कि यदि व्यक्ति स्वयं पर नियंत्रण रखे और आत्मनिर्भर बने, तो वह समाज के लिए एक आदर्श भूमिका निभा सकता है। उनके अनुसार समाज को बदलने के लिए हमें पहले अपने भीतर परिवर्तन लाना होगा। व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए, तभी वह समाज के प्रति सही योगदान दे सकेगा।

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर इंसान अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाए और सत्य, अहिंसा और करुणा को अपनाए, तो न केवल समाज, बल्कि पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि का माहौल बनेगा।

# वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता गांधी मार्ग

आज के वैचारिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक हिंसा को समझने और उसका विकल्प बताने के लिए गांधी सबसे बेहतर और कारगर 'औजार' हैं। बीसवीं शताब्दी में जनमानस को आंदोलित एवं प्रभावित करने वाले एक महान व्यक्तित्व के रूप में भारतवर्ष में महात्मा गांधी का अविर्भाव हुआ था। गांधी भूतकाल के नहीं, भविष्य के मसीहा थे। वे उन्नीसवीं सदी की नहीं, इक्कीसवीं सदी की बातें कर रहे थे।


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है।

फ्रांसीसी दार्शनिक रोम्यां रोला ने कहा था-"कुछ अर्थों में तो गांधीजी आज के विज्ञान से भी आगे बढ़ गए थे, भविष्य की समस्याओं को उन्होंने भांप लिया था।" गांधीजी के विचार कभी पुराने नहीं पड़ेंगे, वे सदैव हमें भविष्य का रास्ता खोजने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रयोगों ने उनके इस विश्वास को पक्का कर दिया था कि सत्य की सदा विजय होती है और सही रास्ता सत्य का रास्ता ही है। आज मानवता की मुक्ति सत्य का रास्ता अपनाने से ही है। गांधीजी सत्य को ईश्वर का पर्याय मानते थे। गांधीजी का मत था कि सत्य सदैव विजयी होता है।

गांधीजी के अनुसार मन, वचन और शरीर से किसी को भी दुःख न पहुंचाना ही अहिंसा है। गांधीजी के विचारों का मूल लक्ष्य सत्य एवं अहिंसा के माध्यम से विरोधियों का हृदय परिवर्तन करना है। अहिंसा का अर्थ ही होता है प्रेम और उदारता की पराकाष्ठा। गांधीजी व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक स्तर पर 'मनसा वाचा कर्मणा' अहिंसा के सिद्धांत का पालन करने पर बल देते थे। आज के संघर्षरत विश्व में अहिंसा जैसा आदर्श अति आवश्यक है। गांधीजी बुद्ध के सिद्धांतों का अनुगमन कर इच्छाओं की न्यूनता पर भी बल देते थे। यदि इस सिद्धांत का पालन किया जाए तो आज क्षुद्र राजनीतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्याकुल समाज व विश्व अपनी कई समस्याओं का निदान खोज सकता है।

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है। अमेरिका, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे देश हिंसा के माध्यम से प्रमुख शक्ति बनने की होड़ एवं दूसरों पर वर्चस्व के इरादे से हिंसा का सहारा लेते हैं। इस हेतु वैश्विक रूप से शस्त्रों की होड़ लग गई है। यह अंधी दौड़ दुनिया को अंततः विनाश की ओर ले जाती है। आज अहिंसा जैसे सिद्धांतों का पालन करते हुए विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है, जिसकी आज पूरे विश्व को आवश्यकता है।

आज के दौर में पूरा विश्व एक ऐसे ही समाज की खोज में है, जहां शोषण, वर्ग, जाति आदि की कोई जगह न हो। उन्होंने सामाजिक, नैतिक और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। गांधी ने ग्राम स्वराज्य के माध्यम से पूर्ण प्रजातंत्र और समाज के अंतिम से अंतिम, पिछड़े व्यक्ति की उन्नति का स्वप्न दिया था।

वर्तमान में सारे विश्व पर हिंसा द्वारा विनाश का खतरा छाया हुआ है। गांधीजी इस पर कहते हैं कि अहिंसक बनने की कोशिश करो। विश्व आज जिस रोग से ग्रस्त है, उसका निदान भले ही बड़ा कठोर हो, पर गांधी का बताया उपचार अचूक है। हमारा कार्य अब यही है कि सत्य और अहिंसा को ऐसा व्यावहारिक रूप दें, जिसका पालन किया जा सके। भौतिकवादी प्रगतियों के बावजूद इस दुनिया में कहीं न कहीं कोई कमी महसूस हो रही है। निर्धनता, भूख, रोग और हिंसा का विश्व में प्रकोप बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन ने मानव जाति की राय पर ही संकट ला दिया है। 2019 में महात्मा गांधी की 150 वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा था कि महात्मा गांधी का सिखाया गया पाठ ही संयुक्त राष्ट्र का मूल सिद्धांत है, जैसे विकास, शांति और सहयोग। सर्वोदय गांधीजी का विचार संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "एजेंडा 2030" का प्रकाशन है। गांधीजी का सबसे प्रबल संदेश है कि हमारा प्रत्येक आचरण नैतिक रूप से शुद्ध होना चाहिए।

# अब गुरुजी बनवाएंगे बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र

## शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने जारी किया आदेश, शिक्षक नेताओं ने इस आदेश को बताया अव्यावहारिक, करेंगे विरोध

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अब यदि अभिभावक जन्म प्रमाण पत्र के साथ बच्चे को स्कूल नहीं भेजेंगे तो संबंधित विद्यालय के हेडमास्टर को ही यह काम करना होगा। क्योंकि, अब सभी बच्चों की बनने वाली एक यूनिक आईडी में जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की संख्या आपलोड करनी है। प्रधानाध्याकों पर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की जिम्मेदारी वाला शासनादेश आते ही शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है।

अब समस्त प्रकार के बोर्ड से संचालित एक से 12 तक के विद्यार्थियों का अपार (आटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) यूनिक आईडी होगी। इस आईडी में जन्म प्रमाण पत्र और आधार नंबर जरूरी है। इसके अलावा अन्य पोर्टल पर भी आधार नंबर जरूरी है। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के आधार से लिंक खाते में ही उनके लिए ड्रेस, बैग, जूते-मोजे का पैसा भेजा जाता है। आधार बनवाने की जिम्मेदारी भी प्रधानाध्यापक व शिक्षक उठा चुके हैं। इसमें उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी, लेकिन अब भी काफी बच्चों व अभिभावकों के आधार कार्ड नहीं बन सके। जिले में करीब 20 फीसदी बच्चों के खाते में धनराशि नहीं भेजी जा सकी है। इसके पीछे कई विद्यालयों में नाम होना, आधार और बैंक खाते का लिंक न होना समेत अन्य कारण बताए जाते हैं।

इसी बीच शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल ने समस्त बीएसए को एक आदेश जारी कर कहा है कि प्रदेश के समस्त शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों का जन्म पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है। इसके लिए जन्म पंजीकरण सुनिश्चित करवाने की कार्यवाही प्रधानाचार्य/प्रभारी के द्वारा सत्र के आरंभ में ही आवश्यक रूप से की जाए। प्रत्येक विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड संख्या संबंधित पोर्टल/पंजिका पर अंकित कराना सुनिश्चित करें। विदित होगा कि जिले में 2064 परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं।


बीएसए कार्यालय भवन।

### प्रदेश नेतृत्व को कराया गया अवगत

प्राथमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने में शिक्षकों ने बहुत परेशानी झेली है। जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में शपथ-पत्र और तमाम तरह के शुल्क लगते है, इसका वहन कौन करेगा। इसके अलावा कार्यालयों का चक्कर कौन काटेगा। अगर आदेश वापस नहीं हुआ तो शिक्षक आंदोलन करेंगे। इसके लिए प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया गया है।


शिक्षा निदेशक का पत्र मिला है। खंड शिक्षा अधिकारियों को भेजकर आदेश का पालन कराया जा रहा है। यह शासन स्तर का मामला है। शिक्षक संगठन के विरोध का स्थानीय स्तर पर कोई मतलब नहीं है।

– उपेंद्र गुप्ता, बीएसए सुलतानपुर

# अतिक्रमण हटा तो होटल मालिक ने दी धमकी, केस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सोमवार को नगर पालिका की टीम ने चौक ठठेरी बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। जिसमें एक होटल का भी अतिक्रमण हटवाया गया था। होटल संचालक को शंका थी कि पड़ोसी ने टीम बुलाई है जिसके कारण उसका नुकसान हुआ। संचालक उसकी पत्नी व बेटे ने सर्राफ को जान माल की धमकी दी। जिसकी तहरीर सर्राफ ने पुलिस को दी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के न्यू कालोनी कृष्णा नगर निवासी देवी प्रसाद सोनी सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी है। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। उसने बताया कि चौक ठठेरी बाजार में मां दुर्गा भोजनालय व रेस्टोरेंट के बगल व्यापार मंडल के पदाधिकारी विनय बरनवाल बिन्नू की सर्राफ की दुकान है। सोमवार को नगर पालिका की टीम अतिक्रमण हटाने निकली थी। रेस्टोरेंट संचालक महेश उनकी पत्नी व उनके बेटे प्रदीप को शंका थी कि हमने टीम बुलाया था। आरोप है कि जब नगर पालिका की टीम आगे बढ़ गई तो उक्त लोगों ने धमकी दी कि तुम्हारी दुकान लुटवा देंगे। जान से मारकर कही फिकवा देंगे, जिससे वह डरा हुआ है। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### क्विज प्रतियोगिता में चार छात्र रहे अनुपस्थित

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र के तत्वाधान में जूनियर हाई स्कूल के छात्र छात्राओं का विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कादीपुर में आयोजित प्रतियोगिता में पंजीकृत 105 छात्र-छात्राओं में से 101 छात्र-छात्राएं उपस्थित रह कर प्रतियोगिता में सहभागिता की। चार छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रही।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में हुई गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र धम्मौर के भाई पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के नौ साल पुराने मामले में सफाई साक्षी गवाह किसान यूनियन जिलाध्यक्ष सूर्यनाथ का बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 10 अक्टूबर की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भाई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 में धम्मौर थाने में सरकारी कामकाज मे बाधा, धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

### डकैती कांड : विपिन की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**सुलतानपुर। अमृत विचार :** बहुचर्चित आभूषण डकैती कांड के मास्टरमाइंड विपिन सिंह की न्यायिक हिरासत अब 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। इस संबंध में सीजेएम नवनीत सिंह ने आदेश जारी किया है। सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट में रायबरेली जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विपिन सिंह की पेशी मंगलवार को कराई गई। मामले में अदालत ने आरोपी की हिरासत बढ़ाने का फैसला सुनाया। अब विपिन सिंह को 15 अक्टूबर को सुलतानपुर सीजेएम कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### अशफाक हत्याकांड में डॉक्टर का बयान दर्ज

**सुलतानपुर। अमृत विचार :** जगदीशपुर के चर्चित अशफाक हत्याकांड में मंगलवार को को सफाई साक्ष्य के अमेठी के डॉ अंशुमान सिंह का बयान जिला जज जय प्रकाश पांडेय की अदालत में दर्ज किया गया। कोर्ट ने शेष सफाई साक्ष्य के लिए तीन अक्टूबर की तारीख नियत की है। एडीजीसी क्रिमिनल मनोज दूबे ने बताया अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर कला गांव के अशफाक अहमद की जगदीशपुर बाजार में स्थित विजया बैंक के पास 30 जनवरी 2018 को गोली व बम मारकर हत्या कर दी गई थी। रजी अहमद और अन्य घायल हुए थे। मृतक के पिता अंसार अहमद की तरफ से जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह उनके भाई राकेश विक्रम सिंह समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था।

# इसौली विधायक के मामले में पुलिस की क्लीन चिट रिपोर्ट रद

## कोर्ट ने मामले को परिवाद के रूप में दर्ज करने का दिया आदेश

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** इसौली विधायक ताहिर खान समेत सात के खिलाफ 15 साल पूर्व कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुए केस में अंतिम रिपोर्ट पर आपत्ति के बाद दाखिल प्रोटेस्ट याचिका स्वीकार कर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने मामले को परिवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने परिवादी अब्दुल रहमान के बयान दर्ज करने के लिए 14 अक्टूबर की तारीख नियत की, जिसमें वादी अब्दुल रहमान ने 14 जुलाई 2009 को कोर्ट में इरफान गनी खान, मोहम्मद ताहिर खान, अब्दुल कादिर समेत सात के खिलाफ पशु बाजार के लाइसेंस धोखाधड़ी करके प्राप्त करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करने की मांग की थी। मामले में 15 सितंबर 2009 को कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया था। आरोप था कि विधायक मोहम्मद ताहिर खान पशु बाजार का लाइसेंस नाबालिग होने के बावजूद धोखाधड़ी कर प्राप्त कर लिया था। लाइसेंस लेने में तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत व अनुज्ञप्ति लिपिक समेत अन्य आरोपियों की भी मिलीभगत थी। विवेचक द्वारा मामले में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। परंतु वादी ने इसका विरोध करते हुए प्रोटेस्ट दाखिल की। प्रोटेस्ट याचिका में यह भी कहा गया कि आरोपियों ने राजनीतिक और प्रशासनिक प्रभाव का इस्तेमाल किया, जिसके कारण विवेचना निष्पक्ष नहीं रही। कोर्ट ने वादी की दलील सुनने के बाद प्रोटेस्ट याचिका को परिवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने मामले में 14 अक्टूबर को वादी अब्दुल रहमान के बयान के लिए निर्धारित किया है।

- विधायक मोहम्मद ताहिर खान समेत 7 पर 15 साल पूर्व दर्ज कराये गये धोखाधड़ी समेत अन्य आरोप से जुड़ा मामला


दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्तागण।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन आरोपी गिरफ्तार

अखंडनगर, सुलतानपुर

- शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म और हत्या करने का है आरोपी

**अमृत विचारः** कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए। वहीं, गांव निवासी किशोरी को उसी थाना क्षेत्र का एक किशोर बहला फुसलाकर मुंबई लेकर चला गया। सितम्बर माह में जब दोनों घर लौटे तो परिजनों ने लोक लाज की डर से पुलिस से शिकायत नहीं की। कुछ दिन बाद किशोरी अपने प्रेमी के पास लौट आई तो प्रेमी साथियों की मदद से किराये का कमरा लेकर गोसाईंगंज में रहने लगा। इसी बीच किशोरी घर जाने की जिद करने लगी तो प्रेमी ने हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा दिया।

बीते 21 अगस्त को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के वैदहा गांव के समीप नहर की पटरी पर एक किशोरी का शव मिला तो सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया। दूसरे दिन किशोरी की शिनाख्त कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के किशोरी के रूप में हुई। तो पुलिस ने पहले से दर्ज मुकदमें में हत्या की धारा बढ़ाते हुए विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान गोसाईगंज पुलिस को अहम सुराग मिले तो उसने स्थानीय थाना क्षेत्र के मगनगंज निवासी 17 वर्षीय मो. शहंशाह रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान शहंशाह ने बताया कि कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मैनापारा निवासी सलमान उसकी बुआ का लड़का है। 10 सितम्बर को फोन कर उसने कहा कि गोसाईगंज में एक कमरा दिलवा दो। उसने किराये पर कमरा दिलवा दिया। कुछ दिन बाद किशोरी अपने घर जाने की जिद करने लगी तो सलमान 20 सितम्बर को किशोरी को लेकर वैदहा नहर के पास ले आया। जहां पहले से ही सरवर निवासी रतनपुर सिरा गोसाईगंज, सलमान उर्फ अब्बू सेना निवासी दहलवा कूरेभार और मैं पहले से ही मौजूद थे। हम लोगों ने किशोरी से विवाह बनाने की बात कही तो चारों को जेल भिजवाने की धमकी दी। जिससे हम लोगों ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी। सोमवार को हम लोग मुंबई भागने का प्लान बनाये थे। सूचना पर कादीपुर कोतवाल अशोक कुमार सिंह, अखंडनगर एसएचओ श्याम सुंदर, कूरेभार एचएसओ शारदेंदु दूबे, अखंडनगर थाना क्षेत्र के रायपुर सजमपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर तीन व्यक्ति सवार एक बाइक आती दिखी तो पुलिस ने रोकना चाहा। जिस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। बचाव करते हुए पुलिस कर्मियों ने तीनों अभियुक्तों के पैर पर गोली मारते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# स्वच्छता के बाद स्वयं सेवकों ने किया रक्तदान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** गनपत सहाय पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा स्वच्छता एवं रक्तदान महादान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पांडेय 'बजरंगी' ने की। कार्यक्रम में स्वच्छता रैली निकली गई। रैली महिला परिसर सीताकुंड से होते हुए दीवानी चौराहा, तिकोनिया पार्क, डीएम ऑफिस, एसपी ऑफिस, डाकखाना चौराहा, चौक घंटा घर, बस स्टेशन होते हुए महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई।

रैली के दौरान स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं ने स्वच्छता एवं प्लास्टिक उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक किया स्वयंसेवकों ने ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान किया, जिसमें वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आलोक तिवारी के साथ स्वयंसेवक अंबुज तिवारी, कार्तिकेय साहू, योगेश कुमार, शुक्ला राजा निषाद, हरिओम सिंह, आकांक्षा पांडेय आदि ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. विनय कुमार मिश्रा, डॉ. दीपा सिंह, डॉ. शाहनवाज आलम, डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि, डॉ उर्मिला मिश्रा आदि मौजूद रही।

# राहुल गांधी के मानहानि मामले फिर टली सुनवाई

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को परिवादी के वकील संतोष पांडेय की अस्वस्थता के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने परिवादी के साक्ष्य के लिए नौ अक्टूबर की तारीख नियत की है। बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। परिवादी के साक्ष्य में मामले की सुनवाई नियत है।

# पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले में दरोगा तलब, सुनवाई 9 को

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित 12 के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष न्यायालय में मंगलवार को दरोगा आनंद गौतम के न आने के कारण की गवाही टल गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया दरोगा के न आने के कारण जिरह नहीं हो सकी। कोर्ट ने अभियोजन गवाह दोस्तपुर के दरोगा आनंद गौतम व नवाबगंज प्रयागराज में तैनात प्रभारी निरीक्षक अनिल मिश्र को तलब कर सुनवाई के लिए नौ अक्टूबर की तारीख नियत की है। लंभुआ पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व सह आरोपितों पर फरवरी 2022 में दो एफआईआर लंभुआ व कोतवाली देहात थाने में लिखाई गई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन हुआ।

## सार-संक्षेप

### एडीजे ने वृद्धाश्रम का किया दौरा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के तुराब खानी स्थित आनंद भवन वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज/सचिव विजय कुमार गुप्ता ने बुजुर्गों के अधिकारों और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भरण पोषण और वरिष्ठ नागरिकों का अधिकार अधिनियम 2007 के तहत वृद्धाश्रम की स्थापना की गई है। कार्यक्रम में 114 पंजीकृत बुजुर्गों में से 40 महिलाएं शामिल हैं। एडीजे ने भोजन की गुणवत्ता और सुविधाओं की भी जांच की।

### जाम व पत्थरबाजी के बाद 19 छात्र विद्यालय से निष्कासित

**संवाददाता, दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम परसियापारा भक्तिपुर के कक्षा 7 के छात्र लवकुश धुरिया (14) की प्राइवेट बस से कुचल कर मौत के बाद 24 सितंबर को छात्रों और ग्रामीणों ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को लगभग दो घंटे के लिए जाम कर दिया था। पुलिस और क्षेत्राधिकारी विनय गौतम के समझाने पर भी जब भीड़ ने जाम नहीं खोला, तो हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। इससे नाराज लोगों ने पत्थरबाजी की, जिसमें कई लोग घायल हुए और गाड़ियों के शीशे टूट गए। सोमवार को श्री राम देव सिंह इंटर कॉलेज कामतागंज के प्रधानाचार्य इंद्रजीत वर्मा ने अनुशासनहीनता के कारण 19 छात्रों को विद्यालय से कुछ दिन के लिए निष्कासित कर दिया। निष्कासन की सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, उप जिला अधिकारी कादीपुर उत्तम तिवारी, क्षेत्राधिकारी विनय गौतम और थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी को भेजी गई है।

### सेवानिवृत्त एडीओ को दी गई विदाई

**संवाददाता, मोतिगरपुर, सुलतानपुर। अमृत विचार :** विकासखंड कार्यालय में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी चंद्रकांत सिंह को सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को भावभीनी विदाई दी गई। ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आयोजित समारोह में शॉल और स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र त्रिपाठी और अन्य सहकर्मियों ने एडीओ (एसटी) चंद्रकांत सिंह के कार्यकाल की सराहना कर बेहतर भविष्य की कामना की। बीडीओ ने कहा कि सेवानिवृति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। जो सरकारी सेवा में हैं, उन्हें एक न एक दिन सेवानिवृत होना ही है। उनके द्वारा अपने सेवा काल में किए गए कार्य ही उनकी पहचान है तथा उनके द्वारा किए गए कार्य से ही उनकी पहचान लंबे समय तक लोगों के जेहन में रहती है। ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने एडीओ की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। एडीओ (समाज कल्याण) ओम प्रकाश सिंह और उमर अली, सचिव रुचि दूबे व दिनेश सिंह ने कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्य व्यवहार की सरलता अब अखरेगी। इस अवसर पर रविंद्र दूबे, सचिन कुमार, नीतेश सिंह, प्रधान लवकुश सैनी, राम नाईक मौर्य, कपिलदेव यादव ने सेवानिवृत्त एडीओ के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है।

### सेवानिवृत्त सीनियर पोस्ट मास्टर को दी गयी विदाई

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रधान डाकघर के सीनियर पोस्ट मास्टर अशोक शुक्ला बीते 30 सितम्बर को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। अपने वरिष्ठ अधीनस्थ को डाक अधीक्षक हिमांशु कुमार ने राम दरबार का चित्र व दुशाला ओढाकर शुभकामनाएं दी और विदा किया। डाक अधीक्षक ने सेवानिवृत्ति सीनियर पोस्टमास्टर की कार्यशैली की जमकर सराहना की। वहीं डाकघर के अन्य स्टाफ ने भी उन्हें जीवन के नये पड़ाव की बधाई दी। इस मौके पर सहायक डाक अधीक्षक दीपक मौर्य, नजर पंकज तिवारी, वर्तमान पोस्टमास्टर डीपी तिवारी, डाक कर्मचारी मण्डलीय सचिव जेपी सिंह, दिलीप तिवारी, पेशकार विकास सिंह, पूर्व सचिव एसपी यादव, डीपी तिवारी, खजांची सर्वेश, कर्मबीर, एजेंट संजय सिंह अनुचर सचिन आदि मौजूद रहे।

### शिव बारात के साथ ऐतिहासिक रामलीला की शुरुआत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार देर शाम शिव विवाह की शोभायात्रा रामलीला मैदान से निकाली गयी। इसी के साथ पंद्रह दिवसीय रामलीला महोत्सव का आगाज हुआ। यहां अयोध्या से आए कलाकार रामलीला का मनोहारी मंचन करेंगे। श्री रामलीला ट्रस्ट समिति के व्यवस्थापक अनिल कुमार मिश्र ने बताया आगामी पंद्रह दिन तक जिले वासी महोत्सव का आनंद ले सकेंगे। शिव बारात का विभिन्न चौराहों पर भक्तजनों ने स्वागत कर भगवान शिव की आरती उतारी रामलीला ट्रस्ट प्रभारी हरिव्रत मिश्र ने बताया कि शोभायात्रा का प्रारंभ भगवान शिव की आरती के साथ हुआ इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक / मंत्री सुषमा मिश्रा, मुन्नालाल जायसवाल, दिनेश चौरसिया, सौरभ त्रिपाठी, राजदेव शुक्ला, विद्यालय प्रधानाचार्य सतीश त्रिपाठी, शिक्षक बृजेश तिवारी, दीपक प्रकाश तिवारी, ओमप्रकाश गिरी, संजीव कुमार त्रिपाठी, शरद कश्यप, शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, गरिमा सिंह आदि मौजूद रहे। नवागत क्षेत्राधिकारी प्रशांत सिंह व नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह दल बल के साथ व्यवस्था बनाने के लिए मौजूद रहे।


शहर में निकाली गई शिव बारात की झांकी।

# डेली गेट के चुनाव में धांधली का आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर

- 226 लोगों ने दाखिल किया नामांकन पत्र, जांच के दौरान 46 खारिज

**अमृत विचारः** चीनी मिल के डेलीगेट चुनाव में धांधली का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि विपक्ष के पर्चे खारिज कर दिए गए हैं, जिसकी शिकायत सांसद से की गई है। पूर्व में सामूहिक विवाह घोटाले के आरोप झेल रहे समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह को प्रशासन ने चुनाव अधिकारी नामित किया है।

गोसाईंगंज थाना क्षेत्र सैदपुर स्थित किसान सहकारी चीनी मिल के डेलीगेट का चुनाव हो रहा है। 200 डेलीगेट पद है जिस पर 226 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। जांच के दौरान 46 नामांकन अवैध पाए गए थे। जिला प्रशासन द्वारा समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह पर यहां के चुनाव में भारी धांधली का आरोप लगा है। किसान गंगा राम वर्मा ने बताया कि वे किसान मेंबर हैं। हमारे यहां चीनी मिल समिति का चुनाव चल रहा है, उसमें डेलीगेट का नामांकन हुआ था। कल डेलीगेट के वैध और अवैध पर्चो का प्रकाशन होना था। कल शाम 6 बजे तक लिस्ट नहीं लगी, रात में कब लिस्ट लगी पता नहीं। 50 लोगों का पर्चा खारिज कर दिए और कारण भी नहीं बताया गया।

पूछने पर न चीनी मिल का प्रबंध तंत्र सही जवाब दे रहा न चुनाव अधिकारी अमित सिंह सही जवाब दे रहे हैं। सांसद से मुलाकात हुई थी डीएम से मिल कर चुनाव निरस्त कर फिर से चुनाव कराने की तिथि दी जाए। दीपक सिंह ने बताया कि हम लोग चीनी मिल में डेलीगेट चुनाव के लिए पर्चा दाखिल किए थे। जिनका पर्चा वैलिड हुआ है उनकी कल फाइनल सूची लगना था। लेकिन कल ही सारे पर्चे खारिज करके पक्ष के जितने पर्चे हैं उनको वैलिड करके विपक्ष के किसी का नाम नहीं रखा गया। पूरे जिले में 180 के ऊपर सीटें हैं सब निर्विरोध किए गए हैं।

> नामांकन पत्रों की जांच की गई थी जिसमे से 183 नामांकन पत्र सही पाए गए। शेष को निरस्त कर दिया गया है।
>
> –अमित कुमार सिंह
> जिला समाज कल्याण अधिकारी/चुनाव अधिकारी

# शिक्षकों के देयकों का समयबद्ध निस्तारण की कवायद तेज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने चयन वेतनमान पाने वाले शिक्षकों से संबंधित पत्रावलियों के निस्तारण में तेजी दिखाई है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के कुल 71 चयन वेतनमान सम्बन्धी पत्रावलियों को उनके कार्यालय को उपलब्ध कराई गई। पत्रावलियों का परीक्षण गठित दो सदस्यीय जांच समिति की ओर से से किया गया। जांच में कुल 15 पत्रावलियों में आपत्ति का अंकन करते हुए सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए भेजा जा चुका है।

बीएसए ने बताया कि 56 पत्रावलियां नियमानुसार सही पाए जाने पर चयन वेतनमान आदेश निर्गत करते हुए सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी को चयन वेतनमान पत्रावली (मूल सेवा पुस्तिका सहित) मूल रूप में इस निर्देश के साथ प्रत्यावर्तित किया गया है कि उक्त पत्रावली अपने कार्यालय स्तर पर संबंधित के सेवाभिलेखों के साथ ही संरक्षित रखें। साथ ही सम्बन्धित के चयन वेतनमान के आधार पर निर्धारण अंकन एवं परीक्षण करते हुए तत्काल प्रभाव से वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अविलंब भुगतान सम्बन्धी कार्रवाई परी कराएं।

### बीएसए के तरीके को संघ ने सराहा

शिक्षकों के देयकों के समयबद्ध निस्तारण करने के तरीके को प्राथमिक शिक्षक संघ ने सराहा है। प्राशिसं के मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने कहा कि इस तरह समयबद्धता व पारदर्शिता से कार्य करने पर शिक्षकों को भागदौड़ व शोषण से मुक्ति मिलेगी। शिक्षक संगठनों की ओर से लगातार पत्राचार कर देयकों की मांग की जा रही है।

# बाउंड्रीवाल गिराने वाले चार पर केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** नगर पंचायत दोस्तपुर के नयी बाजार देवापुर निवासी हारुन रसीद की की बाउंड्रीवाल को मो. उस्मान, मो. सुलेमान, रिजवान और मो. गुफरान ने एक सप्ताह पहले रात में गिरा दिया।

मंगलवार को हारुन रसीद जब अपनी जमीन पर पहुंचे तो बाउंड्रीवाल टूटी मिली। लोगों से पूछताछ पर चारों के नाम सामने आए। जब हारुन रसीद ने गुफरान और अन्य से पूछताछ की तो उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें दौड़ा लिया। पीड़ित ने थाना पहुंचकर चारों के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दिव्यांगों की सेवा पुनीत कार्य : सांसद

संवाददाता, धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार को टीकर गांव में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडिप योजना के अन्तर्गत सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में 282 लाभार्थियों को सिलिकॉन फोम तकिया स्पाइनल सपोर्ट, नी ब्रेस, सरवाइकल कॉलर लम्बोसैक्रल बेल्ट, छड़ी, समायोजक छड़ी, बैसाखी एक्सिला एडजस्टेबल, चेयर/ स्टूल कमोड, फोल्डिंग व्हील चेयर, फोल्डिंग वॉकर, ट्राईपोड, टेट्रापोड, कान की मशीन व्हील चेयर दिया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद राम भुआल निषाद ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना सच्ची मानव सेवा है। समाज में उनको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सभी को उनका सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक धर्मेश मिश्रा ने कहा कि सरकार का यह प्रयास बहुत ही काबिले तारीफ है। इस बार ओलंपिक में भी दिव्यांगों की टीम ने अपना डंका बजवाया था। मौके पर डॉ. शीतल मिश्रा, खंड विकास अधिकारी विमलेश त्रिपाठी, डाक्टर अरुणेश सिंह, कुलदीप पांडेय, संदीप सिंह, दीपक शर्मा सहित सैकड़ों लोग लोग मौजूद रहे।


धनपतगंज के टीकर गांव में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल देते सांसद रामभुआल।

# क्विज के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत भदैया ब्लॉक में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की क्विज प्रतियोगिता कामतागंज स्थित एसएस कॉन्वेंट में की आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के कुल 138 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम 25 बच्चों को अलग से प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिया गया। पांच ग्रुप निर्मित कर समूह चर्चा के माध्यम से अंतिम पांच छात्रों का चयन किया गया, जिसमें कंपोजिट पखरौली से अर्पित, उच्च प्राथमिक विद्यालय भदैया से प्रियांशी रावत, खानीपुर से अमित, और सत्यम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय अभियाकला से आयुष चौरसिया रहे। विजेता बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय, ब्लॉक मंत्री विपिन यादव, जूनियर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कलहू पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अबूबक्र सिद्धिकी, शक्ति पाठक, विष्णु दुबे, महेश दूबे, अनिल चौरसिया, सतीश पांडे, विज्ञान सिंह, मुनेंद्र मिश्रा, सुनीता यादव आदि मौजूद रहे।

# सभी मिलकर राष्ट्र की उन्नति में अपना अहम योगदान दें : राज्यपाल

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह : राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रदान कीं 58,161 उपाधियां

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार:** प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर का 8वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को कुल 58,161 उपाधियां प्रदान की, जिसमें 36 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 9 डोनर स्वर्ण पकद और 30 पीएचडी उपाधियाँ थी। इसके साथ ही सभी उपाधियों और 187108 अंक-पत्रों को डिजीलॉकर में भी अपलोड किया।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल जी ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने मेडल से वंचित रह जाने वाले विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि निरंतर प्रयास जीवन में चलता रहना चाहिए। कुछ अंक कम प्राप्त होने से हार नहीं होती है। उपाधि एवं मेडल प्राप्त करने में छात्राओं की संख्या अत्यधिक होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा छात्रों को भी आगे बढ़ने के लिए उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर राष्ट्र की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को अगले 10 साल में विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों की सूची बनाकर उसी के अनुरूप निरंतर प्रयास करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू करना चाहिए, जिससे कि अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों को भी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हो सके। समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. वांगचुक दोरजी नेगी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र और समाज का विकास किया जाना हर युवा की जिम्मेदारी है। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा (राज्यमंत्री) रजनी तिवारी ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद छात्र-छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक की तरह अपना आचरण करना चाहिए। कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय प्रो. कविता शाह ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार आदि स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### 45 मेधावी छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सिद्धार्थनगर जिले के कपिलवस्तु स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल पहुंचीं। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षान्त समारोह में 45 मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित करने के लिए निर्धारित था। दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल का स्वागत हुआ और वहीं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गयें। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. व एसपी प्राची सिंह के साथ विधायक श्याम धनी राही, विधायिका सैयदा खातून के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहें। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी से बात करने पर अभिनाश प्रताप सिंह ने मीडिया कर्मियों से बदसलूकी किया। वहीं मीडिया कर्मियों ने बाहर से कवरेज करने की बात कहीं। वहीं पत्रकारों ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आयोजित राज्यपाल के कार्यक्रम का बहिष्कार किया।

### मेजर मुकेश कुमार पीएचडी की उपाधि



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार :** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के आठवें दीक्षान्त समारोह में इस महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक एवं भौतिक विज्ञान के प्रभारी मेजर मुकेश कुमार को सिध्दार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर ने भौतिक विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। डॉ. मुकेश कुमार ने अपनी डाक्टरेट की डिग्री एमएलके कालेज बलरामपुर के भौतिक विज्ञान के प्रभारी प्रोफेसर अरविन्द कुमार द्विवेदी के कुशल निर्देशन में पूरा किया। इसी प्रकार शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर के रसायन विज्ञान विभाग के वरिष्ठ शिक्षक एवं प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने अपनी पीएचडी की डिग्री सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर से ही सफलतापूर्वक प्राप्त किया। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने अपनी पीएचडी की डिग्री एमएलके कालेज बलरामपुर के पूर्व प्राचार्य, पूर्व डीन सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर एवं प्रभारी रसायन शास्त्र विभाग प्रो. आरके सिंह के कुशल निर्देशन में पूरा किया। आज सम्पन्न हुए आठवें दीक्षान्त समारोह में दोनों वरिष्ठ शिक्षकों के डिग्री अवार्ड होने पर शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर के यशस्वी प्राचार्य प्रो. अरविन्द कुमार सिंह एवं शिक्षक डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. रामकिशोर सिंह, डॉ. अजय सिंह, डॉ. एके सिंह आदि ने शुभकामनायें प्रेषित किया।

## सार-संक्षेप

### फीस न जमा करने पर बच्चों को धूप में खड़े रहने की सजा

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** विकास खण्ड खुनियांव के ग्राम बरगदवा स्थित एक निजी विद्यालय में फीस न जमा कर पाने पर स्कूल के ज़िम्मेदरों द्वारा दर्जनों बच्चों को इस कड़ी धूप में विद्यालय के बाहर बैठे रहने की सज़ा दी गई। मंगलवार को घटी इस निर्मम घटना की जानकारी पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की बात कही है। घटना का वीडियो भी पूरे जिले में वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि बरगदवा स्थित श्यामराजी विद्यालय में पढ़ने वाले कई दर्जन बच्चों की फीस जाना नहीं हो पाई थी। इस वजह से विद्यालय प्रबंधन ने लगभग 50 बच्चों को विद्यालय के बाहर सड़क पर बैठा दिया। वायरल वीडियो में कई बच्चे ऐसे नजर आए जिनकी आंख में आंसू थे और वे अपना सिर झुकाए बैठे थे। बच्चों के मुताबिक मंगलवार को जब वे सब स्कूल गए तो उन्हें गेट के बाहर कर दिया गया। प्राथमिक स्कूल के इन मासूम बच्चों के साथ इस अमानवीय व्यवहार की चारों तरफ निंदा हो रही है। इस बारे में इटवा के थानाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने कहा है कि विडियो के बारे में प्रिंसपल से आवश्यक जानकारी ली जा रही है। जबकि विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेष कुमार त्रिपाठी का कहना है कि बच्चों की फीस अधिक बकाया हो गई थी। सख्ती के लिए बच्चों को बाहर बैठाकर वीडियो स्कूल ग्रुप में डाला गया था। इस बारे में खुनियांव ब्लॉक के बीईओ ओम प्रकाश मिश्र ने कहना है कि इन्हें बच्चों के सज़ा सम्बन्धी वीडियो के बारे में पता चला है। यह पूरी तरह गलत और अमानवीय है। वह खुद ही मौके पर जाकर घटना की जांच-पड़ताल करेंगे, इसके बाद पूरी रिपोर्ट बेसिक शिक्षाधिकारी को प्रेषित की जाएगी।

### 'स्वच्छता पखवाड़ा' की हुई शुरुआत



**संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार :** भारतीय रेल पर 1 से 15 अक्टूबर तक मनाये जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के अन्तर्गत मंगलवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने रेलभवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी क्षेत्रीय रेलों, मंडलों, उत्पादन इकाइयों इत्यादि के महाप्रबन्धकों, मंडल रेल प्रबन्धकों, प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को स्वच्छता के प्रति संकल्पित रहने की शपथ दिलाते हुये 'स्वच्छता पखवाड़ा' की शुरुआत की। इसी क्रम में, महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष ने महाप्रबन्धक सभाकक्ष, गोरखपुर में स्वच्छता शपथ ली। इस स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के दौरान प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबन्धक, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी अपना योगदान देंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### स्वच्छता अभियान के लिए दिलाई शपथ

**संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे पर 'स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को मुख्यालय एवं मंडलों पर स्वच्छता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही मुख्यालय, गोरखपुर तथा तीनों मंडलों में 01 से 15 अक्टूबर, 2024 तक मनाये जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा-2024 की शुरुआत स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान के साथ की गई। इसी प्रकार, स्वच्छता ही सेवा तथा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबन्धक/लखनऊ आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' के तहत स्वच्छता शपथ, प्रभात फेरी, जन संवाद, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया गया। साथ ही गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, लखनऊ जं. सहित अन्य स्टेशनों तथा गोंडा एवं ऐशबाग डिपो, कॉलोनियों एवं मंडलीय चिकित्सालयों में स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई। विभिन्न स्टेशनों पर गहन साफ-सफाई की गई। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## शिवांगी को मिला स्व. कमाल यूसुफ मलिक स्मृति स्वर्ण पदक

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के परिसर में मंगलवार को आयोजित आठवें दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश आनन्दीबेन पटेल द्वारा स्नातकोत्तर राजनीति शास्त्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सोनपति देवी महिला महाविद्यालय महराजगंज की छात्रा कुमारी शिवांगी मिश्रा को स्व. कमाल यूसुफ मलिक स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

स्व. कमाल यूसुफ मलिक जो सिद्धार्थनगर जनपद की डुमरियागंज विधानसभा से 5 बार विधायक, प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश की विधानसभा एवं सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए जनपद सिद्धार्थनगर में शिक्षा के स्तर के पिछड़ेपन को देखते हुए शिक्षा के उत्थान के लिए कई शिक्षण संस्थाओं की स्थापना कराई। स्नातकोत्तर राजनीति शास्त्र में सर्वाधिक अंक मिलने पर महराजगंज की छात्रा कुमारी शिवांगी मिश्रा को पदक प्रदान किये जाने पर मौलाना आज़ाद पीजी कालेज एवं मौलाना आज़ाद इण्टर कालेज के प्रबन्धक मलिक इकबाल यूसुफ, प्राचार्य डॉ. अखलाक हुसैन, इरफान मलिक ने बधाई दी।

## जनता दर्शन में सीएम ने सुनीं फरियाद

संवाददाता, गोरखपुर



जनता दर्शन में लोगों से मिलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार:** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी लोगों से मुलाकात और उनकी समस्या के समाधान का सिलसिला जारी रखा। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति की समस्या के समाधान में देरी नही होनी चाहिए। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे जल्द से जल्द जनता की समस्याओं का समाधान करें।

सोमवार को सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया।

सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का निस्तारण अवश्य कराया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं बच्चों के साथ पहुंची थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को खूब प्यार-दुलार किया। उन्हें चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया।

## जनता की सुविधा के लिए चलेगी त्योहार विशेष ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 04044 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी आनन्द विहार टर्मिनस से संशोधित तिथि 26 एवं 29 अक्टूबर तथा 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23 एवं 26 नवम्बर, 2024 प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को तथा 04043 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 27 एवं 30 अक्टूबर तथा 03, 06, 10, 13, 17, 20, 24 एवं 27 नवम्बर, 2024 प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को गोरखपुर से चलाई जायेगी। 04044 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 26 एवं 29 अक्टूबर तथा 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23 एवं 26 नवम्बर, 2024 प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 23.15 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 23.47 बजे, बस्ती से 12.50 बजे छूटकर गोरखपुर 14.00 बजे पहुंचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



## वृद्धाश्रम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

संतकबीरनगर, अमृत विचार। समाज कल्याण विभाग से अनुदानित किसान सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम सियरासांथा में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायिक अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव रहे। मुख्य अतिथियों ने बृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों को संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया वस्त्र देकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष अतुल कुमार शुक्ल ने मौजूद सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# कोई नई परंपरा नहीं होगी मान्य : डीएम

## नवरात्र व दशहरा को लेकर कुशीनगर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** जिले में नवरात्र व विजयादशमी त्योहार को लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार सिंह की उपस्थिति में समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, धर्मगुरुओं व जिले समाजसेवी लोगों के साथ बैठक की गई। बैठक में आगामी त्यौहार नवरात्र विजय दशमी दशहरा के मौके पर प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर साफ सफाई, उचित प्रकाश की व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। विसर्जन स्थलों, पंडाल स्थापना के समय आने वाली समस्या , विवादित स्थानों तथा संवेदनशील स्थानों पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारीयों को नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे साफ सफाई कराने, जर्जर तारों को ठीक कराने एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर किसी प्रकार की नई परम्परा की शुरुआत नही की जाएगी। उन्होंने पंडाल निर्माताओं से कहा की विवादित स्थलों पर पंडाल न लगाए, हाई टेंशन तारों, विद्युत पोलो के आसपास पंडाल कतई न लगाए। शासन के निर्देश का शतप्रतिशत पालन करते हुए नवरात्र में पंडाल व विसर्जन करे।शांति व्यवस्था व सौहार्द्रता बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा की सभी अधिकारी भ्रमण कर निरीक्षण कर लें। सोशल मीडिया द्वारा अफवाहों पर ध्यान न दिए जाने की बात कही गई तथा पंडाल बनाने से लेकर विसर्जन तक शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देश दिए गए। आवश्यतानुसार पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।



कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक करते जिलाधिकारी।

### शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनायें लोग : जिलाधिकारी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को दुर्गा पूजा, दशहरा समेत आगामी तमाम त्योहारों को शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश और मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए बिजली, पानी, साफ-सफाई जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उधर, शांति समिति के पदाधिकारियों औरदुर्गापूजा कमेटियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने नवरात्रिदुर्गापूजाके दौरान चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा की त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए यद्यपि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी, फिर भी उन्होंने स्थानीय लोगों से इस व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित किसी भी आशंका की स्थिति में वे स्थानीय पुलिस चौकी, थाने अथवा सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### एक नजर

#### स्वच्छता रैली के माध्यम से किया गया जागरूक

**कुशीनगर,अमृत विचार :** प्रकृति इन्टरनेशनल स्कूल खोड्डा द्वारा विगत एक सप्ताह से चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान का समापन रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक सोनल श्रीवास्तव एवं प्राचार्य रविकान्त पटेल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली स्वच्छ भारत, एक भारत, स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है जैसे प्रेरक स्लोगन को साथ तिनहवा बाजार, खोड्डा, लोहझार, मिश्रौली, कोटवा एवं महुइ होते हुये विद्यालय आकर समाप्त हुई।

#### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कुशीनगर,अमृत विचार :** हाटा कोतवाली क्षेत्र के टिकरी निवासी धर्मराज यादव पुत्र रामकेवल उम्र 32 वर्ष जो हाटा से टिकरी जा रहा था।इसी दौरान गोरखपुर चौराहे पर एक ट्रक के चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया व युवक को शव को पीएम हेतु भेज दिया। युवक की 6 माह की बेटी है। युवक की मौत की सूचना से कोहराम मच गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# टैबलेट मिला तो खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** स्वर्गीय पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी की पावन स्मृति में मंगलवार को जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद में कक्षा 11वीं के 250 बच्चों में निःशुल्क टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे खलीलाबाद के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर ओ.पी. पाण्डेय, एसआर इंटरनेशनल एकेडमी के निदेशक और नाथनगर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के साथ विद्यालय के प्रबंधक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने निदेशिका सविता चतुर्वेदी और प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव के साथ छात्र-छात्राओं में निःशुल्क टेबलेट वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत गाते हुए किया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार ने फूल, गुलदस्ता और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। टैबलेट पाकर जहां छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे वहीं छात्र-छात्राओं ने कहा कि विद्यालय परिवार हमेशा समय-समय पर हर एक्टिविटी करते हुए हम लोगों को आगे बढ़ाने का काम करता है। टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रबंध तंत्र के प्रति आभार व्यक्त किया। मौजूद छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने कहा कि छात्र-छात्राओं को हाईटेक और अत्याधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय परिवार का यह कदम बेहद सराहनीय है। छात्र-छात्राएं बेहतर शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने अभिभावकों और विद्यालय परिवार का मान बढ़ाएं यही शुभकामना है। प्रोफेसर ओ.पी. पाण्डेय ने कहा कि सूर्या परिवार लगातार हर माध्यम से छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। हर क्षेत्र में सूर्या परिवार का दबदबा कायम है। छात्र-छात्राएं ऐसे ही विद्यालय परिवार का नाम रोशन करते रहें यही शुभकामना है। विद्यालय के प्रबंधक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ हर विधा में आगे बढ़ाने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में और आगे बढ़ें इसके लिए लगातार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निःशुल्क टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आज 250 छात्र-छात्राओं में निःशुल्क टेबलेट वितरित किया गया है। ये टैबलेट बच्चों को तकनीकी शिक्षा हासिल करने में काफी सहायक सिद्ध होंगे और इंटरनेट के माध्यम से बच्चे दुनिया के नामी गिरामी शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि कोरोना काल में आनलाइन शिक्षा के महत्व का पता लगा। सूर्या संस्थान के सभी शिक्षकों ने आनलाइन शिक्षा प्रदान कर छात्र छात्राओं का कोर्स पूरा कराया था। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रबंधक डॉक्टर उदय प्रताप चतुर्वेदी ने सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं को के प्रति आभार ज्ञापित किया।



टैबलेट मिलने पर खुशी का इजहार करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार प्रतियोगिता संपन्न

**सेमरियावां, संतकबीरनगर।** खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता जूनियर हाईस्कूल सेमरियावां में सम्पन्न हुई।इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी 12 न्याय पंचायतों में स्थित 62 जूनियर हाईस्कूलों के 186 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।विद्यालय स्तर पर चयनित 186 प्रतिभागियों को परीक्षा के बाद प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहन हेतु सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया। उधर, ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह की निगरानी में शिक्षकों ने उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया। जिसमे ब्लॉक के 5 बच्चे टॉपर घोषित किए गए। जिसमे सचिन कुमार संविलियन विद्यालय असनहरा, दिव्य राम जूनियर हाईस्कूल उमिला, विष्णु कुमार जूनियर हाईस्कूल रक्सा देवई, सिमरन और आनंद कुमार संविलियन विद्यालय बाघनगर टापर घोषित हुए।

### सार-संक्षेप

#### महेश शुक्ला को मिला राज्य मंत्री का दर्जा



**बस्ती,अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शुक्ला को गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष पद दायित्व मिला है।राज्यपाल कि संस्तुति पर प्रदेश सरकार द्वारा शुक्ला को नामित किया गया है।90के दशक में विद्यार्थी परिषद से जुड़ कर महेश शुक्ला ने राजनैतिक पारी कि शुरुवात कि थी। 1992 के राम मंदिर आंदोलन में भी शुक्ल ने महती भूमिका का निर्वहन किया। ओजस्वी वक्ता व कुशल नेता के रूप में इनकी पहचान पार्टी में होने लगी। परिणाम रहा कि इन्हे पार्टी ने इन वर्षों में संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य करने का अवसर दिया।भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रहे स्वतंत्र देव सिंह के कार्यकाल में श्री शुक्ल भाजयुमो के जिलाध्यक्ष का दायित्व निभाया। इनके मेहनती तेवर से प्रभावित पार्टी नेतृत्व ने इन्हे अन्य प्रांतों में भी सांगठनिक कार्यों कि जिम्मेदारी दी। 2019 से 23 तक पार्टी का जिलाध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण पद भी संभाला। जनपद में घट रहे पार्टी के जनाधार को बढ़ाने व आगामी विधान सभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर प्रदेश नेतृत्व ने श्री शुक्ल को राज्य मंत्री का दर्जा दिया है। श्री शुक्ला को राज्यमंत्री बनाए जाने पर पूर्व सांसद व असम प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष गण प्रेम सागर तिवारी,सुशील सिंह,प्रमुख संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यशकांत सिंह,पूर्व विधायक रवि सोनकर,रविंद्र गौतम,राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष रूधौली विजय तिवारी ,चंद्रभान गुप्ता, राम निवास गिरी समेत तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

#### रक्तदान दिवस पर शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान



**कुशीनगर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर कुशीनगर ब्लड बैंक द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ब्लड बैंक संचालक राजीव तिवारी ने सभी रक्तदाताओ को धन्यवाद दिया और कहा कि किसी भी आपातकाल या प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु रक्तदान कि अवशयकता पड़ती है। ऐसे रोगियों का इन रक्तदाताओं के बल पर ही ब्लड बैंक इनकी मदद कर पाता है। कार्यक्रम में पप्पू गुप्ता, धर्मेंद्र शर्मा, समशाद आलम, राज कुमार गुप्ता, आनंद कुमार सिंह सहित 25 लोगो ने रक्तदान किया

#### विधायक बने सार्वजनिक उपक्रम व निगम संयुक्त समिति के सदस्य

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र खलीलाबाद के भाजपा विधायक अंकुर तिवारी को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति का सदस्य नामित किया है। इनके सदस्य नामित होने से क्षेत्र में और भाजपाइयों में खुशी की लहर है। पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी को क्षेत्र में विकास पुरुष और हेल्पिंग हैंड के नाम से पहचाना जाता है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सदस्य जैसी बड़ी जिम्मेदारी देकर एक और आयाम स्थापित करने का अवसर प्रदान किया है। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि भाजपा के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हर विधानसभा सदस्य का यह उत्तरदायित्व है कि जनता के हित और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करे। इस मनोनयन के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के प्रति आभार जताया है। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी को बधाई देने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र मिश्र, अमर राय, नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह 'जज्जी', कन्हैया लाल वर्मा, मुरलीधर जायसवाल, अनीश ओझा, शिवम शुक्ला, अमित चतुर्वेदी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष भोला अग्रहरि, उमेश तिवारी आदि शामिल हैं।



## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोसोना स्टैंडर्ड | 77,750 |
| सोना रवा | 77,900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,300 |
| चांदी (999) | 92,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करेगी सरकार

## जीएसटी मुनाफा रोधी व्यवस्था एक अप्रैल 2025 से नहीं रहेगी प्रभावी

- जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों की शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी मुनाफा-रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी नहीं रहेगी। सरकार ने जीएसटी कानून में मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करने को अधिसूचित की है। अधिसूचना का मतलब है कि उपभोक्ता एक अप्रैल, 2025 से जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे।

सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक और अधिसूचना में कहा कि साथ ही एक अक्टूबर से मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों के तहत सभी लंबित शिकायतों का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के बजाय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की प्रधान पीठ निपटान करेगी। ये अधिसूचनाएं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुरूप हैं। परिषद ने 22 जून को 53वीं बैठक में मुनाफाखोरी-रोधी उपबंध खत्म करने तथा मुनाफाखोरी-रोधी मामले जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ द्वारा देखने के लिए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 171 और धारा 109 में संशोधन करने की सिफारिश की थी।

### सकल जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सितंबर महीने में सकल संग्रह सालाना आधार पर 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल की समान अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रहा था। अगस्त, 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ था। सितंबर में घरेलू कर राजस्व 5.9% बढ़कर 1.27 लाख करोड़ हो गया। वहीं माल के आयात से प्राप्त राजस्व 8% बढ़कर 45,390 करोड़ हो गया। आलोच्य अवधि में जीएसटी विभाग की तरफ से 20,458 करोड़ के रिफंड जारी किए गए जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 31% अधिक है। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.53 लाख करोड़ रहा। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9% अधिक है।

# ईटीएफ : निवेश का लचीला और विविधीकृत विकल्प

ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक प्रकार का वित्तीय उत्पाद है जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है। यह निवेशकों को स्टॉक्स, बॉण्डस, या कमोडिटीज के मिश्रण में निवेश करने का अवसर देता है, जिससे वे एक विविधीकृत पोर्टफोलियो बना सकते हैं। ईटीएफ की खासियत यह है कि इसे स्टॉक की तरह किसी भी समय खरीदा और बेचा जा सकता है। इसके साथ ही, यह म्यूचुअल फंड्स की तुलना में कम लागत और अधिक पारदर्शिता प्रदान करता है। हालांकि, ईटीएफ में बाजार जोखिम और ट्रैकिंग एरर जैसे जोखिम होते हैं, जिनका ध्यान निवेशकों को रखना चाहिए। आइये इसके कुछ मुख्य बिन्दुओं पर गौर किया जाए ...

### प्रकार

- **इक्विटी :** ये स्टॉक्स या शेयरों में निवेश करते हैं। इन्हें बाजार के किसी इंडेक्स जैसे निफ्टी या सेंसेक्स के आधार पर डिजाइन किया जाता है।
- **बॉण्ड :** ये सरकारी या कॉर्पोरेट बॉण्ड में निवेश करते हैं।
- **कमोडिटी :** इनका निवेश किसी विशेष कमोडिटी जैसे गोल्ड, सिल्वर या अन्य धातुओं में होता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय :** ये किसी दूसरे देश के शेयरों या इंडेक्स में निवेश करते हैं।

### निवेश के फायदे

- **लिक्विडिटी :** आप इसे बाजार के कामकाजी घंटों के दौरान कभी भी खरीद और बेच सकते हैं।
- **कम लागत :** ईटीएफ में मैनेजमेंट फीस अक्सर म्यूचुअल फंड्स से कम होती है।
- **विविधता :** एक ही ईटीएफ में विभिन्न प्रकार के स्टॉक्स, बॉन्ड्स या कमोडिटी में निवेश किया जा सकता है, जिससे जोखिम कम होता है।



### जोखिम

- **बाजार :** ईटीएफ बाजार में मौजूद कई एसेट्स (स्टॉक्स, बॉण्ड्स, कमोडिटीज़) के प्रदर्शन पर निर्भर होते हैं। अगर बाजार में गिरावट होती है, तो ईटीएफ में भी गिरावट आ सकती है।
- **ट्रैकिंग एरर :** ईटीएफ का उद्देश्य किसी विशेष इंडेक्स या एसेट क्लास को ट्रैक करना होता है, लेकिन कई बार ईटीएफ इंडेक्स से मेल नहीं खा पाता। इसे ट्रैकिंग एरर कहा जाता है। यह इंडेक्स और ईटीएफ में अंतर पैदा करता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ ईटीएफ, विशेष रूप से छोटे या कम लोकप्रिय ईटीएफ, में लिक्विडिटी की कमी होती है। इसका मतलब उन्हें आसानी से खरीदा या बेचा नहीं जा सकता, और ऐसे में आपको वांछित मूल्य पर बिक्री या खरीदने में कठिनाई हो सकती है।
- **कॉन्ट्रैक्ट :** कुछ ईटीएफ (जो डेरिवेटिव्स का प्रयोग करते हैं) में जोखिम होता है कि अगर कोई तीसरा पक्ष अपने अनुबंध को पूरा नहीं कर पाता है, तो ईटीएफ प्रभावित होता है।
- **कर :** कुछ देशों में ईटीएफ से होने वाले लाभ पर टैक्स अलग है, जो निवेशकों के लिए जोखिम हो सकता है।
- **कमोडिटी :** किसी ईटीएफ का आधार कमोडिटी (जैसे सोना या तेल) है, तो इसका मूल्य उनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव पर बदल सकता है।
- **मुद्रा :** यदि ईटीएफ विदेशी एसेट या मार्केट्स में निवेश करता है, तो इस पर मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव का असर पड़ता है।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** कारखाना उत्पादन, बिक्री तथा नए निर्यात ऑर्डर में धीमी वृद्धि से देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में आठ महीने के निचले स्तर पर हैं। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 56.5 रहा, जो अगस्त में 57.5 था। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि गर्मियों में बहुत मजबूत वृद्धि के बाद सितंबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गति धीमी हो गई। उत्पादन तथा नए ऑर्डर की धीमी गति और निर्यात मांग वृद्धि में मंदी विशेष रूप से स्पष्ट रही।

## सेबी एफएंडओ खंड के लिए जल्द उठाएगा कदम

- सरकार से नगर निगम बॉण्ड के ग्राहकों के लिए कर में छूट देने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड के संबंध में जल्द ही कदम उठा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेबी ने सरकार से नगर निगम बॉण्ड के ग्राहकों के लिए कर में छूट देने का आग्रह भी किया है, जो बुनियादी ढांचे के विकास के वित्तपोषण के लिए महत्वपूर्ण है।

नियामक के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने बताया कि नियामक वित्त आयोग के साथ बैठक में नगर निगम बॉण्ड के लिए कर छूट का मामला उठाएगा। कई नगर निगमों ने 1997 से अभी तक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए बॉण्ड के जरिये 2,700 करोड़ जुटाए हैं। एफएंडओ पर भाटिया ने कहा कि सेबी बहुत जल्द एफएंडओ के बारे में कुछ करने जा रहा है।

## क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं : वित्तमंत्री

ईटानगर, एजेंसी



- अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सीतारमण ने दिया सलाह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सलाह दी कि वह राज्य में सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के साथ क्षमता निर्माण के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण को अपनाए। भारतीय स्टेट बैंक के ऋण पहुंच कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अरुणाचल में आज तक एमएसएमई मंत्रालय द्वारा घोषित औद्योगिक क्लस्टर (संकुल) नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पेमा खांडू से अनुरोध करती हूं कि वे राज्य में 20 जीआई-चिह्नित उत्पादों के लिए क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं। छोटे स्थानों पर ऐसे क्लस्टर, मंत्रालय द्वारा घोषित किए जा सकते हैं और ऐसे उद्यमों को वित्तपोषित करने को भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक को जोड़ा जा सकता है। सीतारमण ने कहा कि ऋण पहुंच कार्यक्रम के जरिये पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा, एनआरएलएम-एसएचजी, पीएम सूर्य घर और पीएमईजीपी जैसी योजनाएं शुरू हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैंक ऋण के जरिये लाभ पहुंचाने के लिए 17 योजनाएं शुरू की हैं, जिनके लिए गारंटी की जरूरत नहीं है।

### क्या है क्लस्टर

क्लस्टर उद्यमों का समूह है जो जहां तक संभव हो समीपस्थ क्षेत्र में स्थित होते हैं। यह एक समान तथा समान उत्पादों व सेवाओं का उत्पादन करता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने एमएसई को अधिक प्रतिस्पर्धी और उत्पादक बनाने में मदद करने के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें एमएसई की वृद्धि तथा स्थिरता का समर्थन करने के लिए सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक कर्मचारियों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% रही। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 2.15% थी। श्रम मंत्रालय के अनुसार, अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) इस साल अगस्त में 0.1 अंक घटकर 142.6 अंक रहा। इस साल जुलाई में सीपीआई-आईडब्ल्यू 142.7 था।

इसमें कहा गया है कि मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में सालाना आधार पर 2.44% रही, जबकि अगस्त, 2023 में यह 6.91 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय श्रम ब्यूरो देश के औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण 88 केंद्रों में फैले 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संकलित करता है।



## एक नजर

### दो तस्कर गिरफ्तार, 37 किलो डोडा-चूरा बरामद

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के करेडा थाना क्षेत्र में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की सूचना पर कार से दो तस्करों को गिरफ्तार कर 37 किलो डोडा-चूरा बरामद किया है। पुलिस ने मेघवालों का बास समोखी निवासी राकेश उर्फ रांका उर्फ बिच्छु उर्फ आनंदपाल मेघवाल (22) और बुधाराम उर्फ बुद्धराज विश्नोई (26) को गिरफ्तार किया है।

### टाइटलर की याचिका पर 29 नवंबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह जगदीश टाइटलर की उस याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा जिसमें कांग्रेस नेता ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में उनके खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों के लिए आरोप तय किए जाने को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद टाइटलर के अधिवक्ता से कुछ गवाहों के बयान फाइल करने को कहा जो रिकॉर्ड में नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को तय की।

### बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों को 5,858 करोड़ रुपये जारी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा मोचन कोष से 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ जारी किए हैं। केन्द्र ने महाराष्ट्र को 1,492 करोड़, आंध्र प्रदेश को 1,036 करोड़, असम को 716 करोड़, बिहार को 655.60 करोड़, गुजरात को 600 करोड़, हिमाचल को 189.20 करोड़, केरल को 145.60 करोड़, मणिपुर को 50 करोड़, मिजोरम को 21.60 करोड़, नागालैंड को 19.20 करोड़, सिक्किम को 23.60 करोड़, तेलंगाना को 416.80 करोड़, त्रिपुरा को 25 करोड़ और बंगाल को 468 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

# वांगचुक हिरासत में, अनिश्चितकालीन अनशन शुरू

## लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली की ओर कर रहे थे मार्च

नई दिल्ली, एजेंसी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया जहां उन्हें रखा गया है। इनको उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे।

वांगचुक एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के 120 लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी ने किया था, जो करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर चार साल से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की



दिल्ली चलो पदयात्रा के दौरान पुलिस हिरासत में सोनम वांगचुक।

छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख को लोक सेवा आयोग के साथ शीघ्र भर्ती शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। पुलिस के अनुसार, वांगचुक व अन्य को निषेधाज्ञा के उल्लंघन में हिरासत में लिया गया और उन्हें बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र और अलीपुर सहित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया।

### वांगचुक की हिरासत अलोकतांत्रिक, अस्वीकार्य : विपक्ष

नई दिल्ली। विपक्षी दलों ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा कई अन्य लद्दाख वासियों को हिरासत में लिए जाने की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि इस अलोकतांत्रिक कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे सोनम और लद्दाख के लोगों को हिरासत में लिया जाना अस्वीकार्य है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर कहा कि सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने यह कायरतापूर्ण कार्रवाई की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सोनम वांगचुक की यात्रा को बाधित करके कुछ हासिल नहीं कर सकती। आप नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा कि निहत्थे लोगों से आखिर क्या डर है? दिल्ली आने से कभी किसानों तो कभी लद्दाख के लोगों को रोकते हैं। क्या दिल्ली किसी की बपौती है?

### सोनम को हिरासत में लेने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। सोनम वांगचुक और कई अन्य को हिरासत में लिये जाने के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता के वकील ने मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मामले को सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया। अदालत ने मामले को मंगलवार को सूचीबद्ध करने से इनकार करते हुए इस बात पर सहमति व्यक्त की कि यदि अपराह्न साढ़े तीन बजे तक उसके काम की स्थिति सामान्य होती है तो मामले को तीन अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

# भाजपा ने गरीबों और दलितों की अनदेखी की है : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी



- विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत की जनसभा में कांग्रेस नेता बोले- केंद्र सरकार कुछ अरबपतियों के लिए कर रही काम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर संविधान पर हमला करने, गरीबों और दलितों की अनदेखी करते हुए कुछ अरबपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत में जनसभा को संबोधित किया थे। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकार केवल कुछ बड़े उद्योगपतियों के हितों की सेवा करने के लिए काम कर रही है तथा गरीबों, दलितों, किसानों और युवाओं के कल्याण के लिए कुछ नहीं कर रही।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यहां आते समय एक व्यक्ति ने मुझे रोका। उसने मुझे बताया कि वह एक छोटा सा व्यवसाय चलाता है। उसने कहा कि मोदी और हरियाणा सरकार ने उसे बर्बाद कर दिया। गांधी ने कहा कि जब मैंने उनसे इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि नोटबंदी हुई और गलत जीएसटी लागू किया गया। जब मैंने पूछा कि उन्होंने (सरकार ने) ऐसा क्यों किया तो उसने बताया कि उन्होंने अडाणी और अंबानी की मदद के लिए ऐसा किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हर कोई जानता है कि केंद्र और हरियाणा सरकार दो-तीन अरबपतियों की मदद करने के लिए चल रही है। आपके पास रोजगार के जो भी रास्ते थे, वे बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले छोटे और मध्यम व्यवसाय हरियाणा में रोजगार पैदा करते थे, लेकिन अब ये बंद हो गए हैं। गांधी ने आरोप

## सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को समन जारी

मुंबई, एजेंसी

- नासिक की अदालत ने मानहानि के मामले पर की सुनवाई

महाराष्ट्र के नासिक जिले की एक अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में उन्हें समन जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नासिक, दीपाली परिमल केडुस्कर ने 27 सितंबर को गांधी को इस संबंध में एक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि एक देशभक्त व्यक्ति के खिलाफ दिया गया बयान प्रथम दृष्टया अपमानजनक प्रतीत होता है। गांधी को मामले की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से या अपने कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना होगा, जिस पर अभी निर्णय होना बाकी है। शिकायतकर्ता एक गैर सरकारी संगठन के निदेशक हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने हिंगोली में गांधी द्वारा संबोधित सम्मेलन और 2022 में दिए गए भाषण को सुना और देखा है।

## एनआईए ने बंगाल में 12 जगह पर मारे छापे

**कोलकाता।** एनआईए ने माओवादियों से जुड़े लोगों के कोलकाता समेत प. बंगाल में 12 जगहों पर मंगलवार को एक साथ छापे मारे। सूत्र ने बताया कि दो महिलाओं और उनके सहयोगियों के माओवादियों के साथ कथित संबंधों में दक्षिण कोलकाता के नेताजी नगर इलाके के साथ उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी, बैरकपुर और सोदेपुर, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल और पश्चिम बंगाल के कई अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। इन महिलाओं ने पूर्वी भारत में माओवादी नेटवर्क फैलाने के लिए उन्हें भेजे गए धन का कथित तौर पर इस्तेमाल किया।

## सिद्धारमैया ने धनशोधन के मामले पर सवाल उठाए

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- एमयूडीए में इसके प्रावधान लागू नहीं होते, किस आधार पर ईडी ने किया मामला दर्ज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को ईडी के धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने पर सवाल उठाया और कहा कि मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में इसके प्रावधान लागू नहीं होते। सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे नहीं पता कि यह किस आधार पर धन शोधन का मामला है।

संभवतः आपको भी ऐसा ही लगता होगा। मेरे हिसाब से, यह धन शोधन का मामला नहीं बनता क्योंकि ली गई जमीन के बदले में भूखंड दिया गया था, तो यह धन शोधन का मामला कैसे है? सोमवार को ईडी ने सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। सिद्धारमैया की पत्नी ने सोमवार को एमयूडीए को पत्र लिखकर 14 भूखंडों का स्वामित्व और कब्जा छोड़ने की पेशकश की और कहा कि उनके लिए कोई भी भूखंड उनके पति और मानसिक शांति से बढ़कर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई किसी चीज को छोड़ने का फैसला करता है कि वह विवाद नहीं चाहता, तो यह अपराध या कबूलनामा कैसे हो सकता है?

### लोकायुक्त पुलिस ने भूमि का किया सर्वेक्षण

मैसूरु। भूखंड आवंटन की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने मंगलवार को उस भूमि का सर्वेक्षण किया, जिसके बदले में 14 भूखंड अवैध रूप से सिद्धारमैया की पत्नी को आवंटित हुए थे। भूमि सर्वेक्षण के दौरान विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी, सर्वेक्षक और एमयूडीए के नगर नियोजन सदस्य भी लोकायुक्त टीम के साथ थे।

## टीएमसी नेता घोष की जमानत पर लें निर्णय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोलकाता की विशेष अदालत को टीएमसी नेता कुंतल घोष की जमानत पर शीघ्र निर्णय करने का आदेश दिया। घोष को प. बंगाल स्कूल भर्ती-रिश्वत कांड से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई और ईडी शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहा है। आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कुछ (आरोपी) नेताओं द्वारा 2014 से 2021 के बीच, शिक्षक बनने के आकांक्षियों और राज्य सरकार संचालित स्कूलों के गैर शिक्षण कर्मियों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की गई।

## मां की हत्या कर अंग खाने के दोषी की मौत की सजा बरकरार

मुंबई, एजेंसी

- बंबई हाईकोर्ट ने कहा- ये नरभक्षी है, उम्रकैद दी तो ये यही करेगा

बंबई हाईकोर्ट ने 2017 में मां की हत्या कर अंगों को कथित तौर पर खाने को लेकर कोल्हापुर की अदालत द्वारा दोषी को दी मौत की सजा मंगलवार बरकरार रखी। कोर्ट ने कहा कि यह नरभक्षी है, सुधरने वाला नहीं, अगर उम्रकैद दी तो ये यही करेगा।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि दोषी सुनील कुचकोरवी की फांसी की सजा बरकरार रखी जाती है। दोषी में सुधार की संभावना नहीं है। यह मामला दुर्लभतम श्रेणी का है। दोषी ने न केवल मां की हत्या की, बल्कि उसने उसके शरीर के अंगों - मस्तिष्क, हृदय, यकृत, गुर्दे, आंत को निकाल लिया और उन्हें बर्तन में पका रहा था। उसने उसकी पसलियां पकाई थीं और उसका हृदय पकाने वाला था। पीठ ने कहा कि अगर उसे उम्रकैद दी जाती है, तो वह जेल में भी इसी तरह का अपराध कर सकता है।

## दो अरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज

**बदलापुर मामला**

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न कांड की जांच के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाने पर मंगलवार को एसआईटी से नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि पुलिस, जोआमतौर पर आरोपियों को पकड़ने के लिए किसी भी हद तक चली जाती है, इस मामले में उन्हें गिरफ्तार करने में असमर्थ कैसे है। अदालत ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर कस्बे के स्कूल में चार और पांच साल की दो बच्चियों का एक पुरुष कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी अक्षय शिंदे घटना के बाद गिरफ्तार हुआ था और 23 सितंबर को मुठभेड़ में वह मारा गया।

## हरियाणा में दुष्यंत और चंद्रशेखर के वाहन पर पथराव, मामला दर्ज

जींद (हरियाणा), एजेंसी

जींद जिले के उचाना विधानसभा क्षेत्र में बीती रात को चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और उत्तर प्रदेश के सांसद चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त नेताओं का काफिला रुका था बज यह घटना हुई, तब वाहन में कोई नहीं था। चुनाव प्रचार के लिए जा रहे चौटाला और आजाद की गाड़ी पर कुछ युवकों ने पत्थर फेंके और ध्यान भटकाने के लिए धूल मिट्टी उड़ाई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। दुष्यंत और पुलिस में बहस भी हुई। उचाना सीट से जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव पहुंचा था।

## एक ही मामले के अलग-अलग उल्लेख की परंपरा से सीजेआई चंद्रचूड़ नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- वह अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने तत्काल सुनवाई के लिए एक ही मामले का अलग-अलग वकीलों की ओर से उल्लेख करने की परंपरा की मंगलवार को निंदा बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वह इसकी अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है। कई बार, वकील अपने मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कराने के लिए जोखिम उठाते हैं और अधिवक्ताओं को बदलकर एक ही मामले को बार-बार अलग-अलग तारीखों पर उल्लेखित करवाते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार उल्लेख कराने की इस परंपरा को बंद करें। आप सभी जोखिम मोल लेने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में मेरे पास जो भी थोड़ा बहुत विवेक है, उसका इस्तेमाल कभी भी आपके पक्ष में नहीं किया जाएगा, क्योंकि इस न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।



### दो मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, ढाई दिन के खेल में निकाला नतीजा, अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज

# टेस्ट बना टी-20, बांग्लादेश क्लीन स्वीप



बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज़ की ट्रॉफी लेते रविचंद्रन अश्विन ।>> ● एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश को 7 विकेट से पराजित करके सीरीज 2-0 से जीत ली। टीम इंडिया ने आखिरी 2 दिन के खेल में बड़ा उलटफेर कर दिया। पहले दिन सिर्फ 116 मिनट का ही खेल हो पाया था। दूसरे व तीसरे दिन बारिश के कारण मैच रद रहा था। टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की घरेलू मैदान पर यह 18वीं जीत है। दोनों पारी में अर्द्धशतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जबकि सीरीज में 114 रन बनाने वाले व 11 विकेट लेने वाले आर अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

ग्रीनपार्क में दूसरे टेस्ट में अंतिम दिन मंगलवार को बांग्लादेश दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन से आगे खेलने उतरी। टीम अपने स्कोर में 10 रन ही जोड़ सकी थी कि पहली पारी के शतकवीर मोमिनुल हक को 2 रन पर अश्विन ने राहुल के हाथों कैच आउट कराकर टीम को तीसरी सफलता दिलायी। इसके बाद शदमान खान और कप्तान नजमुल हसन शांतो ने संभलकर खेलते हुए भारत की 52 रनों की लीड को खत्म कर चौथे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। 27.2 ओवर में 91 के स्कोर पर जडेजा ने नजमुल को 19 रनों पर क्लीन बोल्ड चौथा झटका दिया। इसके बाद अर्द्धशतक पूरा कर चुके शदमान आकाशदीप की गेंद पर स्लिप में यशस्वी को कैच थमा बैठे। शदमान ने 101 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 93 रनों पर पांचवां विकेट गिरने के बाद स्कोर में 1 रन ही जुड़ा था कि जडेजा ने लिट्टन दास को एक रन पर क्लीन बोल्ड किया फिर शाकिब अल हसन को 9 रनों पर विकेटकीपर पंत के हाथों कैच आउट दिलवाकर टीम को सातवीं सफलता दिलायी। एक छोर संभाले मुश्तिफिकुर रहीम और मेहंदी हसन मिर्जा ने टीम का स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। बुमराह ने मुश्तिफिकुर को भी क्लीन बोल्ड कर बांग्लादेश की पारी का 146 रनों पर अंत किया। मुश्तिफिकुर ने 37 रन बनाए। खालिद अहमद 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत की तरफ से बुमराह, अश्विन और जडेजा ने 3-3 विकेट झटके वहीं 1 विकेट आकाशदीप को मिला।

दूसरी पारी में 95 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को शुरुआती झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में 18 रनों पर लगा। रोहित 8 रन बनाकर मेहंदी हसन की गेंद पर हसन महमूद को कैच दे बैठे। इसके बाद शुभमन गिल भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 34 रनों पर 2 विकेट गिरने के बाद यशस्वी और विराट ने तेजी से खेलते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। इस दौरान यशस्वी ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन वह 92 के कुल स्कोर पर तैजुल हसन की गेंद पर शाकिब को कैच थमा बैठे। शेष रनों को कोहली और पंत ने 17.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर शानदार जीत दिलाकर सीरीज क्लीन स्वीप की।

## कोहली ने शाकिब को तोहफे में दिया अपना बल्ला

**कानपुर।** भारत के सुपर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ शृंखला में घरेलू टीम के क्लीन स्वीप के बाद मेहमान टीम के जल्द ही संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला तोहफे में दिया। यहां विदेशी सरजमीं पर अपना अंतिम टेस्ट खेलने वाले शाकिब पहले की स्पष्ट कर चुके हैं कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखला में तब तक नहीं खेलेंगे जब तक कि बांग्लादेश की मौजूदा कार्यवाहक सरकार उनके देश से बाहर जाने में किसी तरह की रुकावट नहीं आने का आश्वासन नहीं देती। जीत दर्ज करने के बाद कोहली बांग्लादेश की टीम की ओर बढ़े और बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटर को अपना बल्ला सौंपा। दोनों को एक-दूसरे का अभिवादन करते और हंसते हुए देखा गया जबकि शाकिब ने बल्ले से शैडो ड्राइविंग की।

## यह जादू नहीं अनुभव का उपयोग : बुमराह

**कानपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्वयं को जादूगर कहे जाने पर कानपुर टेस्ट जीतने के बाद कहा कि मैं विशेषण में विश्वास नहीं रखता यह परिस्थितियों के अनुसार अनुभव का उपयोग है। दूसरे टेस्ट मैच में कुल छह विकेट लेने वाले बुमराह ने (स्वयं को जादूगर कहे जाने पर) कहा कि मैं इस तरह के विशेषण में विश्वास नहीं रखता। यह टेस्ट जीत बेहद खास है। ऐसी स्थिति में आप अपने अनुभव का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई की तुलना में यहां जीतना तुलनात्मक तौर पर अलग था। आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं। हमारा लंबा टेस्ट सत्र है विश्वकप के बाद से ब्रेक जरूरी था। अभ्यास भी उतना ही आवश्यक है और यह भी देखना जरूरी था कि इस टेस्ट सत्र के लिए हमारी तैयरी पूरी हो।




## स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी : 233/10**

**भारत पहली पारी: 285/9 (घोषित)**

**बांग्लादेश दूसरी पारी: 146//10** — 47 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान का जायसवाल बो आकाश | 50 | 101 | 10/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमीनुल हक का राहुल बो अश्विन | 2 | 8 | 0/0 |
| नजमुल हुसैन शंटो बो जडेजा | 19 | 37 | 2/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 37 | 63 | 7/0 |
| लिटन दास का पंत बो जडेजा | 1 | 8 | 0/0 |
| शाकिब अल हसन का एवं बो जडेजा | 0 | 2 | 0/0 |
| मेहदी हसन मिराज का पंत बो बुमराह | 9 | 17 | 1/0 |
| ताइजुल इस्लाम पगबाधा बो बुमराह | 0 | 13 | 0/0 |
| खालिद अहमद नाबाद | 5 | 11 | 1/0 |

अतिरिक्त : 9, गेंदबाजी : बुमराह 10-5-17-3, अश्विन 15-3-50-3, आकाश दीप 8-3-20-1, सिराज 4-0-19-0, जडेजा 10-2-34-3

**भारत दूसरी पारी: 98/3** — 17.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का महमूद बो मिराज | 8 | 7 | 1/0 |
| यशस्वी का शाकिब बो ताइजुल | 51 | 45 | 8/1 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो मिराज | 6 | 10 | 1/0 |
| विराट कोहली नाबाद | 29 | 37 | 4/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 4 | 5 | 1/0 |

गेंदबाजी : मिराज 9-0-44-2, शाकिब 3-0-18-0, ताइजुल 5.2-0-36-1

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रा | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंडिया | 11 | 8 | 2 | 1 | 98 | 74.24 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 60 | 55.56 |
| इंग्लैंड | 16 | 8 | 7 | 1 | 81 | 42.19 |
| द. अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 3 | 5 | 0 | 36 | 37.50 |
| बांग्लादेश | 8 | 3 | 5 | 0 | 33 | 34.38 |
| पाकिस्तान | 7 | 2 | 5 | 0 | 16 | 19.05 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

## खेल डायरी

### भारत ने बांग्लादेश को हराया, सैफ अंडर-17 का खिताब

**थिम्पू (भूटान)।** भारत की फुटबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा है। सोमवार रात चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मैच का पहला हाफ बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ग्रुप लीग मैच जैसा ही था। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार हमलावर रहे। वहीं बांग्लादेश के छह खिलाड़ी डिफेंस में लगे रहे। इसके बाद पहले हाफ में खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर से बेहतरीन गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद 95वें मिनट में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ऐसी टीम के खिलाफ गोल करना कभी आसान नहीं होता जोकि रक्षात्मक मानसिकता के साथ मैदान पर उतरी हो। मैच के दौरान केवल एक बार बांग्लादेश भारतीय गोल के करीब पहुंचा। यह ब्रेक पर एक मूव था और गोलमाउथ पर क्रॉस को गोलकीपर सूरज सिंह ने समय रहते रोक दिया।

### रहाणे और सरफराज के अर्धशतकों ने मुंबई को संभाला



**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।** रणजी चैंपियन मुंबई के पहले दिन ही जब तीन विकेट मात्र 37 रन के योग पर गिर गए तो ऐसा लगा कि टीम जल्द ही सिमट जायेगी। लेकिन कप्तान अंजिक्य रहाणे (नाबाद 86) और श्रेयस अय्यर ने शुरुआती झटकों के बाद टीम को संभाल लिया और पहले दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने ईरानी ट्रॉफी के लिए खेले जा रहे मुकाबले में शेष भारत के विरुद्ध चार विकेट खोकर 237 रन बना लिये। शेष भारत के मुकेश कुमार ने 3 विकेट झाटके। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में श्रेयस अय्यर (57 रन) और सरफराज खान ने (नाबाद 54 रन) अर्धशतक जड़े। इकाना स्टेडियम में मंगलवार को गीली आउट फील्ड के चलते पहले दिन 68 ओवर का ही खेल हुआ। मुकेश ने तीन विकेट चटकाये। यश दयाल को एक विकेट मिला।

### संघों को एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड प्रदेश संघों को आधुनिक एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। प्रदेश संघों को भेजे पत्र में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि बेंगलुरू के सेंटर आफ एक्सीलैंस की एक टीम एएमएस के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी देने के लिये जल्दी ही उन तक पहुंचेगी। शाह ने पत्र में लिखा मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई सभी प्रदेश संघों को एएमएस देगा जिसका खर्च बीसीसीआई वहन करेगा। दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन बनने जा रहे शाह ने कहा प्रदेश संघ इससे खिलाड़ियों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाएंगे। एएमएस खिलाड़ियों को जोखिम और तैयारियों पर सूचना देने के साथ कोचों और प्रशासकों को प्रदर्शन अलर्ट, चोटों और फिटनेस पर विश्लेषण और कार्यभार मॉनिटरिंग भी करेगा।

### पार्थ को जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण

**लीमा।** पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोमवार को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन तीन स्वर्ण पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं।

## चैंपियंस लीग में रोनाल्डो के गोल से अल नस्त्र ने अल रेयान को हराया

रियाद, एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्त्र ने सोमवार को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया।

पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्त्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया। ईरान के पर्सेपोलिस और उज्बेकिस्तान के पाख्ताकोर का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।



### बोर्नेमाउथ ने साउथम्पटन को हराया

**बोर्नेमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नेमाउथ ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को यहां साउथम्पटन को 3-1 से हरा दिया। सत्र के छह मैच के बाद भी साउथम्पटन को पहली जीत की तलाश है और टीम एक अंक जुटाकर वोल्वरहैम्पटन के साथ संयुक्त रूप से आखिरी पायदान पर है। बोर्नेमाउथ की ओर से एवनिलसन (17वें मिनट), डेंगो ओउआटारा (32वें मिनट) और एंटोनी सेमेन्यो (39वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा।

## अल्काराज फाइनल में पहुंचे, पेगुला बाहर

बीजिंग, एजेंसी

चीन ओपन



● सबालेंका का विजय अभियान जारी गॉफ से भिड़ेंगी ओसाका

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को यहां रूस के दानिल मेदवेदेव पर सीधे सेट में 7-5, 6-3 से जीत के साथ चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने 88 मिनट में सेमीफाइनल जीतकर मेदवेदेव के खिलाफ अपने जीत-हार के रिकॉर्ड को 6-2 तक पहुंचाया।

फाइनल में अब अल्काराज का मुकाबला गत चैंपियन और शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी यानिक सिनर और चीन के वाइल्ड कार्ड धारक बु युनचाओकेट के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच के विजेता से होगा। इससे पहले महिला वर्ग में पाउला बेडोसा ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली जेसिका पेगुला को 6-4, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर दो खिलाड़ी बेडोसा ने वापसी करते हुए तीसरे नंबर की खिलाड़ी पेगुला को हराया। बेडोसा क्वार्टर फाइनल में चीन की 35 वर्षीय झांग शुआई से भिड़ेंगी जिन्होंने पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराया। रैंकिंग में 595वें स्थान की खिलाड़ी झांग ने लगातार 24 मैच हारने के बाद चीन ओपन में प्रवेश किया था लेकिन उन्होंने इस हफ्ते खेले चार मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया है। वहीं 115वें नंबर की यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा ने भी 14वीं रैंकिंग वाली अन्ना कालिन्स्काया को 7-5, 6-0 से हराकर उलटफेर किया। यूलिया क्वार्टर फाइनल में चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका और छठी रैंकिंग वाली कोको गॉफ के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

वहीं, तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता एरिना सबालेंका ने सोमवार को यहां चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एश्लिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका का सामना अब अमेरिका की मेडिसन कीज से होगा जिन्होंने ब्राजील की बीट्रिस हदाद माइया को 6-3, 6-3 से हराया। प्री क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की नजरें अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ लगातार 15 जीत की बराबरी करने पर होंगी।

## बॉलीवुड हलचल

### रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वेट्टैयन में राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका शामिल हैं।

### वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रवीना टंडन वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करने जा रही है।रवीना टंडन इस शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दिग्गज गायक-अभिनेता तलत अजीज भी एक अहम किरदार निभाएंगे। कहा जा रहा है कि वेबसीरीज डायनेस्टी का निर्देशन साहिल संघा कर रहे हैं। रवीना टंडन इस वेबसीरीज की स्टार कास्ट के साथ अक्टूबर के दूसरे भाग में शूटिंग शुरू करेंगी। इस वेबसीरीज का बड़ा हिस्सा दिल्ली में शूट किए जाने की संभावना है।

### कार्तिक ने असली चैंपियंस के साथ मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने ओलंपिक और पैरालंपिक चैंपियन के साथ जश्न मनाया है। कार्तिक आर्यन ने फिल्म चंदू चैंपियन में मुरलीकांत पेटकर के किरदार को सिल्वर स्क्रीन पर जीवंत कर दिया। हर तरफ से ढ़ेर सारा प्यार और प्रशंसा पाने के बाद कार्तिक ने अपने जबरदस्त परफॉर्मेंस से हमारे पैरालंपिक एथलीटों को सम्मानित किया है। कार्तिक हमेशा इन चैंपियनों की भावना का जश्न मनाते रहे हैं। इसकी झलक तब देखने मिली, जब वे हाल ही में नीता अंबानी द्वारा आयोजित एक खास कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां पहली बार 140 ओलंपियन और पैरालिंपियन एक साथ देखे गए। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो शेयर किया है, जिसमें पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह और प्रीति पाल को उनकी फिल्म चंदू चैंपियन का फेमस डायलॉग चंदू नहीं चैंपियन है मैं बोलते हुए जोश में देखा जा सकता है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है,किसी को कभी कम मत समझना चंदू नहीं चैंपियन है। असली चैंपियंस के साथ। कार्तिक आर्यन, दीवाली पर रिलीज होने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे।

## आईओए कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष के दावों को दिया झूठ करार

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीटी उषा के दावों पर सहदेव ने किया पलटवार कहा- उनके आरोपों का ना कोई सबूत है और ना ही वास्तविक आधार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने आईओए कार्यकारी समिति के सदस्यों के पेरिस ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने के प्रस्ताव पर सहमत नहीं होने के अध्यक्ष पीटी उषा के दावे के लिए उन पर पलटवार करते हुए कहा उनका दावा सरासर झूठ है।

उषा ने सोमवार को कहा था कि यह बेहद चिंताजनक है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे और उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए दिए जाने वाले कोष को रोकने का आरोप लगाया। उषा के दावों का खंडन करते हुए सहदेव ने कहा समिति के सदस्यों के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही पेरिस ओलंपिक 2024 के पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए लिखित में कोई आधिकारिक प्रस्ताव है। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के भी अध्यक्ष सहदेव ने उषा पर आईओए संविधान के अनुसार जिम्मेदारी लेने के बजाय झूठ फैलाने और मनगढ़ंत बातें करने का आरोप लगाया। सहदेव ने कहा हम यह समझ पाने में असफल हैं कि आईओए अध्यक्ष झूठ क्यों फैला रही हैं। कार्यकारी समिति के सदस्यों को नीचा दिखाने के लिए जबकि इसका ना तो कोई सबूत है और ना ही कोई वास्तविक आधार है। उनके प्रयास और प्रस्ताव कुछ और नहीं बल्कि सफेद झूठ हैं जिन्हें अध्यक्ष हर बार मीडिया के सामने मगरमच्छ के आंसू बहाते हुए गढ़ती रहती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा।)

